# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिंदी दैनिक

● आरा ● वर्ष -07 ● अंक - 261 ● रविवार 3 मार्च 2024 ● रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 पृष्ठ ● 12 मूल्य : ● 2 रुपये

## बार-बार पेपर लीक पर तकनीक लगा सकती है रोक...

### अगर सरकार चाहे तो-आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर ने दिए सुझाव

कानपुर (एजेंसी)। देश के कई राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं के पर्चे लीक होने से सकते में आई सरकारों के लिए तकनीक का इस्तेमाल एक समाधान बन सकता है। आईआईटी कानपुर के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल के अनुसार, तकनीकी तौर पर इस समस्या का निपटारा हो सकता है। इसके लिए कई विकल्प हैं, लेकिन निर्भर करता है कि संबंधित



एजेंसी या सरकारें इसमें कितनी रुचि लेती हैं। प्रफेसर अग्रवाल ने बताया कि बीते कुछ वर्षों से आईआईटी के जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम कंप्यूटर सीबीटी पर ही होते हैं। लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इतने बड़ा आधारभूत ढांचा खड़ा करना संभव नहीं है। इसके लिए कुछ विकल्प हैं। एग्जाम के कुछ देर पहले ही कंप्यूटर के जरिए पर्चे भेजे जाएं।

## लालू की भविष्यवाणी-इस बार मोदी नहीं आएंगे

### राहुल को घूमना बंद कर सीटों का बंटवारा करना चाहिए

पटना (एजेंसी)। मैं भविष्यवाणी करता हूं कि इस बार मोदी नहीं आएंगे। इंडिया गठबंधन की ही जीत होगी ये बातें राजद सुप्रीमो लालू यादव ने एक मीडिया इंटरव्यू में कही हैं। बिहार के पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया पर इस इंटरव्यू को शेयर किया है, जहां उन्होंने नीतीश कुमार से लेकर आडवाणी तक पर बात की। नीतिश के पास बार-बार जाने के सवाल पर लालू यादव ने कहा कि नीतिश कुमार के पास हम लोग नहीं जाते बल्कि वही बार-बार आते हैं। अब नीतिश के आने का कोई चांस नहीं है। राहुल की कौन सी कमजोरी है, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनकी कोई कमजोरी नहीं है। वो अपने काम में लगे हैं। राहुल गांधी सभी को साथ लेकर चल रहे हैं। राजद सुप्रीमो ने इंडिया अलायंस को सलाह दी कि अब समय नहीं है, घूमना फिरना बंद कीजिए। सीटों का बंटवारा कर आगे बढ़िए। आडवाणी का रथ रोकने के सवाल पर लालू प्रसाद यादव ने कहा राज रहे या राज जाए इसको (बीजेपी) टॉलरेट नहीं करना है। हमारे संविधान और प्रस्तावना को कोई नुकसान पहुंचाएगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम आडवाणी जी को समझाने दिल्ली तक गए।




## बीजेपी ने फाइनल किए 200 उम्मीदवारों के नाम

### तीन से चार दिन में जारी होगी प्रत्याशियों की पहली सूची

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने तैयारियां तेज कर दी है। पीएम मोदी अभी से चुनावी मोड में नजर आ रहे हैं और विपक्ष पर हमला बोल रहे हैं। इस बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लोकसभा चुनाव का उद्घाटन कर दिया है। सीएम मनोहर ने कहा कि भाजपा की चुनावी तैयारी पूरी है और लगभग 200 प्रत्याशी का चयन हो चुका है। उन्होंने कहा कि तीन से चार दिन में सभी संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों की घोषणा हो जाएगी।



मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस में भगदड़ मची है क्योंकि हाई कमान जबरदस्ती चुनाव लड़ाना चाहती है और नेता चुनाव लड़ना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का तीसरी बार पीएम बनना तय है और इसे कोई नहीं रोक पाएगा। बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन के लिए पीएम मोदी की अध्यक्षता में हाल ही में भाजपा सीईसी की बैठक हुई थी। बैठक गुरुवार रात 10 बजकर 45 मिनट पर शुरू हुई और शुक्रवार तड़के 3 बजकर 15 मिनट पर खत्म हुई। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपीनड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उपस्थित थे।

**गांवों तक पहुंची सुविधाएं**

## बदलने लगी है सूरत

### पक्की सड़कों, बिजली, शौचालय, शुद्ध पेयजल व गैस कनेक्शन ने तैयार की बदलाव की जमीन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक सोच बहुत अरसे से थी-गांवों में शहरी सुविधाएं पहुंचाने की। कई सरकारें आईं और गईं, लेकिन अब जाकर इस आकांक्षा ने स्वरूप लिया। पक्की सड़कें, 20-22 घंटे बिजली, शौचालय, शुद्ध पेयजल, गैस कनेक्शन। बिजली आई तो टीवी, फ्रिज जैसी सुविधा के सामान भी जुटे। सड़कें बनीं तो बड़े शहरों से अस्पताल व कालेज तक पहुंच बढ़ी।

गांव केंद्रित होकर बनाई गई कुछ योजनाओं ने पिछले 10 वर्षों में एक स्थिर बदलाव की जमीन तैयार की है। पिछले कुछ वर्षों में, विशेषकर पंजाब और हरियाणा के किसानों ने कुछ धरना-प्रदर्शन जरूर किए और राजनीतिक बयानबाजी भी होती रही, लेकिन आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि किसानी अब



लाभप्रद होने लगी है। काश कृषि कानून परवान चढ़ पाते तो बदलाव की गति और तेज होती।

**बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट**

## घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे सीएम सिद्धा

### बोले-दोषियों के खिलाफ हम लेंगे सख्त ऐक्शन

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने शनिवार को बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की घटना पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही, उन्होंने विपक्षी भाजपा से इस मामले पर राजनीति नहीं करने का आग्रह किया। सीएम सिद्दरमैया ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए ब्रुकफील्ड अस्पताल का दौरा भी किया। मैसूर में मीडिया को संबोधित करते हुए, कर्नाटक के सीएम ने इस बात पर जोर दिया कि हमले के पीछे के उद्देश्यों को जानने और जिम्मेदार पक्षों की पहचान करने के लिए पहले से एक व्यापक जांच चल रही है। सिद्दरमैया ने कहा, मास्क और टोपी पहने एक व्यक्ति बस में आया, उसने टाइमर सेट किया और विस्फोट कर दिया। डिप्टी सीएम और गृह मंत्री ने कल घटनास्थल का दौरा किया। मैं भी आज अस्पताल और घटनास्थल का दौरा करूंगा। भाजपा नेताओं के इस आरोप पर कि ऐसी घटनाएं अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण के कारण हो रही हैं, सिद्दरमैया ने कहा, उनके समय में भी एक बम फटा था, जब मैंगलोर कुकर बम फटा तो उन्होंने क्या किया।



### जांच के लिए आठ टीमों का गठन

इस बीच, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि विस्फोट की जांच के लिए लगभग सात से आठ टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने कहा, यह एक कम तीव्रता वाला विस्फोट था। एक युवक आया और उसने छोटा बैग रखा, जो एक घंटे बाद फट गया। लगभग 10 लोग घायल हो गए। घटना की जांच के लिए 7-8 टीमें गठित की गई हैं। हम सभी एंगल से मामले की जांच कर रहे हैं।

## हम गायब हो गए थे, अब आपके साथ ही रहेंगे

**● पीएम मोदी के सामने बोले सीएम नीतिश कुमार-अब कहीं नहीं जाऊंगा ● औरंगाबाद में मंच पर माला पहना रहे थे सीएम, हाथ पकड़कर साथ लाए मोदी**

**औरंगाबाद/ बेगूसराय (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी 18 महीने बाद फिर बिहार दौरे पर हैं। पीएम औरंगाबाद पहुंचे जहां मंच पर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान सीएम नीतिश भी उन्हें माला पहना रहे थे, लेकिन पीएम ने उनका हाथ पकड़कर अपने साथ माला के अंदर खड़ा किया। मंच से नीतिश कुमार ने कहा कि मैं कुछ दिन पहले उधर चला गया था, लेकिन अब कहीं नहीं जाऊंगा। पीएम ने बिहार समेत देश की 1.81 लाख करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इससे पहले पीएम गया एयरपोर्ट पहुंचे जहां राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और सीएम नीतिश ने उनका स्वागत किया। यहां से मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के साथ पीएम औरंगाबाद के लिए सेना के हेलीकॉप्टर से रवाना हुए। इससे पहले पीएम मोदी जुलाई 2022 में बिहार आए थे। उस वक्त भी बिहार में एनडीए की ही सरकार थी। एक बार फिर से जब पीएम आ रहे हैं, तब भी यहां



एनडीए की ही सरकार है। महागठबंधन सरकार के दौरान पीएम एक बार भी बिहार नहीं आए थे। 20 महीने बाद बिहार दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित किया। उनके भाषण से पहले मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने मंच से संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने बिहार में केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के लिए आभार जताया। नीतिश ने कहा कि उन्हें खुशी है पीएम मोदी बिहार आए हैं। अब आते-जाते रहेंगे। लाखों की संख्या में लोग पीएम मोदी की रैली में आए हैं। बहुत खुशी हो रही है। रेलवे, पथ निर्माण और नमामि गंगे की महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन होने जा रहा है। नीतिश ने कहा कि आमस से दरभंगा फोरलेन बनाया जा रहा है, जिसमें आमस से रामनगर घाट तक का शिलान्यास किया जा रहा है। दानापुर से बिहटा चार लेन एलिवेटेड रोड की योजना अहम है। हम लगातार इसकी मांग कर रहे थे, इसके बनने से बिहटा से पटना आना-जाना और आसान हो जाएगा। सीएम ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि सब काम तेजी से हो जाए। पटना जिले के दिघवारा के बीच गंगा नदी पर छह लेन पुल का निर्माण बहुत जरूरी है।

## मालदीव की सीमा के पास गरजेंगे राफेल फाइटर जेट

### मुइज्जू को भारी पड़ेगी चीन की गुलामी, ऐक्शन में भारत

**माले (एजेंसी)।** चीन के इशारे पर भारत को आंखें दिखा रहे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को अब करारा जवाब मिलने जा रहा है। भारत मालदीव से मात्र 507 किमी दूरी पर बसे लक्षद्वीप के मिनिकोय में अपने एयर और नेवल बेस आईएनएस जटायु का अगले सप्ताह उद्घाटन करने जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि भारत का यह नेवल बेस अरब सागर में एक तरह से मालदीव का विकल्प है। लक्षद्वीप में भारतीय नौसैनिक अड्डे का निर्माण पूरा होने का मतलब है कि अब जल्द ही राफेल



जैसे भारत के सबसे घातक फाइटर जेट लक्षद्वीप में उतर सकेंगे। यही नहीं भारतीय लड़ाकू विमानों की यह गर्जना मालदीव के मुइज्जू के रास्ते चीन तक सुनाई देगी। इसका असर पूरे पश्चिमी हिंद महासागर में देखा जाएगा। यह वही इलाका है जहां पर चीन के जासूसी जहाज और युद्धपोत पहुंचते रहते हैं और ड्रैगन बहुत तेजी से अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। भारत अगले सप्ताह इस नेवल बेस का उद्घाटन करने जा रहा है जो ठीक उसी समय हो रहा है जब मालदीव से भारतीय सैनिकों का पहला दल वहां से आने वाला है। मुइज्जू के आदेश पर भारतीय सैनिकों को वापस बुलाया जा रहा है। इससे पहले मुइज्जू ने चुनाव प्रचार के दौरान इन सैनिकों के खिलाफ 'इंडिया आउट' कैंपेन चलाया था।

## गौतम गंभीर ने की राजनीतिक जिम्मेदारियां छोड़ने की पेशकश

### भाजपा अध्यक्ष से कहा-क्रिकेट पर फोकस करना चाहता हूं; अभी ईस्ट दिल्ली से सांसद हैं

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली ईस्ट से भाजपा सांसद गौतम गंभीर राजनीतिक जिम्मेदारियां छोड़ना चाहते हैं। गंभीर ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी दी। गंभीर ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को टैग किया है। उन्होंने जेपी नड्डा से रिक्वेस्ट की कि उन्हें राजनीतिक जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया जाए। गंभीर ने राजनीतिक जिम्मेदारियों छोड़ने की वजह भी बताई। लिखा- अब वो अपने क्रिकेट से जुड़े कमिटमेंट्स पूरे करने चाहते हैं। गंभीर ने देश सेवा का मौका देने के लिए पीएम मोदी और अमित शाह का आभार भी जताया। गौतम गंभीर ने 22 मार्च 2019 को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। भाजपा ने उन्हें दो महीने बाद ही 2019 लोकसभा चुनाव में ईस्ट दिल्ली सीट से उम्मीदवार बनाया। गंभीर ने 6 लाख 95 हजार 109 वोट से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी आतिशी और कांग्रेस के अरविंदर सिंह लवली को हराया था।

## विशेष प्लेन से अयोध्या जाएंगे मोहन कैबिनेट के मंत्री

### 4 मार्च को कैबिनेट बैठक के बाद होंगे रवाना, कर्मचारियों को 4 प्रतिशत डीए देने का होगा फैसला

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 मार्च सोमवार को पूरी कैबिनेट के साथ अयोध्या जाएंगे और वहां भगवान राम के बालक रूप के दर्शन करेंगे। इसके पहले मंत्रालय में कैबिनेट बैठक में कर्मचारियों को चार प्रतिशत डीए दिए जाने पर निर्णय लिया जाएगा। इस



बैठक में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता से पहले लिए जाने वाले अन्य जनोपयोगी बिंदुओं पर फैसला लिया जाना है। इसको लेकर विभागों से एजेंडा तैयार कराए जा रहे हैं। अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुई थी। इसके बाद सीएम डॉ यादव ने कहा था कि मार्च में वे पूरी कैबिनेट के साथ भगवान राम के दर्शन करने के लिए जाएंगे।

### चुनाव के दौरान पूर्व सीएम ने भेजा प्रस्ताव, तब से पेंडिंग है डीए

केंद्र सरकार द्वारा जुलाई 2023 से 4 प्रतिशत डीए देने का आदेश जारी किए जाने के बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू रहने के दौरान पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव आयोग से डीए देने की परमीशन मांगी थी। मतदान के पहले मांगी गई इस परमिशन पर तब आयोग ने यह कहकर रोक लगाई थी कि मतदान तक इसे स्थगित रखा जाए। इसके बाद न तो शिवराज सरकार और न ही मोहन यादव सरकार ने इसको लेकर कवायद की और डीए पेंडिंग बना रहा। सरकार कर्मचारियों को साधने की कोशिश में है।

## झारखंड में स्पेनिश टूरिस्ट से 7-8 युवकों ने किया गैंगरेप

### पति के साथ दुमका में टेंट लगाकर सो रही थी, खुद बाइक चलाकर हॉस्पिटल पहुंची

**दुमका (एजेंसी)।** झारखंड के दुमका में शुक्रवार देर रात स्पेन की महिला से गैंगरेप हुआ। वारदात कुरमाहाट इलाके में हुई, स्पेनिश महिला टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थी। महिला की उम्र 30 साल है। महिला दुमका में घूम रही थी। रात होने पर पति के साथ एक खेत में टेंट लगाकर आराम कर थी तभी उसके साथ वारदात हुई। विरोध करने पर आरोपियों ने कपल के साथ मारपीट भी की। गैंगरेप में कुंजी गांव के 7-8 युवक के शामिल होने की बात सामने आई है। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वारदात के बाद महिला खुद बाइक चलाकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। इधर मामला बजट सत्र के आखिरी दिन विधानसभा में भी उठा। बीजेपी विधायक अमित मंडल ने इसे प्रदेश के साथ-साथ देश की बदनामी



बताया। स्पेन से आए पति-पत्नी पहले पाकिस्तान गए थे, वहां से बांग्लादेश होते हुए झारखंड के दुमका पहुंचे थे। महिला अपने पति के साथ बाइक से टूर पर निकली है। दोनों दुमका होते हुए भागलपुर की ओर जा रहे थे, लेकिन रात होने पर हंसडीहा बाजार से पहले एक सुनसान जगह पर टेंट लगाकर सो गए। इसी दौरान आसपास के कुछ युवक वहां पहुंचे और युवकों ने महिला के साथ गैंगरेप और मारपीट की।

**पुलिस ने बताया- महिला के कपड़े खेत में मिले-** पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि रात करीब 10.30 के करीब पुलिस की गश्ती टीम को महिला ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पुलिस ने जब सर्च अभियान चलाया तो अरहर के खेत मे महिला के कपड़े मिले। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला के साथ गैंगरेप की पुष्टि की गई है।

### महिला खुद बाइक चलाकर जांच के लिए अस्पताल पहुंची

सुबह पुलिस घटनास्थल की पड़ताल करने के लिए पहुंची। पुलिस की टीम के साथ फोरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम भी जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंची। उधर, पीड़ित विदेशी महिला खुद बाइक चलाकर दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल जांच के लिए पहुंची। पुलिस की टीम उसे एस्कॉर्ट करके लाई। बीजेपी विधायक अमित मंडल ने बजट सत्र के आखिरी दिन सदन में ये मामला उठाया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच होनी चाहिए। जांच कमेटी बनाने की मांग की है। ऐसी घटना से झारखंड के साथ पूरे देश की बदनामी हुई है। उन्होंने दुमका के एसपी को तत्काल हटाने की मांग की। आरोप लगाया कि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है। मामले को लेकर झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा, यह बहुत दुखद घटना है। मैंने डीजीपी से सुबह ही बात की है। पीड़ित का इलाज होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### गोमतीनगर और गोड्डा के बीच चलेगी नई ट्रेन, गाड़ी हर शुक्रवार और शनिवार को चलेगी

**नालंदा, एजेंसी।** रेलवे ने गोरखपुर-सीवान-हाजीपुर-बरौनी-मुंगेर-सुल्तानगंज-भागलपुर के रास्ते गोमतीनगर और गोड्डा के मध्य एक नई ट्रेन 15090/15089 गोमतीनगर-गोड्डा-गोमतीनगर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का परिचालन करने का निर्णय लिया है। नई ट्रेन का परिचालन गोमतीनगर से 1 मार्च से सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को और गोड्डा से 02 मार्च से सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को होगा।

नई ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 2 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 8 कोच, शयनयान श्रेणी के 6 कोच, साधारण श्रेणी के 4 कोच होंगे।

गाड़ी संख्या 15090 गोमतीनगर-गोड्डा एक्सप्रेस 1 मार्च से शुक्रवार को गोमतीनगर से 15.35 बजे खुलकर शनिवार को 01.53 बजे सोनपुर, 02.05 बजे हाजीपुर, 04.10 बजे बरौनी, 04.38 बजे बेगूसराय रुकते हुए 11.10 बजे गोड्डा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 15089 गोड्डा-गोमतीनगर एक्सप्रेस 02 मार्च से प्रत्येक शनिवार को गोड्डा से 14.10 बजे खुलकर 19.18 बजे बेगूसराय, 19.45 बजे बरौनी, 21.15 बजे हाजीपुर, 21.30 बजे सोनपुर रुकते हुए रविवार को 07.30 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी।

### सात माह बाद किडनैप लड़की बरामद, तीन अपहरणकर्ता गिरफ्तार



**गया, एजेंसी।** गया शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत झीलगंज मोहल्ले से पुलिस ने किडनैप एक लड़की को बरामद किया है। इस दौरान उसके अपहरण में शामिल तीन अपहरणकर्ताओं को मौके से गिरफ्तार भी किया गया है। पकड़े गए तीनों अपहरणकर्ताओं में एक महिला भी शामिल है। वहीं, लड़की के बरामदगी करने के बाद पुलिस 164 का बयान दर्ज कराएगी। घटना में शामिल तीनों आरोपियों को पकड़ने के बाद जेल भेजने की तैयारी में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि 11 जुलाई 23 को एक पीड़ित परिवार कोतवाली थाना को पहुंचा और अपनी बेटी का गलत नीयत से अपहरण कर लेने को लेकर लिखित आवेदन थानाध्यक्ष को दिया। दिए आवेदन में परिजनों ने पुलिस को बताया झीलगंज के रहने वाले सुजल कुमार अपने अन्य सहयोगियों के साथ मेरी बेटी का गलत नीयत से अपहरण कर लिया है। मामले में कोतवाली थाने में 429/23 केस दर्ज किया गया।

एसएसपी आशीष भारती ने घटना को काफ़ी संवेदनशील मानते हुए इस कांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ़्तारी सहित किडनैप लड़की की बरामदी के निर्देश थानाध्यक्ष को दिए। एसएसपी से मिले निर्देशों के बाद कोतवाली थाना के थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा छापेमारी करते हुए इस कांड के मुख्य आरोपी सुजल कुमार पिता संतोष प्रसाद समेत इस कांड में शामिल संतोष प्रसाद पिता श्री बैजनाथ प्रसाद, सहित रीता देवी को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान किडनैप लड़की को सकुशल बरामद किया गया।

# लालू की भविष्यवाणी-इस बार मोदी नहीं आएंगे, राहुल को घूमना बंद कर सीटों का बंटवारा करना चाहिए

**पटना , एजेंसी।** मैं भविष्यवाणी करता हूं कि इस बार मोदी नहीं आएंगे। इंडिया गठबंधन की ही जीत होगी। ये बातें आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने एक मीडिया इंटरव्यू में कही हैं। बिहार के पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया पर इस इंटरव्यू को शेयर किया है, जहां उन्होंने नीतीश कुमार से लेकर आडवाणी तक पर बात की।

नीतीश के पास बार-बार जाने के सवाल पर लालू यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के पास हम लोग नहीं जाते बल्कि वही बार-बार आते हैं। अब नीतीश के आने का कोई चांस नहीं है। राहुल की कौन सी कमजोरी है, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनकी कोई कमजोरी नहीं है। वो अपने काम में लगे हैं। राहुल गांधी सभी को साथ लेकर चल रहे हैं।

राजद सुप्रीमो ने इंडिया अलायंस को सलाह दी कि अब समय नहीं है, घुमना फिरना बंद कीजिए। सीटों का बंटवारा कर आगे बढ़िए।

आडवाणी का रथ रोकने के सवाल पर लालू प्रसाद यादव ने कहा राज रहे या राज जाए इसको (बीजेपी) टॉलरेट नहीं करना है। हमारे संविधान और प्रस्तावना को कोई नुकसान पहुंचाएगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम आडवाणी जी को समझाने दिल्ली तक गए। वे काफी गुर्राए कहा कि कोई माई का लाल है जो दूध पिया है जो हमारे रथ को रोकेगा।



मैंने कहा कि हम नहीं जानते हैं कि आपने अपनी माता जी का दूध पिया है या नहीं या पाउडर का दूध चाट कर रह गए, लेकिन मैंने भैंस का दूध पिया है, और मैं आपको छोड़ूंगा नहीं। मैंने समस्तीपुर में आडवाणी जी को गिरफ्तार कराया। पूरे देश में हलचल हो गई तो हमने उनको गिरफ्तार कराया।

आडवाणी जी को हमने गिरफ्तार किया और उधर वीपी सिंह की सरकार आउट हो गई। उन लोगों ने समर्थन वापसी ले लिया। तो हमने सरकार को गंवाया। बाबरी मस्जिद को बचाने के लिए हमारा प्रयास रहा। कहा कि ऐसा करने के लिए मुझे किसी नेता ने नहीं बोला था, मैंने अपनी मर्जी से किया। मुफ्ती मोहम्मद सईद ने मना किया था। आडवाणी को पीएम तो पहले बनना चाहिए था लेकिन बन गए मोदी। कभी भी नहीं झुके हैं हम न झुकेंगे, कम्युनल फोर्सेज को नस्ते नाबूद करने के बारे में हमेशा सोचते रहते हैं।

लालू यादव ने कहा कि इंडिया अलायंस ही जीतेगा। गठबंधन फिर अपने स्वरूप में आ रहा है। जो निकल गए, वो निकल गए। जनता नहीं निकली है। लोग नहीं निकले हैं। वहीं मीडिया को लेकर पूर्व सीएम ने कहा कि आज की मीडिया डरपोक है। बिकी हुई है। मीडिया के मन में मोदी है।

मैं भविष्यवाणी करता हूं कि मोदी नहीं आएंगे। वहीं ममता बनर्जी के इंडिया गठबंधन से अलग होने के सवाल पर कहा कि ममता जी कहीं नहीं जाएंगी वो हमारे साथ रहेंगी।

आप सबसे ज्यादा किस नेता को पसंद करते हैं इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सोनिया जी काफी उलझी हुई नेता हैं। तेजस्वी और राहुल का भविष्य उज्जवल है।

गांधी मैदान की रैली का मापदंड लालू का गरीब रैला-एक्सपर्ट बोले- जनविश्वास रैली अग्निपरीक्षा, तेजस्वी के राजनीतिक भविष्य को तय करेगी

लालू प्रसाद की छवि रैलियों वाले नेता की रही है। रैलियों से ही लालू प्रसाद ने अपनी बड़ी पहचान बनाई है। रैलियों से ही लालू प्रसाद ने बताया कि उनकी ताकत कैसी है। तब सोशल मीडिया का जमाना भी नहीं था। रैलियां ही मास के बीच अपनी बात कहने का जरिए होती थी। अब सत्ता से बाहर होने के बाद तेजस्वी यादव 3 मार्च की रैली की तैयारी में जुट गए हैं। महागठबंधन की जन विश्वास रैली से पहले तेजस्वी यादव ने बिहार में जन विश्वास यात्रा की। यात्रा के जरिए लोगों को रैली में आने के लिए निमंत्रण दिया।

## दारोगा साहब के चलते बिहार पुलिस की कोर्ट में किरकिरी, वेतन से 8 हजार काटने का आदेश

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जमीन विवाद में जानलेवा हमले के आरोपित शंभू सहनी की अग्रिम जमानत की अर्जी पर सुनवाई में केस डायरी नहीं सौंपने पर मामले के विवेचक और दारोगा के वेतन से आठ हजार रुपये काटने का आदेश दिया गया है। यह आदेश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-11 अंकुर गुप्ता के कोर्ट ने जारी किया है। कोर्ट ने इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक को 15 मार्च तक रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है।

गायघाट के धोबौली गांव के कन्हाई सहनी ने प्राथमिकी कराई थी। इसमें गांव के छोटू सहनी, शंभू सहनी व माला देवी को आरोपित बनाया था। कहा था कि 25 सितंबर 2018 को सम्मिलित पारिवारिक जमीन में लगे गूलर के पेड़ को आरोपित काट रहा था।

उ समें हिस्सा मांगने गए तो आरोपितों ने टेंगारी व पघरिया से वार कर घायल कर दिया। उसे बचाने आई पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों का उपचार श्रीकृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में कराया गया।

वहीं कन्हाई सहनी ने फर्द बयान दर्ज कराया था। इस मामले के आरोपित शंभू सहनी की ओर से 16 अगस्त 2023 को जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की गई। प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने केस डायरी की मांग करते हुए इस अर्जी को सुनवाई के लिए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-11 के कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया। इसपर सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-11 ने कई बार केस डायरी की मांग व स्मार पत्र दिया। बाद में कोर्ट ने विवेचक से स्पष्टीकरण पूछा। विवेचक की ओर से कोई उत्तर नहीं दिया गया।




## बीएन मंडल विश्वविद्यालय में 19 मार्च को सीनेट की बैठक

### राज्यपाल भी होंगे शामिल, वार्षिक बजट होगा पारित

**मधेपुरा, एजेंसी।** भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय की सीनेट का सामान्य वार्षिक अधिवेशन 19 मार्च को होगा। इसमें राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के आने की भी संभावना है। बीएनएमयू के उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि अधिवेशन को लेकर कुलपति प्रो. बीएस झा के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने अधिसूचना जारी कर दी है।

सभी सदस्यों को आमंत्रण दिया गया है और उनसे 7 मार्च तक प्रश्न आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बैठक की प्रस्तावित कार्यसूची में कुलपति द्वारा स्वागत भाषण एवं प्रगति प्रतिवेदन, राज्यपाल सह कुलाधिपति द्वारा अध्यक्षीय अभिभाषण एवं अध्यक्षीय अभिभाषण पर सदस्यों द्वारा चर्चा प्रमुख है।

इसके बाद सीनेट की बैठक में विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23 के अनुमोदन पर विचार, वित्तीय वर्ष 2022-23 के वास्तविक आय-व्यय लेखा प्रतिवेदन के अनुमोदन पर विचार किया जाएगा। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के वार्षिक बजट के अनुमोदन पर विचार तथा पिछले सीनेट की वार्षिक बैठक के पश्चात सम्पन्न विभिन्न प्राधिकारों, निकायों, समितियों के कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार शामिल है।

विभिन्न महाविद्यालयों के संबंधन, नवसंबंधन, दीघीकरण, पद सृजन के अनुमोदन पर भी विचार किया जाएगा। सीनेट सदस्यों से प्राप्त प्रश्नों के उत्तर का अनुमोदन पर विचार किया जाएगा और दिवंगत शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की आत्मा की शांति के लिए शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा।

**6 एवं 12 मार्च को होगी सिंडिकेट की बैठक:** बीएनएमयू में सीनेट की आगामी साधारण वार्षिक बैठक के निमित सिंडिकेट की दो बैठकों की तिथि घोषित कर दी गई हैं। सिंडिकेट की प्रथम बैठक 06 मार्च और दूसरी बैठक 12 मार्च को होगी। कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि दोनों बैठकें कुलपति प्रो. विमलेन्दु शेखर झा की अध्यक्षता में प्रशासनिक परिसर अवस्थित केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में दोपहर 12ः30 बजे से निर्धारित हैं।

## सिलेंडर ब्लास्ट में 7 झुलसे, 4 की हालत नाजुक




**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा में सिलेंडर ब्लास्ट होने से एक ही परिवार के 7 लोग झुलस गए हैं। इसमें एक ही परिवार की 5 महिलाएं और 2 पुरुष समेत 7 लोग झुलसे हैं। इसमें चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर किया गया है। सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिए कोलकाता से आए थे।

**7 फरवरी को होनी थी शादी:** घटना सहरसा जिले के जलई ओपी थानां क्षेत्र के रही टोला गंडोल की है। मिली जानकारी के अनुसार जख्मी गंगाधर चौधरी के पुत्र सुभाष चौधरी की शादी 7 मार्च को होनी थी और 3 मार्च को फलदान था। इसी शादी समारोह को लेकर गंगाधर चौधरी कलकत्ता से शुक्रवार को ही सपरिवार अपने गांव राही टोला गंडोल आये थे। देर शाम घर में रखा हुआ सिलेंडर लीक होने लगा और उसमें आग लग गई। इस घटना में 7 लोग झुलस गए।आनन फानन में परिजनों ने सभी जख्मी को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जिसमें 4 लोगों की स्थिति बेहद नाजुक है। बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया। बांकी तीन जख्मी सदर अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं जख्मी के परिजन मोहन झा की माने तो कुल 7 आदमी जख्मी हुए है। घर में शादी समारोह था सब उसी में आये थे। ये लोग कलकत्ता में रहते थे ।सिलेंडर लीक होने की वजह से आग लग गयी। वहीं सदर अस्पताल पहुंचे सदर एसडीपीओ आलोक कुमार की माने तो प्रथम दृष्टया गैस सिलिंडर ब्लास्ट का मामला है। जांच की जा रही है।

## महिला से 17 लाख ठगी करने वाला गिरफ्तार



**गया, एजेंसी।** गया शहर के रामपुर थाना की पुलिस टीम ने धोखाधड़ी कर 17 लख रुपए ठगी करने के मामले में एक जालसाज को गिरफ़्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी जिले के टिकारी थाना क्षेत्र अंतर्गत मउ ओपी का रहने वाला राजीव कुमार मिश्रा पिता स्वर्गीय किशोर कुमार मिश्रा बताया जा रहा है। पुलिस इसकी गिरफ्तारी करने के बाद इसे थाने लाकर पूछताछ कर रही है। इसके विरुद्ध न्यायालय से भी वारंट निर्गत था। घटना के संबंध में रामपुर थाना के थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया टिकारी के मऊ क्षेत्र से एक जालसाज को गिरफ़्तार किया गया है। पकड़े गए जालसाज पर लाखों रुपए के गबन के मामले में पूर्व से प्राथमिकी रामपुर में दर्ज है। राजीव कुमार मिश्रा नामक आरोपी इस मामले में पकड़ा गया है। इसकी गिरफ्तारी के बाद इसे थाना लाकर जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया पकड़े गए आरोपी राजीव मिश्रा ने रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्री नगर मोहल्ले की रहने वाले बिंदु देवी पति बृजेश दयाल सिंह से ट्रक खरीदने के नाम पर 17 लख रुपए की ठगी कर ली थी। रुपए ठगी करने के बाद यह फरार हो गया था। इस मामले में पीड़िता बिंदु देवी ने 22 जुलाई 22 को रामपुर थाने में 17 लख रुपए ठगी करने को लेकर केस दर्ज कराया था।

## दो बाइक में टक्कर से लगी आग..युवक जिंदा जला-खगड़िया में पति-पत्नी की हालत नाजुक

**खगड़िया, एजेंसी।** बिहार के खगड़िया में दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार जिंदा जल गया। दो बाइक की आमने सामने की टक्कर के बाद दोनों में आग लग गई। एक बाइक पर सवार घायल युवक आग की चपेट में आ गया और जिंदा जलने से उसकी मौत हो गई। जबकि दूसरे बाइक पर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसा शुक्रवार देर शाम जिले के चौथम थाना इलाके के बीपी मंडल सेतु के पास डुमरी घाट पर एनएच 107 पर हुआ। महिला अपने पति के साथ मायके जा रही थी। घटना की जानकारी पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। बाइक पर सवार एक महिला इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई है। उसे स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। महिला की पहचान महेशखूंट थाना क्षेत्र स्थित छोटी झिटकिया गांव निवासी दिलीप पंडित की पुत्री रेशम कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रेशम कुमारी का पति पवन पंडित भी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल है। उसे इलाज के लिए बेगूसराय ले जाया गया है। बताया गया कि रेशम अपने पति के साथ ससुराल से मायके जा रही थी, जबकि जिंदा जलने वाला बाइक सवार युवक चौथम से बेलदौर की तरफ जा रहा था।

## पटना में चला ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 34 टेंपू जब्त

**पटना, एजेंसी।** पटना में ट्रैफिक को सुचारू बनाए रखने के लिए हर दिन ट्रैफिक पुलिस अभियान चला रही है। इसी क्रम में आज पटना ट्रैफिक पुलिस और एच0 एच0 डी0 मशीन से सेक्टर प्रभारी और स्मार्ट सिटी में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरा से 2 पहिया 3 पहिया और 4 पहिया गाड़ियों को मिलाकर कुल 70 गाड़ियों पर 140000 रुपए का चालान काटा। इन दिनों पटना में औसतम ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन मामले में रोज 15 लाख रुपया का चालान काटा जा रहा है। ट्रैफिक एसपी अशोक चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया है कि ट्रैफिक पुलिस ने अलग अलग जगहों पर मरीन ड्राइव, अटल पथ और इंटरसेप्टर वाहन से अलग अलग जुर्म में लोगों का चालान काटा है। साथ ही 49 गाड़ियों को जब्त किया गया है। तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों से कुल 22 वाहनों पर कुल 28000 रुपए का चालान काटा गया। बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों से कुल 38 वाहनों पर कुल 92000 रुपए का चालान काटा गया। बिना ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के से कुल 10 वाहनों से कुल 20000 रुपए का चालान काटा गया।



## बीपीएससी ने फिर निकाली 46000 से अधिक वैकेंसी, इस तारीख से होगा आवेदन, नहीं होगी निगेटिव मार्किंग

**पटना, एजेंसी।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) शिक्षा विभाग तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के 6,061 पद तथा शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षकों के 40 हजार 247 पदों पर नियुक्ति के लिए 11 मार्च से आनलाइन आवेदन स्वीकार करेगा।

आयोग की वेबसाइट पर दोनों श्रेणी के पदों की नियुक्ति प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी अपलोड कर दी गई है। सचिव रविभूषण ने बताया कि दो अप्रैल तक आनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। अभ्यर्थी विज्ञापन से संबंधित सूचना, विवरणी सहित सभी जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट के संपर्क में रहें। आवेदन से पहले वेबसाइट पर दर्ज विस्तृत दिशा-निर्देश का अध्ययन कर लें। त्रुटि में सुधार के लिए अवसर




प्रदान नहीं किए जाएंगे। दोनों श्रेणी में महिलाओं के 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं।

आयोग द्वारा अधिसूचना के अनुसार 2012 या उसके बाद नियुक्त शिक्षकों को आवेदन के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। वहीं, 2012 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए दक्षता परीक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक होगी। सीबीएसई, आइसीएसई तथा बिहार बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए दक्षता परीक्षा या पात्रता परीक्षा का प्रविधान लागू नहीं होगा।

आवेदन के लिए राज्य सरकार के विद्यालय में माध्यमिक शिक्षक के पद पर न्यूनतम आठ वर्ष की लगातार सेवा, सीबीएसई, आइसीएसई व बिहार बोर्ड से स्थायी संबद्धता प्राप्त विद्यालयों में माध्यमिक शिक्षक के पद पर न्यूनतम 12 साल की लगातार सेवा तथा सीबीएसई, आइसीएसई व बिहार बोर्ड से स्थायी संबद्धता प्राप्त विद्यालय में उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर न्यूनतम 10 वर्ष की लगातार सेवा अनिवार्य है। अवधि की गणना योगदान की तिथि अथवा प्रशिक्षण अर्हता प्रापत करने की तिथि, जो बाद की तिथि हो के आधार पर की जाएगी। आयु की गणना एक अगस्त, 2023 से सामान्य श्रेणी के लिए न्यूनतम 31 तथा अधिकतम 47 वर्ष निर्धारित है, अन्य वर्गों के अभ्यर्थियों को उम्र में छूट का प्रविधान है।

## मधुबनी सांसद अशोक यादव सहित 6 लोगों को मिली जमानत, सड़क जाम और पुलिस पर पथराव का यह है मामला

**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार के दरभंगा में सदर थाना क्षेत्र के खूटवारा में वर्ष 2004 में सड़क जाम, पुलिस बल और वाहनों पर पथराव मामले में मधुबनी सांसद अशोक कुमार यादव सहित छह आरोपितों ने कोर्ट में जमानत याचिका के साथ सरेंडर किया।

तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर की अदालत ने जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद सांसद अशोक यादव सहित आरोपितों की जमानत याचिका स्वीकृत कर ली।

घटना 28 अक्टूबर 2004 को हुई थी। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। यह मामला सत्रवाद के विचारण में अभियोजन साक्ष्य के लिए निर्धारित चली आ रही थी।

सांसद के अधिवक्ता शिवशंकर झा पक्षाघात के कारण इलाज करा रहे हैं। इस वजह से सांसद



समेत 20 आरोपितों की समुचित पैरवी कोर्ट में नहीं होने से जमानत रद्द कर दी गई थी।

ऐसी स्थिति में सांसद दूसरे अधिवक्ता पंकज कुमार सिंह के माध्यम से कोर्ट में जमानत याचिका के साथ हाजिर हुए। शुक्रवार को सभी को जमानत मिली । सीतामढ़ी से भाजपा विधायक डॉ मिथिलेश कुमार ने बिहार विधानसभा में विधायक और सांसद के लिए जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा पूर्व की परंपरा के अनुसार जनसमस्याओं का निवारण के लिए समय सुनिश्चित नहीं करने का मुद्दा उठाया।उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के ससमय निष्पादन के लिए जिला पदाधिकारी द्वारा पूर्व की परंपरा के अनुसार मिलने का समय सुनिश्चित कराया जाए। संसदीय कार्य मंत्री ने सदन को बताया कि संसदीय कार्य विभाग द्वारा समय-समय पर मुख्य सचिव के माध्यम से विधायकों एवं जन प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत मुलाकात करने के लिए सप्ताह में एक दिन समय निर्धारित करने का निर्देश दिया गया है। अन्य दिनों में भी सुविधानुसार मुलाकात करने का निर्देश दिया गया है। इधर, संसदीय कार्य विभाग ने पुनः 27 फरवरी की पत्र स्मारित कर निर्देश जारी किया है। विधायक ने कहा कि पूर्व में इस तरह के पत्र जारी किए जाते रहे हैं,लेकिन जब तक जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक समय नही देंगे

## संक्षिप्त समाचार

### वारिस नगर में गोलीबारी को लेकर माफियाओं की कुर्की की तैयारी

**गया।** कोतवाली थाना क्षेत्र के वारिस नगर मोहल्ले में शब-ए-बारात के दिन बालू माफियाओं द्वारा की गई गोलीबारी मामले में पुलिस कड़ी कार्रवाई के एक्शन में आ गई है। पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे बालू माफियाओं के घर कुर्की के लिए कोर्ट में प्रे किया गया है। वरीय अधिकारियों के अनुसार बहुत जल्द कुर्की का वारंट निर्गत हो जाएगा। वारंट निर्गत होते ही चिन्हित बालू माफियाओं के घर कुर्की की कार्रवाई शुरू की जाएगी। सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने बताया कि बालू माफियाओं पर पुलिस कड़ा एक्शन ले रही है। अपनी गिरफ्तारी के डर से कई बालू माफिया ने कोर्ट में सरेंडर किया है। वारिस नगर गोलीकांड के मामले में भी बालू माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शब-ए-बारात के दिन गोलीबारी में शामिल बालू माफियाओं को चिन्हित कर लिया गया है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। उन माफियाओं के फरार रहने को लेकर कोर्ट से कुर्की वारंट की प्रक्रिया चल रही है। कोर्ट का आदेश मिलते ही घटना में शामिल माफियाओं के घर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### पांच फरार अभियुक्तों के घर चस्पाया इश्तहार

**आमस।** आमस थाने की पुलिस ने एक वर्ष पुराना एससी-एसटी मामले के पांच अभियुक्तों के घर शुक्रवार को इश्तहार चस्पा किया। साथ ही तीस दिनों के अंदर जमानत नहीं लेने पर घर की कुर्की-जब्ती की चेतावनी दी गई है। एसआई धध्रू कुमार सिंह ने बताया कि एससी-एसटी मामले के प्राथमिकी अभियुक्त हमजापुर निवासी सद्दाम खान, दानिश, डब्लू, अफरोज व भोलू उर्फ भोला लंबे दिनों से फरार चल रहे हैं।

### नुक्कड़ सभा कर दिया जा रहा रहा रैली में चलने का न्योता

**राजगीर।** पटना में तीन मार्च को होने वाली महा गठबंधन की रैली को लेकर गठबंधन में शामिल पार्टियों के नेताओं द्वारा नुक्कड़ सभा कर लोगों से रैली में शामिल होने का आह्वान किया जा रहा है। इसी क्रम में भाकपा माले के जिला सचिव सुरेन्द्र राम और राजगीर के प्रभारी शत्रुधन कुमार ने नुक्कड़ विभिन्न जगहों पर आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की तानाशाही के खिलाफ 3 मार्च को महा गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ -संविधान बचाओ, जनविश्वास महारैली ऐतिहासिक होगी। राजगीर से भी लोग रैली में बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कमरतोड़ महंगाई, भयंकर बेरोजगारी और नफरत की राजनीति के खिलाफ यह रैली प्रेम, विश्वास, रोजगार और विकास के लिए है। बिहार की जनता लड़ेगी - तानाशाही हारेगी, भाकपा माले के युवा विधायक मनोज मंजिल सहित 23 दलितों एवं गरीबों को एक झूठे मुकदमे में फंसा कर सजा दिला दिया गया। इसके खिलाफ भी लड़ाई तेज की जाएगी। साइदपर, छबीलापुर,गोरीर,राजगी र आदि जगहों पर नुक्कड़ सभा हुई। अशोक कुमार, निरंजन भारती, अजय यादव,उपेन्द्र कुमार, संजय कुमार, विजय सिन्हा,केडी श्रीवास्तव, दीनानाथ दास,रामाशीष कुमार आजाद, श्रीकान्त दास,कपीलदेव दास,उमेश दास आदि ने संबोधित किया।

### मजदूर ने की हत्या के केस में फंसाने की शिकायत

**बिहारशरीफ।** हरनौत के हसनचक गांव निवासी रामवृक्ष पासवान ने शुक्रवार को सीएम व वरीय अधिकारियों को आवेदन भेजकर हत्या के झूठे केस में फंसाने की शिकायत की। आवेदन में मजदूर ने बताया है कि फंसाने निवासी ठेकेदार रामबली उन्हें व 8 अन्य लोगों को काम करने मध्य प्रदेश के मेघनगर बुलाया था। जहां ठेकेदार की हत्या हो गई। जिसके बाद पुलिस हत्या के आरोप में उन्हें व उनके साथियों को जेल भेज दी। 8 माह बाद जमानत मिलने पर वह मध्य प्रदेश से घर लौटे हैं।

### रांची के मामले में वांटेड साइबर फ्रॉड गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** झारखंड पुलिस ने शुक्रवार को नगर थाना पुलिस के सहयोग से नीमगंज मोहल्ला में छापेमारी कर एक साइबर फ्रॉड को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी अशोक कुमार का पुत्र कुमोद कुमार रंजन है। नगर थानाध्यक्ष रामशंकर सिंह ने बताया कि रांची पुलिस साइबर फ्रॉड की तलाश में आई थी। जिसे गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश से अपने साथ ले गई। आरोपी पर रांची में फ्रॉड का केस दर्ज था।

### राशन कार्ड बनवाने में आवेदकों का हर हाल में सहयोग करें अधिकारी



**गया।** जिले में अति विशिष्ट व्यक्तियों के परिभ्रमण को लेकर विधि व्यवस्था व अन्य तैयारी के चलते शुक्रवार को जनता दरबार स्थगित किया गया था। बावजूद इसके दूर दराज से काफी संख्या में लोग पहुंच गए। इसकी जानकारी मिलने के बाद डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने व्यस्ततम समय निकाल कर अपने चैंबर में ही लोगों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में आए हुए लगभग 50 से अधिक व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों आवेदनों की यथाशीघ्र जांच कराते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आवेदकों के कई मामलों में डीएम ने जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी को मामले की जांच करने का जिम्मा दिया। टिकारी अनुमंडल क्षेत्र के कुछ महिला आवेदकों ने राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया, इसपर डीएम ने अनुमंडल पदाधिकारी टिकारी को दूरभाष पर निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र के एमओ द्वारा कैम्प लगाकर राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्राप्त करें। किसी भी व्यक्ति को बेवजह नहीं दौड़ाए। राशन कार्ड बनवाने के लिए, हर हाल में सहयोग करें। विजरसराय के आए अति बुजुर्ग व्यक्ति के मामले को सुनते हुए डीएम ने सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को निर्देश दिया कि अनुमंडल पदाधिकारी नीमचक बथानी से बात कर इस बुजुर्ग व्यक्ति के आपसी घरेलू मामलों को निपटारा करवाएं। साथ ही इन्हें बुजुर्ग व्यक्ति के लिए संचालित योजना के तहत लाभ भी दिलवाएं।

### सब्जी मंडी के आसपास से हटाया गया अतिक्रमण



**परवलपुर।** स्थानीय बाजार में शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। सीओ मोहित सिन्हा ने बताया कि पहले दिन स्थानीय बाजार के सब्जी मंडी के समीप से अतिक्रमण हटाया गया है। उन्होंने बताया सतमुहियां पुल से बेन रोड के बीच और अंदर बाजार से भी अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसकी सूचना अतिक्रमणकारियों को पूर्व में दे दी गयी है। बावजूद इसके एक भी अतिक्रमणकारी द्वारा खुद अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया गया है। प्रत्येक दस दिन पर अतिक्रमण स्थल का निरीक्षण किया जायेगा। हटाए गये जगह पर जो भी दुकानदार पुनः अतिक्रमण करेगा उस पर अतिक्रमण कानून के तहत 2 हजार से 20 हजार तक जुर्माना किया जाएगा।

# हर्ष फायरिंग करने वाला फरार, नर्तकी हुई थी घायल

## शादी समारोह में फायरिंग मामले में फंसे दो समधी, दोनों गिरफ्तार, मामला दर्ज

निज संवाददाता। गया



गया में बीती गुरुवार की रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक होटल में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग और नर्तकी के जख्मी होने के मामले में पुलिस एक्शन में है। पुलिस ने घटना के एक दिन बाद केस दर्ज कर वर और वधू पक्ष के प्रमुख को गिरफ्तार कर लिया है। मसलन लड़की के पिता और लड़के के पिता को गिरफ्तार किया है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि घटना की अगली सुबह ही पुलिस ने दोनों समधी को हिरासत में ले लिया था । साथ ही केस दर्ज करने की तैयारी में जुट गई थी। पुलिस हर्ष फायरिंग करने वाले के फिराक में थी, लेकिन जब किसी भी पक्ष की ओर से हर्ष फायरिंग करने वालों की जानकारी नहीं दी गई तो केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब एक बार से हर्ष फायरिंग करने वाले शख्स की डिटेल जानकारी के लिए दोनों समधी से पूछताछ कर रही है।

**डांसर की सहेलियां भी भाग गईं थीं:** घटना गुरुवार की रात की है। गया नवादा रोड स्थित डीडी पैलेस में शादी समारोह चल रहा था। बार डांसर का कार्यक्रम भी जोरों पर था। करीब ढाई बजे हर्ष फायरिंग की घटना हुई। गोली डांस कर रही बार डांसर को लग गई। वह स्टेज पर ही गिर पड़ी। मौके पर अफरातफरी मच गई। सभी लोग भाग खड़े हुए। यहां तक बार डांसर की सहेलियां भी भाग गईं। कुछ लोग जख्मी पड़ी बार डांसर को आनन-फानन में पटना लेकर निकल गए। होटल में सन्नाटा पसर गया।

**हर्ष फायरिंग करने वालों की तलाश जारी:** इस बीच हर्ष फायरिंग की घटना की सूचना पुलिस को भी लगी। गश्ती दल मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल की। पर उसे किसी ने कुछ खास जानकारी नहीं दी। इस बीच सुबह हुई। पुलिस ने छानबीन शुरू की तो घटना सही पाई गई और लड़की के पिता और लड़के के पिता को हिरासत में ले लिया और उसके बाद उन्हें शुक्रवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। इधर नर्तकी के बाबत कहना है कि डांसर सुरक्षित है। इलाज चल रहा है। इधर थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद का कहना है कि दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है। साथ ही पूरी घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई है। इस मामले में सख्त कार्रवाई का आदेश है। हर्ष फायरिंग करने वालों की तलाश जारी है।

# गोमतीनगर और गोड्डा के बीच चलेगी नई ट्रेन



निज संवाददाता। नालंदा


रेलवे ने गोरखपुर-सीवान-हाजीपुर-बरौनी-मुंगेर-सुल्तानगंज-भागलपुर के रास्ते गोमतीनगर और गोड्डा के मध्य एक नई ट्रेन 15090/15089 गोमतीनगर-गोड्डा-गोमतीनगर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का परिचालन करने का निर्णय लिया है। नई ट्रेन का परिचालन गोमतीनगर से 1 मार्च से सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को और गोड्डा से 02 मार्च से सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को होगा। नई ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 2 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 8 कोच, शयनयान श्रेणी के 6 कोच, साधारण श्रेणी के 4 कोच होंगे।

**ट्रेन की समय सारणी:** गाड़ी संख्या 15090 गोमतीनगर-गोड्डा एक्सप्रेस 1 मार्च से शुक्रवार को गोमतीनगर से 15.35 बजे खुलकर शनिवार को 01.53 बजे सोनपुर, 02.05 बजे हाजीपुर, 04.10 बजे बरौनी, 04.38 बजे बेगूसराय रुकते हुए 11.10 बजे गोड्डा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 15089 गोड्डा-गोमतीनगर एक्सप्रेस 02 मार्च से प्रत्येक शनिवार को गोड्डा से 14.10 बजे खुलकर 19.18 बजे बेगूसराय, 19.45 बजे बरौनी, 21.15 बजे हाजीपुर, 21.30 बजे सोनपुर रुकते हुए रविवार को 07.30 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी।

# 188 जिला मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण पूरा

## 2364 बीएलओ को वोटर पर्ची वितरण, कम्युनिकेशन और प्रशिक्षण का निर्देश, लोकसभा चुनाव की तैयारी

निज संवाददाता। नालंदा




जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने लोकसभा चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पदाधिकारीयों को कई आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा है कि प्रशिक्षण कोषांग की ओर से माइक्रो ऑब्जर्वर,पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, प्रेजाइडिंग 1, 2, 3 एसएसटी/एफएसटी आदि का व्यापक स्तर पर ससमय प्रशिक्षण सुनिश्चित की जाए। सभी 2364 बीएलओ को वोटर पर्ची वितरण, कम्युनिकेशन, संवेदनशील इलाकों के बारे में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए।

**बूथों को लेकर भी दिया निर्देश:** उन्होंने मेडिकल बोर्ड का गठन कर उसे ससमय रेण्डमाईजेशन कराने का भी निर्देश दिया है। एमआईएस, एसएमएस, फोटो आईडेंटिटी कार्ड, पोस्ट वॉलेट, पिंक बूथ, पीडब्ल्यूडी बूथ, आदर्श बूथ आदि बूथों के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए हैं। वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग ने बताया कि 188 जिला मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रकार के प्रशिक्षण का प्रोसीडिंग हर हाल में बनाना सुनिश्चित करें।

# गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से औरंगाबाद जाएंगे पीएम

## 21 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे





निज संवाददाता। गया

पीएम नरेंद्र मोदी गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आएंगे। उनके आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आज शनिवार की दोपहर बाद करीब 1:30 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेना के विशेष विमान से पहुंचेंगे और यहां से हेलीकॉप्टर से औरंगाबाद के लिए सीधे रवाना हो जाएंगे। इस दौरान 21 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। स्वागत के लिएसीएम नीतीश कुमार समेत राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर भी आ रहे हैं। गया पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर चप्पे-चप्पे पर वाहन चेकिंग की जा रही है। सड़क से होकर गुजरने वाले एक-एक वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। होटल और गेस्ट हाउस में भी ठहरने वाले लोगों के बारे में भी जानकारी ली जा रही है। एयरपोर्ट पर एनएसजी और पुलिस के जवान सुरक्षा में लगे हैं।

**सेना के विशेष विमान से आएंगे:** एसएसपी आशीष भारती ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज आगमन गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर है। यहां वे सेना के विशेष विमान से आएंगे। इसके बाद हेलिकॉप्टर से औरंगाबाद में होने वाले कार्यक्रम में जाएंगे। सघन वाहन जांच, होटल व गेस्ट हाउस की जांच समेत सार्वजनिक स्थल जैसे रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

**डेढ़ बजे के करीब पहुंचेंगे पीएम:** पीएम नरेंद्र मोदी डेढ बजे के करीब गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर सेना के विशेष विमान से उतरेंगे। उतरते ही हेलीकॉप्टर पर सवार होकर औरंगाबाद जाएंगे। औरंगाबाद में जीटी रोड के समीप रतनुआ में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# खेत में गला रेत कर महिला की हत्या

## फसल की ढेर के बीच मिली लाश, शाम तक घर न लौटने पर परिजन कर रहे थे तलाश

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में एक महिला की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र के राजगीर-बिहार शरीफ मुख्य मार्ग के सृजन कोल्ड स्टोरेज के समीप की है। घटना का खुलासा शुक्रवार की देर शाम हुई। मृतका की पहचान दीपनगर बाजार निवासी स्व. राजा महतो की (55) वर्षीय पत्नी सुदमिया देवी के रूप में की गई है। मृतका के बेटे ने बताया कि उनकी मां दोपहर में सृजन कोल्ड स्टोरेज के पीछे खेत में काम करने गई थी। जब देर शाम तक वह घर नहीं लौटी तो खोजबीन शुरू की। बावजूद उनका कहीं पता नहीं चल रहा था। खेत में नजदीक जाकर देखा गया तो एक जगह मसूर की फसल की ढेर रखी हुई थी। उसे हटाकर देखा तो खून से लथपथ उसकी मां पड़ी हुई थी। जिसके बाद स्थानीय थाना और परिवार वालों को घटना की जानकारी दी गई।

**1 से अधिक अपराधियों ने वारदात को दिया अंजाम:** हत्या किन कारणों से की गई है इस पर सस्पेंस बना हुआ है। हालांकि जिस प्रकार बदमाशों ने हत्या की घटना को अंजाम दिया है वह पूरी तरह से सुनियोजित लगती है। शाम और एकांत का फायदा उठाकर बदमाशों ने गला रेतकर हत्या कर दी है। परिवार वालों ने आशंका व्यक्त की है कि 1 से अधिक बदमाशों वारदात को अंजाम दिया है।

**हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा:** दीपनगर थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और खून से लथपथ महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमॉर्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व हिंदू परिषद की बैठक आज, तय होंगे एजेंडे, 11 बजे से होगा कार्यक्रम, वर्ष की कार्य योजना की रूपरेखा तय होगी



निज संवाददाता। गया





गया। विश्व हिंदू परिषद प्रांत समिति की बैठक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भुसुंडा में होने जा रही है। बैठक शनिवार और रविवार दो दिनों तक चलेगी। हालांकि बैठक शुक्रवार को भी हुई, पर बैठक में क्या हुआ इसे सार्वजनिक नहीं किया गया। बैठक की बातें समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच ही सिमट कर रह गईं। मीडिया से दूरी बना कर रखी गई। शनिवार को होने वाली बैठक के बाद परिषद के पदाधिकारी अपनी बातें सार्वजनिक करेंगे।

**भूसंडा स्थित राजा मैरिज हॉल में बैठक:** बैठक 2 से 3 मार्च तक भूसंडा स्थित राजा मैरिज हॉल में होनी है। बैठक में विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय संगठन मंत्री मिलिंद परांदे मुख्य रूप से भाग लेंगे। उनके दिशा-निर्देशन में इस वर्ष की कार्य योजना की रूपरेखा तय होगी। केंद्रीय मंत्री अमरीश और केंद्रीय उपाध्यक्ष कामेश्वर चौपाल उपस्थित रहेंगे। 2 मार्च की सुबह 11 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन मिलिंद परांदे की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलित कर किया जाएगा। 3 मार्च को दोपहर 2:00 बजे बैठक का समापन होगा। बैठक में दक्षिण बिहार प्रांत और क्षेत्र के मंत्री परशुराम, वीरेंद्र विमल, आनंद, चितरंजन, महेश व कई पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जानकारी विश्व हिंदू परिषद प्रांत प्रवर्तन प्रमुख दक्षिण बिहार ने दी।

**सफलता व असफलता पर चर्चा होती:** विश्व हिंदू परिषद की बैठक वर्ष में दो बार होती है। पहली बैठक में अगले 6 माह की कार्य योजना तय की जाती है और जिम्मेदारियां तय की जाती है। इसके बाद अगले छह माह बाद दूसरी बैठक होती है। जिसमें योजना के तहत किए कार्यों की सफलता व असफलता पर चर्चा होती है। साथ ही आगे का एजेंडा सेट किया जाता है।

# एमबीए इन हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर मैनेजमेंट के छात्रों को मेदांता देगा इंटर्नशिप

निज संवाददाता। गया



आईआईएम बोधगया हेल्थकेयर इंडस्ट्री में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए लगातार रणनीतिक कदम उठा रहा है और खुद को हेल्थ केयर मैनेजमेंट शिक्षा और अनुसंधान के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए आईआईएम बोधगया ने एमबीए इन हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर मैनेजमेंट (एमबीए- एचएचएम) प्रोग्राम को इंडस्ट्री के अनुरूप बनाने की दिशा में मेदांता (ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। आईआईएम मीडिया सेल के अनुसार, इस एमओयू के तहत मेदांता के विषय विशेषज्ञ छात्रों से महत्वपूर्ण विषयों पर अपना ज्ञान साझा करते हुए, कोर्स डिलीवरी के रूप में वास्तविक जीवन अनुभवों एवं केसों को शामिल करके एचएचएम कोर्स कंटेंट को समृद्ध करेंगे। आईआईएम बोधगया ने मानसिक एवं फिजिकल स्वास्थ्य के साथ ही माइंडफुलनेस में अंतर्निहित अपने मिशन और दृष्टिकोण के अनुरूप, 2023 में कैट परीक्षा के माध्यम से पहले बैच में नामांकित 85 छात्रों के साथ उद्योग विशिष्ट 2-वर्षीय पूर्णकालिक एमबीए- हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर मैनेजमेंट (एमबीए- एचएचएम) प्रोग्राम शुरू किया। एमबीए- एचएचएम कोर्स को इस तरह से डिजाइन किया गया कि यह बड़े कॉर्पोरेट अस्पतालों, सार्वजनिक स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, डिजिटल हेल्थ, हेल्थ इंशोरेंस और हेल्थकेयर परामर्श सहित संपूर्ण हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर इंडस्ट्री का ज्ञान प्रदान करता है। इस अवसर पर आईआईएम निदेशक प्रो. विनीता एस सहाय और जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना के चिकित्सा निदेशक डॉ. रविशंकर सिंह ने कहा कि दोनों संस्थानों के बीच यह सहयोग रणनीतिक रूप से भविष्यवादी है। आईआईएम बोधगया एकेडमिक उत्कृष्टता और सामाजिक प्रभाव पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए अपने संबंधित क्षेत्रों में दो प्रमुख संगठनों के बीच यह एमओयू भविष्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एमबीए- एचएचएम के चेयरपर्सन प्रोफेसर स्वप्नराग स्वैन के अनुसार यह सहयोग भारत में हेल्थ केयर मैनेजमेंट शिक्षा के क्षेत्र में नए रास्तों को चिन्हित करता है।

# राजगीर के लाल का दिल्ली में निधन, ब्रेन ट्यूमर से थे ग्रसित

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के राजगीर के लाल का गुरुवार को ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। वह दिल्ली में दिल्ली कैंट के अंदर इंडियन आर्मी में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। दिवगंत जवान राजगीर थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोक नगर निवासी चंदेश्वर प्रसाद के बेटे राजीव कुमार (39) हैं। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर शहीद के पैतृक गांव लाया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि करीब 3 साल पहले आपसी प्रतिस्पर्धा में बॉक्सिंग के दौरान राजीव के सिर में गंभीर चोट लग गई थी, जिसके कारण ब्रेन ट्यूमर हो गया था। गुरुवार को दिल्ली कैंट में ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ी और उनकी मौत हो गई। शव को शनिवार को हवाई मार्ग से गया लाया गया, जहां से आर्मी के ट्रक के जरिए पार्थिव शरीर को राजगीर लाया गया। शहीद जवान की पार्थिव शरीर आने की सूचना पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, शहीद जवान के पार्थिव शरीर की एक झलक को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए और भारत माता की जय, शहीद जवान अमर रहे के नारे लगाने लगे।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया में भारी बारिश से अचानक बाढ़ आई, रोड जलमग्न

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में गुरुवार को भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से 34 सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे यातायात बाधित हुआ। अधिकारियों के अनुसार, शहर के कुछ इलाकों में निवासियों को जगह खाली करनी पड़ी। जकार्ता आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, बाढ़ के पानी की गहराई 15 सेंटीमीटर से लेकर 50 सेंटीमीटर से ज्यादा थी। इंडोनेशिया की मौसम एजेंसी ने गुरुवार को अगले आठ दिनों के लिए राजधानी और उसके शहरों में संभावित भारी बारिश की चेतावनी जारी की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी (बीएमकेजी) मौसम विज्ञान के उप प्रमुख गुसवंतो ने कहा, 1 मार्च से 8 मार्च के बीच भारी बारिश, तेज हवाएं जकार्ता और बोगोर, डेपोक तथा बेकासी समेत अन्य शहरों को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जकार्ता में मंगलवार से बारिश में बढ़ोतरी देखी गई है और शहर के उत्तरी इलाकों जैसे केलापा गैडिंग और तंजुंग प्रोक में बहुत तेज बारिश हो रही है। गुसवंतो ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। बीएमकेजी लेटेस्ट आंकड़ों के आधार पर मौसम की स्थिति और बदलावों की निगरानी करना जारी रखेगा।

### युद्ध से यूक्रेन की संस्कृति व पर्यटन को 19.6 अरब डॉलर का नुकसान- प्रधानमंत्री

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के रूस के साथ चल रहे युद्ध से देश के सांस्कृतिक और पर्यटन क्षेत्रों को कम से कम 19.6 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। यह बात प्रधान मंत्री डेनिस शिमहल ने कही। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शिमहल ने गुरुवार को कहा कि युद्ध के दौरान यूक्रेन में 900 ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा, कीव नष्ट हुए सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्रों का एक विशेष रजिस्टर बनाने की योजना बना रहा है। इसके आधार पर रूस से मुआवजे की मांग की जाएगी। उनके अनुसार, यूक्रेन को सांस्कृतिक और पर्यटक स्थलों को पुनर्स्थापित करने के लिए 8.9 बिलियन डॉलर की आवश्यकता है।

### यूएई में वर्ल्ड फर्स्ट जेट सूट रेस का आयोजन

**दुबई , एजेंसी।** यूएई में दुनिया की पहली जेट सूट रेस का आयोजन किया गया। इसमें पायलट्स ने आयरन मैन जैसा सूट पहनकर रेस लगाई। यह जेट सूट रेस ग्रैविटी इंडस्ट्रीज ने आयोजित की थी। कंपनी के संस्थापक रिचर्ड ब्राउनिंग ने कहा कि यह उड़ने का सपना पूरे होने जैसा है । बस सूट पहनो और फिर जहां आपकी मर्जी हो वहां पहुंच जाओ। यह मार्वल सुपर हीरो और डीसी कॉमिक्स जैसी दुनिया है। दुबई के मरीना बीच पर हुई इस रेस में पायलट्स 1500 हॉर्स पावर का सूट पहने हुए है।

### बाइडेन ने हवाई मार्ग से गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने का प्रस्ताव किया मंजूर

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका जल्द ही गाजा में हवाई मार्ग से मानवीय सहायता पहुंचाना शुरू करेगा। बाइडेन का यह बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही इजराइली सैनिकों के साथ हुई एक भीषण मुठभेड़ के दौरान कई फिलीस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। बाइडेन ने कहा कि आने वाले दिनों में गाजा में विमानों के जरिए लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाई जाएगी। गाजा में बृहस्पतिवार को एक मानवीय सहायता काफिले से खाद्य सामग्री लेने की कोशिश कर रहे फलस्तीनियों की एक भीड़ पर इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में 100 से अधिक लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे।

### अबू धाबी का पहला हिंदू मंदिर आम लोगों के लिए खुला

**अबू धाबी , एजेंसी।** अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर का दरवाजा शुक्रवार को आम लोगों के खोल दिया गया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 फरवरी को श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था का उद्घाटन किया था। यूएई में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने भारत-यूएई संबंधों पर जोर देते हुए पीएम मोदी की हालिया यात्रा को याद किया।

# पाकिस्तान की नई सरकार को मान्यता न दे अमेरिका

### 33 सांसदों ने प्रेसिडेंट बाइडेन को लेटर लिखा, कहा– पहले चुनाव में धांधली की जांच हो

**वाशिंगटन/ इस्लामाबाद , एजेंसी।** अमेरिका के 33 सांसदों ने प्रेसिडेंट जो बाइडेन को लेटर लिखा है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति पाकिस्तान में बनने जा रही नई सरकार को मान्यता न दें। सांसदों के मुताबिक- पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। जब तक इसकी निष्पक्ष जांच नहीं हो जाती, तब तक सरकार को मान्यता न दी जाए।

पाकिस्तान में शनिवार को स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव होना है। इसके बाद प्रधानमंत्री के नाम का ऐलान होगा। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तानी पीपुल्स पार्टी के गठबंधन की तरफ से शाहबाज शरीफ का प्रधानमंत्री बनना तय है।

### लेटर लिखने वाले सभी डेमोक्रेटिक

'डॉन न्यूज' के मुताबिक- पाकिस्तान की नई सरकार को मान्यता न देने की मांग करने वाले सभी सांसद बाइडेन की डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद हैं। इन सांसदों ने लेटर में कहा- पाकिस्तान के हालिया चुनाव में चुनाव से पहले और चुनाव के बाद जबरदस्त धांधली हुई। इसके लिए सबसे पहले तो इस चुनाव की पारदर्शी तरीके से निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

लेटर में साफ कहा गया- अब तक मिले सबूतों के आधार पर यह साफ है कि इन इलेक्शन में धोखाधड़ी और धांधली की गई। ये काम चुनाव के पहले शुरू हुआ और इसके बाद भी जारी रहा। बाइडेन के लिए यह लेटर इसलिए भी मायने रखता है, क्योंकि अमेरिका में इसी साल प्रेसिडेंशियल इलेक्शन होने हैं और बाइडेन को इन सांसदों का समर्थन हासिल करना जरूरी है।

### बाइडेन के सामने नई मुसीबत

प्रेसिडेंट बाइडेन के सामने अपने सांसदों की यह मांग एक नई मुसीबत की तरह है। इसकी वजह यह है कि गाजा के मामले में उनकी सरकार खुलकर इजराइल का न सिर्फ समर्थन कर रही है, बल्कि उसे लगातार आर्म्स सप्लाई भी कर रही है। इसको लेकर कुछ डेमोक्रेट सांसद और पार्टी समर्थक सरकार से काफी नाराज हैं। कुछ ने तो संसद में अपनी ही सरकार की आलोचना की थी।

अब नया मामला पाकिस्तान का है। सच ये है कि अमेरिकी विदेश नीति में इजराइल और पाकिस्तान दोनों अहम हैं। दोनों ही जगह अमेरिका के लिए स्ट्रैटेजिक लिहाज से काफी



अहम हैं। यही वजह है कि बाइडेन पार्टी हित से ज्यादा अमेरिका की फॉरेन पॉलिसी और इंटररेस्ट को देख रहे हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक- अमेरिकी विदेश मंत्रालय और जांच एजेंसियां गुपचुप तरीके से पाकिस्तान के हालिया चुनाव में हुई धांधली की जांच कर रही हैं। इनका पहला मकसद धांधली के पुख्ता सबूत जुटाना है।

### अफसर ने भी लगाए थे धांधली के आरोप

रावलपिंडी के पूर्व कमिश्नर लियाकल अली चट्ठा ने 16 फरवरी को पाकिस्तान चुनाव में धांधली के आरोप लगाए थे। चट्ठा ने कहा था- निर्दलीय 70-80 हजार वोटों के साथ जीत रहे थे, लेकिन हमने नकली बैलेट पेपर के जरिए उन्हें हरा दिया। मैं अपने जुर्म की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।

चट्ठा ने स्वीकार किया था कि उन्होंने चुनाव में धांधली की थी। इस अधिकारी ने कहा था- धांधली में चुनाव आयोग के अध्यक्ष और पाकिस्तान के चीफ जस्टिस भी मिले हुए हैं। हमने चुनाव में हार रहे उम्मीदवारों को 50 हजार वोटों के अंतर से जिताया है। यह सब पीटीआई समर्थन वाले निर्दलीयों को हराने के लिए किया गया। मैं मुल्क को तोड़ने के इस जुर्म का भागीदार नहीं बनना चाहता।

दूसरी तरफ, नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन ने आरोप लगाया है कि इमरान ने लियाकत को अमेरिका में फ्लैट के साथ करोड़ों रुपए देने का ऑफर दिया था। इसके बाद लियाकत ने मुल्क को बदनाम करने वाले आरोप लगाए।

खास बात यह है कि 22 फरवरी को लियाकत इन आरोपों से पलट गए। उन्होंने एक लिखित बयान जारी किया। कहा- मैंने इमरान खान की पार्टी पीटीआई के कहने पर बेबुनियाद आरोप लगाए। अब मैं शर्मसार हूं। मुल्क की बदनामी कराने का गुनहगार हूं। कानून जो चाहे वो सजा मुझे दे सकता है।

लिखित बयान में चट्ठा ने कहा- पिछले हफ्ते जो कुछ मैंने कहा, उसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। जांच एजेंसियां मेरे खिलाफ कोई भी एक्शन लेने के लिए आजाद हैं। मैंने मुल्क की बदनामी कराई है। इसके लिए जो सजा दी जाएगी, वो मुझे कबूल है। मैं अपने बयान की एक कॉपी चुनाव आयोग को भी भेज रहा हूं। मैंने 32 साल पाकिस्तान की सिविल सेवा में गुजारे हैं।

# चीन ने कहा, भारत उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण, दोनों देश समान लक्ष्यों के लिए कर रहे कार्य

**बीजिंग , एजेंसी।** पूर्वी लद्दाख में बने गतिरोध को दूर करने और दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य हल निकालने के लिए चीन और भारत रचनात्मक वार्ता कर रहे हैं। चीन के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण है और वह दोनों देशों की सीमाओं पर शांति कायम रखना चाहता है। यह बात चीन की सेना ने प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित कर कही है।

पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेनाओं के बीच करीब चार वर्षों से गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। यह स्थिति कोरोना काल में चीनी सेना के आगे बढ़ आने के कारण पैदा हुई है। दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों और राजनयिकों के बीच वार्ता के बाद कुछ इलाकों में चीनी सेना पीछे चली गई है लेकिन कुछ क्षेत्रों में अभी भी वह आगे बढ़ी हुई है।

इन्हीं क्षेत्रों में पूर्व स्थिति कायम करने के लिए दोनों देशों के बीच वार्ता चल रही है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सीनियर कर्नल झांग शियागांग ने कहा, दोनों पक्ष सीमा संबंधी अड़चनों के समाधान के लिए सकारात्मक रुख रखे हुए हैं और उसी भावना के साथ रचनात्मक वार्ता कर रहे हैं। वार्ता में दोनों पक्षों की अपेक्षाओं पर गौर किया जा रहा है और निकट भविष्य में स्वीकार्य हल तक पहुंचने की उम्मीद है। विदित हो कि दोनों देशों की सेनाओं के उच्च अधिकारियों के बीच 19 फरवरी को 21 वें दौर की वार्ता हुई थी। प्रवक्ता ने कहा, चीन के लिए भारतीय सेना से संबंधों का बड़ा महत्व है और वह मानता है कि दोनों देश समान लक्ष्यों के लिए कार्य कर रहे हैं।

# हमास बोला- 70 से ज्यादा बंधकों की मौत

### जंग के बीच पहली बार गाजा में मदद पहुंचाएगा अमेरिका, प्लेन से गिराया जाएगा खाना

**गाजा/वॉशिंगटन , एजेंसी।** हमास का कहना है कि गाजा में 70 से ज्यादा बंधकों की मौत हो चुकी है। हमास ने शुक्रवार देर रात कहा- 7 बंधक मारे गए हैं। इनकी मौत इजराइली हमलों में हुई। अब मारे गए बंधकों का आंकड़ा 70 से ज्यादा हो गया है।

7 अक्टूबर 2023 को हमास के आतंकी करीब 253 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गए थे। 24 नवंबर से 1 दिसंबर को हुए सीजफायर में 105 बंधकों को आजाद किया गया था। बचे हुए बंधक अब भी हमास की कैद में हैं। इनमें से 70 बंधकों के मारे जाने की बात हमास ने कही है।

इधर, इजराइल-हमास जंग के बीच पहली बार अमेरिका गाजा में मदद पहुंचाएगा। अमेरिकी सेना प्लेन के



जरिए गाजा में खाने के पैकेट गिराएगी। खाना लेने पहुंचे फिलिस्तीनियों पर फायरिंग के बाद अमेरिकी ने यह फैसला लिया है।

दरअसल, इजराइली सेना ने 1 मार्च को राहत सामग्री (खाना) लेने पहुंचे गाजा के लोगों पर फायरिंग कर दी थी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इस दौरान 112 फिलिस्तीनी मारे गए थे। 760 लोग घायल हुए थे। कुछ दिन पहले जॉर्डन ने साउथ गाजा में प्लेन से राहत सामग्री गिराई गई। ये पैकेट समुद्र में गिरे। फिलिस्तीनी लोग इन्हें उठाने के लिए समुद्र में दौड़ गए। कुछ लोग बोट में खाना ले जाते दिखे।ह्व का कहना है कि गाजा के 22 लाख लोग भुखमरी की कगार पर हैं। इधर, ह्व के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के डिप्टी डायरेक्टर कार्ल स्काउ ने कहा है कि वो इतने सामान का प्रबंध कर रहे हैं, जिससे एक महीने के लिए गाजा के लोगों की भूख मिटाई जा सके।

व्हाइट हाउस के स्पोक्स पर्सन जॉन किर्बी ने कहा- हम गाजा के लोगों को रेडी-टु-ईट खाना पहुंचाएंगे। वहां के हालात बेहद खराब हैं। बच्चे भूख से मर रहे हैं। लगभग पूरी आबादी भुखमरी की कगार पर है। हम समुद्र के रास्ते भी राहत सामग्री पहुंचाने के बारे में विचार कर रहे हैं। हमास ने इजराइल पर 7 अक्टूबर को हमला किया था। उसने इजराइल के खिलाफ अपने ऑपरेशन को अल-अक्सा फ्लड नाम दिया। इसके जवाब में इजराइल की सेना ने हमास के खिलाफ सोर्ड्स ऑफ आयरन ऑपरेशन शुरू किया। हमास के सैन्य कमांडर मोहम्मद दीफ ने कहा था- ये हमला यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है।



# अमेरिका में भारतीय क्लासिकल डांसर की गोली मारकर हत्या, शाम को निकले थे टहलने

**सेंट लुइस, एजेंसी।** कोलकाता के भरतनाट्यम और कुचुपुड़ी नर्तक अमरनाथ घोष की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। साथ निभाना साथिया में गोपी बहू का किरदार निभाने वाली मशहूर एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने इसकी जानकारी × (पूर्व में ट्विटर) पर दी और विदेश मंत्री जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले की जांच की मांग की है। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अमरनाथ घोष की हत्या पर शोक जताते हुए ङ्म पर लिखा मिसौरी के सेंट लुइस में मृतक अमरनाथ घोष के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। हम फोरेंसिक, पुलिस के साथ जांच कर रहे हैं और सहायता प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। भट्टाचार्जी के अनुसार, अमरनाथ घोष की 27 फरवर की शाम को मिसौरी के सेंट लुइस में हत्या कर दी गई थी। बता दें कि घोष सेंट लुइस में वाशिंगटन विश्वविद्यालय से नृत्य में मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए) की पढ़ाई कर रहे थे। भट्टाचार्जी ने बताया कि वह शाम को टहलने के लिए निकले थे, तभी एक अज्ञात हमलावरों ने उस पर गोलियां चला दी। भट्टाचार्जी के ट्वीट के अनुसार, घोष के माता-पिता की मौत हो चुकी थी। आरोपी के बारे में अभी तक कुछ सामने नहीं आया हैं। कुछ दोस्तों के अलावा घोष के परिवार में कोई नहीं है।

# गाजा में निरीह नागरिकों पर हमले से चौतरफा घिरा इजरायल, भारत बोला- मदद का इंतजार कर रहे 112 लोगों की मौत दुखदायी

**यरुशलम , एजेंसी।** गाजा में मानवीय मदद की आस में जुटे सौ से अधिक फलस्तीनियों की हवाई हमले में मौत को लेकर इजरायल घिरता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र व अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस घटना को लेकर गहरा रोष जताया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने उत्तरी गाजा में निरीह नागरिकों की इस तरह मौत पर दुख जताते हुए कहा कि इससे गहरा सदमा लगा है।

अमेरिका और जर्मनी ने घटना की जांच की मांग की है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी सख्त नाराजगी जताते हुए इजरायली सैनिकों के इस कृत्य के विरुद्ध न्याय की मांग की है। ब्राजील ने भी इस कार्रवाई को इजरायल के नैतिक और कानूनी दायरे से बाहर बताया।

इसके साथ ही तुर्किये, सउदी अरब, मिस्त्र और जॉर्डन, दक्षिण अफ्रीका ने भी इसकी आलोचना की है। कोलंबिया के राष्ट्रपति ने गाजा में युद्ध को नरसंहार बताते हुए इजरायली हथियार खरीदना बंद करने का फैसला लिया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने भी इसकी निंदा करते हुए युद्धविराम की मांग की है।

हालांकि, इजरायल हमले से इनकार कर रहा है। भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि गुरुवार को मानवीय मदद का इंतजार कर रहे 112 लोगों की मौत दुखदायी है। कहा, गाजा में इस तरह नागरिकों की मौत और मानवीय स्थिति लगातार रहना चिंता का विषय है।



### सीताराम येचुरी ने घटना की निंदा की

वहीं, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी ने घटना की निंदा करते हुए भारत सरकार पर अमेरिका के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। कहा, भारत को भी इजरायल में हो रहे नरसंहार को रोकने की वैश्विक मांग के साथ शामिल होना चाहिए।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इजरायली बल की गोलाबारी में गुरुवार को 100 से अधिक फलस्तीनियों की जान चली गई। साथ ही 700 के करीब लोग घायल हो गए। ये लोग वहां एकत्र होकर मानवीय मदद का इंतजार कर रहे थे। जबकि इजरायल का कहना है कि उसने कोई हमला नहीं किया। ये लोग सहायता सामग्री देने वाली ट्रक को घेर कर खड़े थे जिसमें कुचल कर या भगदड़ में मारे गए। फ्रांस के राष्ट्रपति ने शुक्रवार को एक्स पर डाले एक पोस्ट में कहा कि गाजा से जो दृश्य सामने आ रहे हैं, उससे लग रहा है कि इजरायल नागरिकों को लक्षित कर रहा है। सत्य और न्याय की मांग करते हुए मैं इस कृत्य की निंदा करता हूं। डब्ल्यूएचओविश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि गाजा के लोग भोजन, पानी व अन्य बुनियादी जरूरतों के लिए अपनी जान को जोखिम डालने को मजबूर हैं। गाजा में 100 से अधिक लोगों का मारा जाना इसका साक्ष्य है। डब्ल्यूएचओ के प्रवक्ता क्रिश्चएन लिंडमियर ने कहा कि गाजा में सिस्टम घुटनों पर है।

# सरदार रमेश सिंह बने पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष

**लाहौर , एजेंसी।** सरदार रमेश सिंह अरोरा शुक्रवार को सर्वसम्मति से तीन वर्ष के लिए पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (पीएसजीपीसी) के अध्यक्ष चुन लिए गए। निवर्तमान सरदार अमीर सिंह की जगह अरोरा को करतारपुर कॉरिडोर का अंबेसडर भी बनाया गया है। पीएसजीपीसी की एकमात्र महिला सदस्य सतवंत कौर महासचिव चुनी गई हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सदस्य अरोरा आठ फरवरी को संपन्न आम चुनाव में अल्पसंख्यक सीट पर पंजाब प्रांतीय असेंबली के सदस्य भी निर्वाचित हो चुके हैं।

पीएमएल-एन के टिकट पर जीते अरोरा पिछली असेंबली के भी सदस्य थे। इवैक्वी ट्रस्ट प्रोपर्टी बोर्ड के प्रवक्ता आमीर हाशिमी ने कहा कि बोर्ड के चेयरमैन अरशद फरीद खान की अध्यक्षता में पीएसजीपीसी की बैठक हुई। अध्यक्ष चुने जाने के बाद अरोरा ने कहा कि प्रभावी तरीके से वह अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करेंगे।

# नेशनल असेंबली को काम नहीं करने देंगे, सत्तारूढ़ पार्टी को पीटीआई ने दी चेतावनी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** सत्तारूढ़ गठबंधन पर कड़ा प्रहार करते हुए, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नेता जुनैद अकबर ने चेतावनी दी है कि वे नेशनल असेंबली को तब तक काम नहीं करने देंगे, जब तक कि उनके उचित अधिकारों का प्रावधान नहीं हो जाता। दरअसल, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता सरदार अयाज सादिक को नेशनल असेंबली का अध्यक्ष और पीपीपी के नेता गुलाम मुस्तफा शाह को उपाध्यक्ष चुनाव गया।

पीटीआई नेता ने संसद के नवनिर्वाचित निचले सदन के दूसरे सत्र में अपने उग्र भाषण के दौरान यह टिप्पणी की। सदन में बोलते हुए अकबर ने कहा, ÷हम इस विधानसभा को



मान्यता नहीं देते हैं। हम न तो कानून बनाएंगे और न ही इसे सदन में अनुमति देंगे।

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, इमरान खान द्वारा स्थापित पार्टी ने दावा किया है कि 8 फरवरी के आम चुनावों के दौरान उसका जनादेश चोरी हो गया था। उन्होंने चुनावों को धांधली करार दिया है और कार्यवाहक सरकार पर चुनावों से पहले समान अवसर देने से इनकार करने का आरोप लगाया है।

पीटीआई के साथ कथित भेदभाव के मामलों पर जोर देते हुए, विधायक ने कहा कि 9 मई के उपद्रव की आड़ में उनकी पार्टी से उसका चुनावी प्रतीक बल्ला छीन लिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पीटीआई संस्थापक की हत्या की भी दो बार कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि 9 मई को पीटीआई के करीब 34 समर्थक मारे गए और खान द्वारा स्थापित पार्टी के नेतृत्व के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने कहा, ÷मेरे और मेरे दोस्तों के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया।÷

190 मिलियन पाउंड के निपटान मामले में अपदस्थ प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी के बाद 9 मई को लगभग पूरे देश में दंगे भड़क उठे थे। स्थानीय जियो न्यूज के अनुसार, हिंसा और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों में शामिल होने के लिए सैकड़ों पीटीआई कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं को सलाखों के पीछे डाल दिया गया था।

विरोध प्रदर्शन के दौरान, उपद्रवियों ने रावलपिंडी में जिन्ना हाउस और जनरल हेडक्वार्टर सहित नागरिक और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। सेना ने 9 मई को काला दिवस करार दिया और उपद्रवियों पर सेना अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने का फैसला किया।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पीटीआई ने सरकार और पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा से 9 मई की हिंसा के लाभार्थी का पता लगाने के लिए नए सिरे से जांच शुरू करने का आग्रह किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### नारदीगंज प्रखंड में 14 स्थानों पर बनाया जा रहा आयुष्मान भारत कार्ड



**नारदीगंज**। मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत शनिवार से नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। इस दौरान पेश पंचायत की धनियावां गांव में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के लिए लाभुकों की भीड़ देखी गई है। कार्यपालक सहायक मो0 इमरान हुसैन, डीलर पंकज कुमार के अलावा पंचायत सचिव,विकास मित्र,आशा,आंगनबाड़ी सेविका कार्ड बनाने में तत्पर रहे। लेकिन सर्वर डाउन रहने के कारण कार्य थोड़ी धीरे धीरे हो रहा है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन कुमार ने कहा प्रखंड के 14 स्थानों पर राशनकार्ड धारियों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य शुरू हुआ है।

### अधिकारियों ने आयुष्मान कार्ड निर्माण स्थल का किया निरीक्षण



**पकरीबरावा**। सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन आरोग्य और मुख्य मंत्री आरोग्य योजना के तहत सभी गरीब एवं जरूरतमंद परिवार को आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर परखण्ड के 16 पंचायतो में 32 सेंटर पर कार्ड निर्माण किया जा रहा हैं जिसका समीक्षा लेने के लिए बढ़िया प्रभारी पदाधिकारी शशांक राज तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार के द्वारा प्रखंड के पंचायत भवन बड़ी गुलनी सामुदायिक भबन मठ गुलनी पंचायत सरकार भवन ज्यूरी सामुदायिक भवन मरवा सहित एक दर्जन आयुष्मान कार्ड निर्माण केंद्र का निरीक्षण किया गया। वरीय प्रभारी पदाधिकारी शशांक राज ने बताया आयुष्मान कार्ड बनाने का केंद्र एक सप्ताह तक जारी रहेगी कोई भी जरूरतमंद परिवार को आयुष्मान कार्ड से वंचित नहीं रहेगा साथ ही उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरी बरमा में आयुष्मान कार्ड का निर्माण कार्य रहेगा पंचायत निर्माण केंद्र से जो व्यक्ति कार्ड नहीं बना पाए हो वैसे परिवार सामुदायिक केंद्र पहुंचकर निशुल्क अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकता है।

### प्रखंड स्तरीय खेल जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के खिलाडियों का बेहतरीन प्रदर्शन



**नवादा**। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तहत नेहरू युवा केंद्र नवादा के जिला युवा अधिकारी ईशा गुप्ता के निर्देशन में पूरे जिले में खेल जागरूकता सह प्रखंड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत नारदीगंज में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बालक बालिका का कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में अंबेडकर क्लब ने राजेंद्र क्लब को कड़े मुकाबले में हराया वहीं बालिका वर्ग में कीर्ति की टीम ने रिया की टीम को तीन दो के अंकों से हराया बालक बालिका का टग आफ वार प्रतियोगिता जिसके बालक वर्ग में जवाहरलाल नेहरू की टीम ने महात्मा गांधी क्लब की टीम को 20 के मुकाबले 25 अंकों से हराया वहीं बालिका वर्ग में श्री कृष्णा सिंह क्लब ने मौसम क्लब को 8 अंकों से पराजित किया बालक एवं बालिका का 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके बालक वर्ग में छोटू कुमार प्रथम गुलशन कुमार द्वितीय एवं अखिलेश कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं बालिका वर्ग में सुप्रिया कुमारी प्रथम पूनम कुमारी द्वितीय एवं रीमा कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की रेफरी व निर्णायक के रूप में इंटर विद्यालय ऑती के शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा एवं नीरू कुमार मिश्रा थे प्रतियोगिता के समाप्ति पर पुरस्कार वितरण में प्रधानाध्यापक अनुज कुमार राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक मिथिलेश कुमार ,पंकज कुमार पांडे ,खुशनुमा परवीन, सुप्रिया, पूनम ,रीमा कुमारी आदि लोगों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया है.मौके पर कीर्ति, निशु,निधि,शिशु अंजलि, प्रतिभा,कल्याणी, कोमल, प्रियंका, प्रिंस, अंकुश, शिवम, गुलशन, आर्यन, मनीष,रोहित, अंकित,रंजीत, छोटू,अमन, अखिलेश, शिशु आदि लोग भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाया.

### ढाढर नदी के पश्चिमी किनारे में साइडवाल निर्माण की मांग

**नारदीगंज**। नारदीगंज ग्राम कचहरी के सरपंच प्रवेश रविदास ने बीडीओ को आवेदन देकर पंचाने नदी में साइडवाल निर्माण की मांग किया है।उन्होंने कहा इस नदी में नारदीगंज थाना के समीप से उस्मान मियां के घर तक साइडवाल का निर्माण होना अति आवश्यक है। यह रास्ता नारदीगंज थाना से नारदीगंज कॉलेज की ओर गई है। इस ओर सैकड़ों वर्षो से अनुसूचित परिवार इसके नदी के किनारे में बसा हुआ है।

### 81 हजार 365 रुपये हुए राजस्व की वसूली

**नारदीगंज**। बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित पावरग्रिड परिसर में किया गया। बिजली विभाग के जेई नवीन कुमार सिंह के देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के 16 बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये। वही 33 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। बिजली विभाग के जेई ने बताया आयोजित शिविर में 16 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये थे,जिसमे छह उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार किया गया, शेष उपभोक्ताओं को हिसुआ में निष्पादित किया जाएगा।उन्होंने कहा 33 उपभोक्ताओं ने 81 हजार 365 रुपये राजस्व जमा किये हैं। इस दौरान जेएलएम बिपिन कुमार ,अनन्त कुमार के अलावा उपभोक्ता भोपाल प्रसाद,रविन्द्र चौधरी, अनिल यादव, नरेश शर्मा, मनोज मिस्त्री समेत अन्य शामिल हुए।

### हाथ में गदा, सीने पर मोदी, माथे पर कमल, 'मोदी के हनुमान'

**बेगूसराय**। देश विदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चाहने वालों की कमी नहीं है. कुछ ऐसे भी हैं जो सबकुछ न्यौछावर करके नरेंद्र मोदी को 'धरती के भगवान' की तरह पूजते हैं. उन्हीं में से एक हैं बेगूसराय के श्रवण साह. ये नरेन्द्र मोदी की रैलियों में 'हनुमान' बनकर शामिल होते हैं. को राम मानने वाले श्रवण की कहानी : हाथ में गदा,भगवा रंग और हनुमान जी के गेटअप में ये रैलियों में शामिल होते हैं. ऐसे में पीएम नरेंद्र मोदी की रैलियों में ये आकर्षण का केंद्र भी होते हैं. पैसे हो या न हो, अपनी शादी के गहने गिरवी रखकर रैली में शामिल होते हैं. अब तक 129 रैली देख चुके हैं. आज 130 वीं सभा अब बेगूसराय अटेंड करने वाले हैं.श्रवण शाह की हनुमान बनने की कहानी : श्रवण साह किसी लाभ की इच्छा से रैली में हनुमान बनकर शामिल नहीं होते. न तो इन्हें मोदी से कोई अपेक्षा है और न ही नरेंद्र मोदी को ही कोई उम्मीद, फिर भी श्रवण अपने काम को पूरी ईमानदारी से अंजाम देते हैं. घर की माली हालत खराब होने पर शादी की अंगूठी को अब तक 8 बार गिरवी रखकर चुके हैं. श्रवण साह का कहना है कि नरेंद्र मोदी उनके भगवान हैं और वो हनुमान की तरह सेवा करते हैं. अपनी कमाई के आधे हिस्से से घर चलाते हैं और आधा हिस्से से मोदी की रैली कवर करते हैं.

# व्यापक भ्रष्टाचार व भारी लूट खसोट के खिलाफ अनिश्चितकालीन भुख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

निज संवाददाता। बछवाड़ा (बेगूसराय)







बछवाड़ा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मनरेगा कार्यालय के समक्ष मनरेगा योजना में व्यापक भ्रष्टाचार व भारी लूट खसोट के खिलाफ शनिवार को दुसरे दिन भी अनिश्चितकालीन भुख हड़ताल जारी रहा । भुख हड़ताल के दौरान समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से मेडिकल टीम के द्वारा लगातार जांच किया जा रहा है । वही मनरेगा पदाधिकारी के द्वारा भुख हड़ताल समाप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार का अश्वासन भी दिया जा रहा है, लेकिन भुख हड़ताल पर बैठे समाजसेवी योजना की जांच की मांग पर अड़े हैं । मनरेगा के विभिन्न योजनाओं में पदाधिकारी के द्वारा चालीस प्रतिशत कमिशन लेने की बात सामने आ रही है । वही मनरेगा कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ विगत दो दिनों से अनिश्चितकालीन भुख हड़ताल पर बैठे रानी एक पंचायत के समाजसेवी राम नरेश चौधरी ने बताया कि रानी एक पंचायत के बारह नम्बर वार्ड में एक स्थान पर नाम बदलकर तीन-तीन योजना चलाया गया है । उन्होंने कहा पंचायत के बारह नम्बर वार्ड में करोड़ों रूपये का योजना चलाया गया और जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी के मिलीभगत से राशि निकालकर बंदर बांट किया गया । जबकि अन्य वार्ड में आवश्यकता के बावजूद कोई कार्य नहीं किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि यह एक पंचायत का मामला नहीं है पुरे प्रखंड में मिट्टी भराई के नाम पर एक ही जगह पर कई योजना चलाकर लाखो रुपये की राशि की लुट खसोट की गयी है। पंचायत में किसानों के मेर बंधन के नाम पर लाखों रुपये की निकासी की गई है । उन्होंने कहा कि जीविका संगठन के अन्तर्गत जीविका दीदी के घर पर मिट्टी भराई के नाम पर लूट किया गया है । वही अनिश्चितकालीन भुख हड़ताल के समर्थन में बैठे सीपीएम नेता सह रानी एक पंचायत के पुर्व मुखिया उमेश कुंवर कवि ने कहा कि मनरेगा के योजनाओं में लुट मचा हुआ है, मनरेगा कार्यालय से ऐसे जगहों पर योजना चलाया जाता है जहां कोई उपयोगिता नहीं है,झमटिया गंगा घाट पर बना मुक्तिधाम जो आज तक चालू ही नहीं हुआ और खंडर में तब्दील होने के बावजूद मुक्तिधाम परिसर में मनरेगा योजना से मिट्टी भराई व फेवर ब्लॉक लगाया गया । वही मनरेगा कार्यालय में दो हजार ईंट,दो टेलर बालू व दस से पन्द्रह बोड़ा सीमेंट व कुछ मजदुर से बरामदा को घेर कर नौ लाख पनचानवे हजार रूपये का एस्टीमेट बना दिया गया । उन्होंने कहा कि रानी एक पंचायत ही नहीं बल्कि बछवाड़ा प्रखंड के विभिन्न पंचायत में मनरेगा के द्वारा जो भी कार्य किया गया है उसमें लाखों रुपये का घोटाला किया गया है । उन्होंने कहा कि मनरेगा कार्यालय के पदाधिकारी समय से कार्यालय नहीं पहुंचते हैं लेकिन रात के आठ से नौ बजे तक कार्यालय खुला रहता है । जिससे रात के अंधेरे में जनप्रतिनिधि से कमिशन लेने देने करने में सुविधा होता है । अनिश्चितकालीन भुख हड़ताल के समर्थन में बैठे लोगों ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि मनरेगा के द्वारा प्रखंड के विभिन्न पंचायत में चलाए गये विभिन्न योजनाओं का अभिलंब जांच किया जाय । उन्होंने कहा कि वरीय पदाधिकारी के द्वारा जल्द जांच नहीं किया जाता है तो हमलोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर आज एक व्यक्ति बैठे हैं इनके समर्थन में कल दर्जन भर लोग भी बैठ सकते हैं । मौके पर प्रहलाद राय, राजकुमार राय, विक्रम कुमार राय,प्रमोद सहनी,माधो कुंवर, नवल कुंवर, ओम कुमार, बैधनाथ राय, रामकुमार ठाकुर, मनीष कुमार, पप्पू कुमार, राम सागर महतो, नागो महतो, मनमोहन महतो, अरुण कुमार, मधुसुदन पासवान,सुशील राय उर्फ़ मल्ली राय दीपक कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे ।

### खोदावंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जमीन की मापी की तिथि बढ़ाने की लगायी गुहार

निज संवाददाता। बेगूसराय

खोदावन्दपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जमीन की मापी की तिथि बढ़ाने की मांग पूर्व प्रमुख मिथलेश कुमार मिश्र ने जिलाधिकारी से किया है. डीएम को लिखे पत्र में उन्होंने बताया है कि विगत 16 नवम्बर को जिलाधिकारी ने खोदावंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भूमि की मापी करवाने का मौखिक आदेश दिया था, परन्तु यह अस्पताल दान से मिली जमीन पर बनाया गया है, जो रकवा से दक्षिण दिशा में है, जिसके खाता, खेसरा, रकवा, चौहद्दी से सम्बंधित कागजात उपलब्ध नहीं है.

इस रकवा के उत्तर दिशा में निजी जमीन है, जब तक जमीन का कागजात उपलब्ध नहीं होगा, तब तक जमीन की सही मापी नहीं हो सकेगी.

इस परिस्थिति में कागजात उपलब्ध होने तक जमीन की मापी की तिथि आगे बढ़ायी जाय.

## पहले दिन 819 लोगों का बना आयुष्मान कार्ड,नगर पंचायत का नहीं हो रहा लॉग इन

निज संवाददाता। रजौली




प्रखण्ड के 15 ग्राम पंचायतों में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया था।इस दौरान आशा से कम लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बन पाया।इस दौरान पीएचसी प्रभारी डॉ सौरभ कुमार विभिन्न पंचायतों में लगे शिविर का निरीक्षण करते नजर आए।पीएचसी प्रभारी ने कहा कि रजौली पूर्वी पंचायत के पचम्बा स्थित सामुदायिक भवन,अमावां पश्चिमी पंचायत के दरियापुर स्थित सामुदायिक भवन, चितरकोली पंचायत के गढ़ दिबौर स्थित पंचायत भवन,सवैयाटांड़ पंचायत के पंचायत सरकार भवन,धमनी पंचायत के छतनी स्थित समुदाय भवन,लेंगुरा पंचायत के पंचायत सरकार भवन,रजौली पश्चिमी पंचायत के पंचायत सरकार भवन,मुरहेना पंचायत के पंचायत भवन,सिरोडावर पंचायत के जोगियामारण स्थित समुदाय भवन,अमावां पूर्वी पंचायत के समुदाय भवन,हरदिया पंचायत के डीलर मदन रजक के घर के समीप,अंधरबारी,बहादुरपुर एवं फरका बुजुर्ग के पंचायत सरकार भवन में शिविर लगाकर ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि पहले दिन मात्र 819 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड हेतु ऑनलाइन हो पाया है।उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों पर लाइट,ऑपरेटर के स्किल में कमी और कई अन्य कारणों की वजह से कम लोगों का आयुष्मान कार्ड ऑनलाइन हो पाया है।वहीं उन्होंने कहा कि नवसृजित नगर पंचायत अथवा टकुआटांड़ पंचायत के लोगों द्वारा जानकारी मिली कि कॉमन सर्विस सेंटर पर आयुषमान बनाने हेतु लॉग इन नहीं हो रहा है।पीएचसी प्रभारी ने इस सम्बंध में वरीय पदाधिकारियों से बात करने की बात कही है।

## टेम्पों में तहखाना बनाकर होली हेतु जुगाड़ किये जा रहे शराब की खेंप को उत्पाद विभाग ने किया जब्त

निज संवाददाता। रजौली



थाना क्षेत्र के बिहार-झारखण्ड अंतरराज्यीय समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने झारखण्ड से बिहार जा रही शराब की खेंप को जब्त किया।इस दौरान विभिन्न ब्राण्डों के कुल 95 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई,जिसकी कुल मात्रा 48.75 लीटर है।मिली जानकारी के अनुसार होली पर्व नजदीक है और पर्व में शराब को मुंहमांगे दाम पर बेचने वाले धंधेबाज अभी से ही चोरी-चुपके उत्पाद एवं पुलिस बलों की आंखों में धूल झोंककर शराब एकत्रित करने में जुट गए हैं।जबकि उत्पाद एवं पुलिस बल भी शराब धंधेबाजों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कमर कस कर तैयार हैं।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच उत्पाद बलों के सहयोग से की जाती है।साथ ही कहा कि शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे झारखण्ड की ओर से रजौली की ओर जा रही थी।तभी जांच चौकी पर ड्यूटी में रहे उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार एवं एएसआई पंचम लाल धीरज ने टेम्पों संख्या बीआर27बी7947 को रुकने का इशारा किया।टेम्पों की तलाश में चालक के सीट के नीचे के रास्ते पूरे टेम्पों में अंदर तहखाना बना हुआ था।इस दौरान रॉयल चैलेंज के 750 एमएल के 24 बोतल,मैजिक मोमेंट्स के 750 एमएल के 11 बोतल व 375 एमएल के 54 बोतल एवं ब्लंडर्स प्राइड के 375 एमएल के 6 बोतल शराब बरामद किए गए।वहीं टेम्पों में सवार रहे दो शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार कर टेम्पों को जब्त किया गया।शराब धंधेबाजों की पहचान नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के दात्तपुर गांव निवासी नरेश मिस्त्री के पुत्र मुकेश कुमार एवं नेमदारगंज थाना क्षेत्र के राजेन्द्र राजवंशी के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है।उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि गिरफ्तार शराब धंधेबाजों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।जांच के मौके पर उत्पाद सिपाही एवं होमगार्ड के जवान भी मौजूद थे।

## मजदूर का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम



निज संवाददाता। बखरी (बेगूसराय)

हरियाणा में हुई मजदूर की मौत के तीसरे दिन शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया।दो महीने पूर्व बखरी प्रखंड क्षेत्र के बढ़िया गांव निवासी स्व.नंदलाल यादव के पुत्र 42 वर्षीय राम दुखित यादव मजदूरी करने के लिए हरियाणा। गये थे।जहां वो हरियाणा के नारनौल मंडी में पल्लेदारी का किया करते हैं।।जहां गुरुवार को देर रात अचानक कमरे में आग लग गई।इस दौरान अत्याधिक धुआं होने के कारण दम घुटने से उनकी मौत हो गई थी। शनिवार सुबह एंबुलेंस से उनका शव घर पहुंचा पत्नी पिंकू देवी व उनके बच्चों का रो रोकर हाल बेहाल हो गया।घर में अकेला कमाने वाले थे राम दुखित यादव वो अपने पीछे तीन पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गये।गांव के लोगों ने बताया कि वो अपने घर में अकेला कमाने वाले थे।अब उनके परिवार क्या होगा।पूरा गांव में मातम पसरा हुआ है।वही दूसरी और उनकी पत्नी बार-बार बेसूध हो रही है।

## वीर भोग्या वसुंधरा और शहीद पिंटू सिंह की शहादत पर विचार गोष्ठी





निज संवाददाता। बखरी बेगुसराय

हंदेवाङा में आतंकियों से लोहा लेते हुए जीवन का सर्वोच्च बलिदान देने वाले कीर्ति चक्र विजेता शहीद पिंटू कुमार सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। शौर्य नमन कार्यक्रम के तहत श्रीविश्वबंधु पुस्तकालय में सम्पन्न "वीर भोग्या वसुंधरा और शहीद पिंटू सिंह की शहादत" विषयक विचार गोष्ठी में विषय प्रवेश कराते हुए पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा कि शहीद कभी मरते नहीं, अमर हो जाया करते हैं। शहीद पिंटू ने अपना बलिदान देकर न सिर्फ देश का मस्तक उंचा किया,अपितु अपनी जन्म स्थली बखरी के छोटे से गांव ध्यानचक्की को भी तीर्थस्थल बना डाला है। बोले,कश्मीर में धारा 370 के कारण अलगाववादी गतिविधियां चरम पर हुआ करती थीं। जहां कभी केसर के फूल उगा करते थे,उन क्यारीयों में बारूद की फसलें तैयार होने लगी। आतंकवाद का खात्मा करने के लिए शहीद पिंटू सिंह जैसे अनेकों सेना के जवानों ने अपने प्राणों की आहुतियां दीं है। धारा 370 हटने से कश्मीर के अंदर अब विकास की एक नयी बयार आयी है। एक देश में ही दो विधान, दो प्रधान और दो निशान समाप्त कर कश्मीर अब एक बार फिर से अमन की राह पर चल पङा है। अमन और शांति की पुनर्स्थापना के लिए देश को शहीद पिंटू जैसे असंख्य जवानों की शहादत देनी पङी है, इसे हमलोगों को याद रखने की आवश्यकता है। आर एस एस के जिला संघ चालक मनोरंजन वर्मा ने कहा कि मृत्यु शाश्वत है। सनातन संस्कृति में जीवन और मरण ध्रुव सत्य है। किन्तु वीर अपनी कृतियों से सदैव जनमानस में जिन्दा रहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पुस्तकालय के अध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र केसरी ने कहा कि 35वर्ष की अल्पायु में सीआरपीएफ इंस्पेक्टर पिंटू कुमार सिंह ने अपना बलिदान देकर देश प्रेम का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया है। सचिव प्रिंस सिंह परमार के संचालन में सम्पन्न विचार गोष्ठी को उपाध्यक्ष पवन कुमार सुमन,तैलिक वैश्य संघ के अध्यक्ष अजय साह,पार्षद हीरा कुमार राम,अभाविप के नगर मंत्री अनुभव आनंद, शिक्षक वसंत कुमार,कार्यसमिति सदस्य मणीश कुमार, नीरज राय,राहुल केसरी, जयशंकर जायसवाल,प्रतिनिधि संतोष भारती गुड्डू,मोहम्मद निराला,अम्बेश चौधरी आदि ने भी संबोधित किया।

## 70 कार्टून से लदे ट्रक के साथ दो शराब माफिया गिरफ्तार

निज संवाददाता। बेगूसराय



सिंघौल थानान्तर्गत अवैध नशीले पदार्थ की बिक्री एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए गए अभियान में भारी मात्रा में एक 10 चक्का ट्रक में लोड किया हुआ कुल 770 कार्टून (6831 लीटर) अवैध विदेशी शराब को किया गया जप्त । 02 शराब तस्कर गिरफ्तार। घटना का विवरण :- दिनांक 29.02.24 को सिंघौल थाना को समय करीब 09:50 बजे (PM) मेंबिहार मद्यनिषेध पटना टीम के माध्यम से गुप्त सूचना मिली की सिंघौल थानान्तर्गत तहिति होटल के पास एक 10 चक्का ट्रक (RJ01AA-9853) जिसमे अवैध विदेशी शराब लोड किया हुआ लगा है जिसे Distribute किया जाने वाला है। प्राप्त सूचना को पुलिस अधीक्षक बेगूसराय को दिया गया तथा निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में सिंघौल थानाध्यक्ष पु०अ०नि० नवीन कुमार, पु०अ०नि० अर्जुन प्रसाद, सशस्त्र बल सिंधौल थाना एवं टाईगर मोबाईल सिंघौल थाना की पुलिस टीम के द्वारा बताए हुए स्थान पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए 02 व्यक्तियों को ट्रक पर ही पकड़ा गया। पकड़ाए व्यक्ति से पुछताछ करने पर अपना नाम 01 राजकुमार राजन उम्र 27 वर्ष पे०-मुसहरो महतो सा०-पुसहो चौक, थाना-विधान, जिला-समस्तीपुर एवं 02. दिलखुश कुमार उम्र 22 वर्ष पे०-पप्पु साह सा०-सिमरी बख्तियारपुर थाना-सिमरी बख्तियारपुर जिला-सहरसा बताया। संदिग्ध स्थिति में ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक में लोड किया हुआ कुल 770 कार्टून अवैध विदेशी शराब बरामद की गयी। विधिवत ट्रक सहित अवैध शराब को जप्त करते हुए दोनों पकड़ाए व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। विधि-सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। **दर्ज कांड :-** मुफसिल (सिंघौल) थाना कांड सं0-122/24, दिनांक-01.03.24 धारा-30ए/32(i)/36/41(i) (ii) / बिहार मद्य-निषेध व उत्पाद संशोधन अधिनियम-2022

**बरामदगी / जप्ती :- (01.)** विदेशी शराब 770 कार्टून,6831 लीटर **(02.)** 10 चक्का ट्रक 01 **(03.)** काला रंग का जैमर मशीन

**(04.)** मोबाइल

## जनता दरबार मेंएक भी मामला का निष्पादन नहीं हो सका




निज संवाददाता। वीरपुर बेगूसराय

शनिवार की दिन मेंथाना के सभागार मेंआंचल क्षेत्र यह भूमि विवाद सेसंबंधित मामले को निपटारा हेतु हर शनिवार को जनता दरबार लगाया जाता है !इसी संबंध मेंअंचलाधिकारीभाई विजेंद्र ने बताया है किपुराना पांच मामलाओर नया चार मामले टोटल 9 मामले में सेएक भी मामला का निष्पादन नहीं हो सका !सभी मामलों कोअगले सुनवाई तक के लिए स्थगित रखा गया।मौके पर थाना आध्यक्ष संजीव कुमार,सीआई कमल किशोर वर्मा सहित फरियादी उपस्थित थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## दलबदल कानून की प्रासंगिकता सवालों के घेरे में

राज्यसभा के ताजा चुनाव में, खासकर उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में, जिस तरह विधायकों के दल की सीमा लांघ कर मतदान करने की खबरें आईं, उससे एक बार फिर राजनेताओं की दलगत निष्ठा और दलबदल कानून की प्रासंगिकता पर सवाल गहरे हुए हैं। हालांकि इससे विपक्षी गठबंधन के भविष्य को लेकर भी अटकलबाजियों को बल मिला है। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के कुछ विधायकों ने भाजपा के प्रत्याशी को मतदान किया, तो कुछ उसके समर्थन में मतदान से अनुपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस के कुछ विधायकों के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के दावे किए जा रहे हैं। दोनों जगह विधायकों के इस तरह दगा करने के पीछे मुख्य वजह पार्टी आलाकमान से नाराजगी बताई जा रही है। उत्तर प्रदेश में तो समाजवादी पार्टी प्रमुख के सबसे भरोसेमंद और पार्टी के मुख्य सचेतक ही बाड़बंदी तोड़ कर भाजपा के पाले में चले गए।

कुछ दिनों पहले ही उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस ने मिल कर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। मगर राज्यसभा चुनाव में इस तरह सपा विधायकों के मतभेद उभरने और एक तरह से खुल्लमखुल्ला बगावत से लोकसभा चुनाव में पार्टी पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के आकलन गलत नहीं कहे जा सकते। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है, भाजपा और उसकी सीटों का अंतर भी काफी है, इसलिए वहां कोई खतरा नहीं माना जा रहा था। मगर हकीकत यह भी है कि वहां शक्ति के कई केंद्र बन चुके हैं। मगर उत्तर प्रदेश में विधायकों का असंतोष किसी पद को लेकर नहीं, बल्कि पार्टी अध्यक्ष के व्यवहार से उपजा अधिक जान पड़ता है।

जैसा कि कुछ विधायकों ने जाहिर भी किया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का रुक्ष व्यवहार उन्हें खटकता है। उनके सबसे करीबी माने जाने वाले और पार्टी के मुख्य सचेतक ने पत्र लिख कर राज्यसभा चुनाव में अपनी जिम्मेदारी से मुक्ति की प्रार्थना की थी। बताया जा रहा है कि वे भाजपा में शामिल होने वाले हैं। राजनीतिक दलों के संचालन में मुखिया का व्यवहार बहुत मायने रखता है। अगर अखिलेश यादव अपने नेताओं और साथी संगठनों को साथ लेकर चल पाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं, तो यह उनकी पार्टी के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। हालांकि राज्यसभा चुनाव में दलीय बाडबंदी को धता बताते हुए दूसरे दल के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करना कोई नई बात नहीं है।

कई विधायक दूसरे दल के प्रत्याशी को इसलिए भी मतदान कर देते हैं कि उससे उनके अच्छे संबंध होते हैं। हिमाचल प्रदेश में यह गणित भी काम आया। मगर इस तरह राजनेताओं की निष्ठा तो प्रश्नांकित होती ही है। न केवल पार्टी के प्रति, बल्कि उन मतदाताओं के प्रति भी, जिनके मतदान से उन्होंने विजय हासिल की है। इसी प्रवृत्ति पर रोक लगाने के मकसद से दलबदल कानून बना था, मगर उसकी काट अक्सर निकाल ली जाती है। महाराष्ट्र और गोवा इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं, जहां दूसरी पार्टी से चुनाव जीत कर आए विधायक उन्हीं दलों से हाथ मिला कर सरकार में शामिल हो गए, जिसके खिलाफ चुनाव लड़े थे। ऐसे मामलों में न तो पार्टियां कुछ कर पाती हैं और न चुनाव आयोग कोई ठोस रास्ता निकाल पाता है। इसलिए दलबदल कानून को नए सिरे से प्रभावशाली बनाने की अपेक्षा स्वाभाविक है।

## दो दशक के भीतर बदल गयी लोगों की मानसिकता, अब खान-पान की बजाय दूसरी चीजों पर बढ़ गया है खर्च

**( डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा )**

आश्चर्य की बात यह है कि यह बदलाव केवल शहरी क्षेत्रों में हो ऐसा नहीं हैं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार लगभग समान ही नहीं अपितु शहरी क्षेत्र से अधिक ही है।

ऐसा नहीं है कि इस दौरान प्रति व्यक्ति व्यय में कमी आई हो अपितु प्रति व्यक्ति व्यय में लगातार बढ़ोतरी ही देखने को मिल रही है। यह रुझान तेजी से बदलती प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट करता है। एक और तथ्य यह है कि कि खाद्यान्न के उपयोग में कमी आई हैं वहीं अखाद्य सामग्री की खरीद में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दरअसल यह बदलाव बदलते परिदृश्य को भी स्पष्ट करता है। एनएसएस की रिपोर्ट का समग्र विश्लेषण किया जाए तो खाने-पीने की वस्तुओं में चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, दोनों ही जगह ब्रेवरेज यानि की पेय पदार्थों और प्रोसेस्ड फूड यानी की डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ा है पर इन्हें भी शामिल कर लिया जाये तो भी खान-पान पर होने वाला व्यय 1999-00 की तुलना में 2022-23 आते आते बहुत कम हो गया है वहीं अखाद्य वस्तुओं पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा दिल खोलकर पैसा खर्च किया जा रहा है।

लगता है जैसे अब लोगों की समान रूप से प्राथमिकताएं बदल गई हैं। बल्कि यह कहना अधिक युक्तिसंगत होगा कि अब रहन-सहन और सुख सुविधाओं के उपयोग में गांव किसी तरह से भी शहरों से पीछे नहीं रहे हैं। बल्कि रिपोर्ट से तो यही उभर कर आता है और यह स्पष्ट हो गया है कि माल संस्कृति के बावजूद अब उत्पादकों को ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा बाजार मिलने लगा है। इसे अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत भी माना जा सकता है तो दूसरी और मानें या ना मानें पर सर्वे से तो यही स्पष्ट हो रहा है कि अब गांव गांव नहीं रहे और वह शहरों से कहीं पीछे नहीं रहना चाहते।

> एनएसएस की रिपोर्ट का समग्र विश्लेषण किया जाए तो खाने-पीने की वस्तुओं में चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, दोनों ही जगह ब्रेवरेज यानि की पेय पदार्थों और प्रोसेस्ड फूड यानी की डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ा है। नेशनल सैंपल सर्वे की हालिया रिपोर्ट में रहन-सहन और खान-पान के प्रति देशवासियों में जबरदस्त बदलाव देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर 1999-00 से 2022-23 के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं पर खर्चे में तेजी से कमी देखी जा रही हैं वहीं खाने-पीने से इतर अन्य पर खर्च में बड़ा उछाल सामने आ रहा है।

यही कारण है कि उत्पादकों द्वारा अब ग्रामीण क्षेत्र को भी टारगेट बनाकर रणनीति तैयार की जाने लगी है। देश में दो दशक में ही आये ड्रास्टिक बदलाव को आंकड़ों की भाषा में समझें तो ग्रामीण क्षेत्र में 1999-00 में खाद्य सामग्री पर 59.40 प्रतिशत राशि व्यय की जा रही थी वहीं 2022-23 आते आते यह घटकर 46.38 प्रतिशत ही रह गई। खास बात यह कि इसमें तेजी से बदलाव खासतौर से पिछले एक दशक में देखा गया है। इसी तरह से शहरी क्षेत्र की बात की जाए तो 1999-00 में खाद्यान्न पर खर्चा 48.06 प्रतिशत राशि की जाती थी जो 2022-23 आते आते कम होते हुए 39.17 प्रतिशत रह गई।

सबसे खास बात यह कि खाद्यान्न में जो कमी आई है भले ही उसके पीछे विशेषज्ञ एक कारण सरकार द्वारा खाद्य सामग्री का निःशुल्क व कम कीमत पर वितरण माना जा रहा है पर यह गले उतरने वाली बात इसलिए नहीं है क्योंकि खाद्य सुरक्षा के तहत एक सीमा तक ही निःशुल्क खाद्य सामग्री का वितरण हो रहा है। हां कुछ हद तक खाने-पीने के बदलाव की बात कही जाती है पर यह भी सही नहीं मानी जा सकती क्योंकि डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों के उपयोग में उतनी बढ़ोतरी नहीं दिख रही जितनी खाद्यान्न के उपयोग में कमी आई है। लगता है जैसे खाद्यान्न से लोगों का मोहभंग होता जा रहा है। पर इसे भविष्य के लिए शुभ संकेत भी नहीं माना जा सकता।

1999-00 में ग्रामीण क्षेत्र में खाद्यान्न व खाद्यान्न के विकल्पों पर 22.23 प्रतिशत राशि व्यय होती थी जो दो दशक में ही कम होते होते इकाई की संख्या यानी कि 6.92 प्रतिशत पर आ गई है। यह तो गांवों की स्थिति है। शहरों में भी खाद्यान्न व खाद्यान्न उत्पादों पर होने वाला व्यय 12.39 से कम होकर 4.51 प्रतिशत रह गया है। दूसरी और खाद्य सामग्री में ही ब्रेवरेज और प्रोसेस्ड फूड को लिया जाये तो इसका उपयोग शहरी क्षेत्र में 6.35 प्रतिशत से बढ़कर 10.64 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 4.19 प्रतिशत से बढ़कर 9.62 प्रतिशत हो गया है। दूसरी ओर अखाद्य वस्तुओं की खरीद की बात की जाए तो ग्रामीण क्षेत्र में 40.60 प्रतिशत से बढ़कर 53.62 प्रतिशत हो गई तो शहरी क्षेत्र में 51.94 प्रतिशत से बढ़कर 60.83 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसमें भी ज्यादा उछाल ड्यूरेबल आइटम्स में देखा जा रहा है। लोगों की रुचि वाहन, एसी, फ्रीज, ओवन, फ्लैट्स या मकान आदि की ओर बढ़ा है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि कपड़े-जूते और इसी तरह की निजी उपयोग की वस्तुओं पर व्यय में कमी आई है।

दरअसल यह दो दशक में देशवासियों के बदलते मिजाज की तस्वीर है। पर खाने पीने की वस्तुओं के उपयोग में कमी आना, डिब्बा बंद व पेय पदार्थों के उपयोग में बढ़ोतरी चिंता का विषय होनी चाहिए। इसी तरह से ड्यूरेबल आइटम्स के लिए जिस तरह से पर्सनल और अन्य तरह के लोन लेने व क्रेडिट कार्ड के उपयोग के कारण कर्ज के बोझ तले दबने को भी उचित नहीं कहा जा सकता। देखा जाए तो इनसे आज की पीढ़ी व आज के लोग तनाव, कुंठा, प्रतिस्पर्धा आदि को भी बिना किसी तरह का दाम चुकाये प्राप्त करने लगे हैं। एक समय था जब दो टाइम की दाल रोटी पहली आवश्यकता व प्राथमिकता होती थी, वह दो दशक में ही नेपथ्य में चली गई लगती है। सर्वे से यह तो साफ हो गया है कि आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र लगभग एक रफ्तार से एक ही दिशा में बढ़ रहे हैं और गांव शहर का भेद कम हो रहा है पर खाने पीने की आदतों में बदलाव भविष्य की चिंता का कारण बन सकता है।

## राज्यसभा चुनाव में पाला बदल पर अटल की नैतिकता की याद दिलाने वाले चाहते क्या हैं?

**( नवीन कुमार पाण्डेय)**

हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में क्रमशः कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के कुछ विधायकों ने राज्यसभा चुनावों में बीजेपी उम्मीदवारों के पक्ष में वोट दे दिए। मौका मिला तो एक वर्ग ने पुराना राग अलापना शुरू कर दिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का संसद में दिया एक बेहद चर्चित भाषण याद दिलाया जाने लगा। अटल को याद करने वाले लोग मौजूदा बीजेपी नेतृत्व को अनैतिक करार देने में जुट गए। ऐसा वो पहले भी करते आए हैं। वो कुछ इस अंदाज में बात करते हैं कि कहां वो अटल जी की बीजेपी और कहां आज की मोदी-शाह की बीजेपी। अटल की बीजेपी उम्मीद थी जबकि मोदी-शाह की बीजेपी हताशा। संभव है उनका यह दावा सच भी हो, लेकिन उम्मीद और हताशा की परिभाषा परिस्थितियों पर निर्भर करती है। अगर कोई तरकीब वांछित परिणाम दे रही हो तो उम्मीद की किरण बन जाती है और असफलता पर असफलता दिलाती हो तो वही हताशा का सबब हो जाती है। इसलिए कहते हैं कि एक ही तरकीब हर वक्त, हर जगह, हर परिस्थिति में उपयुक्त साबित नहीं हो सकती। इसलिए जैसा देश, वैसा वेष की कहावत को व्यापक मान्यता प्राप्त है।

खैर, आइए चलते हैं अटल जी के भाषण के उस अंश पर जिसे मौजूदा बीजेपी नेतृत्व को हीन साबित करने के औजार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। 'पार्टी तोड़कर, सत्ता के लिए नया गठबंधन करके अगर सत्ता हाथ में आती है तो मैं ऐसी सत्ता को चिमटे से भी छूना पसंद नहीं करूंगा।' अटल बिहारी वाजपेयी ने 28 मई, 1996 को यह बात लोकसभा में तब कही थी जब वो अपनी 13 दिन पुरानी सरकार के विरोध में पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। उसी भाषण में अटल जी ने ये भी कहा था, 'इस सदन एक-एक व्यक्ति की पार्टियां हैं। एकला चलो रे। अपने चुनाव क्षेत्र से एकला चलो रे और दिल्ली में आकर इकट्ठे हो जाओ रे। किसलिए? देश सेवा के लिए?'

वो आगे कहते हैं, 'आप सोचते हैं कि हमें छोड़कर सत्ता बनाना चाहते हैं और आप समझते हैं कि वो सरकार टिकाऊ होगी। मुझे तो उसके टिकने के लक्षण नहीं दिखाई देते।' देश जानता है कि अटल की वह सरकार गिराकर पहले एचडी देवगौड़ा और फिर इंद्र कुमार गुजराल की जो सरकारें बनीं वो कितनी चलीं। क्या अटल जो सदन में कह रहे थे, वह देश को या अन्य पार्टियों को पता नहीं था? सब जानते थे कि अटल की सरकार गिराकर बनने वाली नई सरकार बंदरबांट पर ही आधारित होगी, लेकिन देश ने वो देखा। सवाल है कि तब नैतिकता कहां चली गई थी?

वही अटल बिहारी वाजपेयी की दूसरी बार बनी सरकार 1999 में फिर से अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही थी। 17 अप्रैल, 1999 को अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हो रही थी। अटल की सरकार एक वोट से गिर गई। जानते ही हैं कैसे? मंगलवार को राज्यसभा चुनावों में विधायकों के पाला बदल की खबरें आते ही 'अंतरात्मा की आवाज' का खूब मजाक बना। मीडिया में भी तंज कसा गया कि कैसे चुनावों के वक्त नेताओं की अंतरआत्मा जाग जाती है! 1999 में अटल की सरकार को भी 'अंतरात्मा की आवाज' ने ही धराशायी किया था। कांग्रेस सांसद गिरिधर गोमांग ओडिशा के मुख्यमंत्री की शपथ ले चुके थे, लेकिन लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया था। वो वोटिंग के वक्त सदन में आ गए।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5298

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5297

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन अच्छा है।आज का दिन मानसिक परेशानियों से भरा रह सकता है। छोटी-छोटी बातों में कष्ट परेशान करेंगे। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी।

### वृष
आज का दिन शुभ और उन्नतिदायक रहेगा। पुराने संकट दूर होंगे और करियर को नई उड़ान मिल सकती है। युवाओं को जॉब के नए अवसर मिलेंगे। व्यापारिक जीवन उत्तम रहेगा।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। नौकरी में बदलाव के साथ उन्नति होगी, नए कार्य-व्यापार प्रारंभ करने के लिए सही समय है। विद्यार्थी वर्ग संतुष्ट रहेंगे। युवाओं को विदेश यात्रा के योग बनेंगे।

### तुला
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होगी। अवसरों और संबंधों का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य कुछ ठीक रहेगा।

### वृश्चिक
आज प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। परिवार के साथ पर्यटन का सुअवसर आएगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आर्थिक लाभ के अवसर आएंगे।

### धनु
आज दांपत्य जीवन में कष्ट आएगा। जरूरतों पर खर्च अधिक होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। नौकरीपेशा को उच्चाधिकारियों से परेशानी हो सकती है।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। कार्यों की भागदौड़ कम होगी, स्वास्थ्य ठीक रहेगा। पारिवारिक सुखों पर खर्च करेंगे। भूमि, भवन, संपत्ति संबंधी कार्य होंगे। आर्थिक स्थिति में पहले से सुधार आएगा।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लेकर आएगा। रोगों से मुक्ति मिलेगी। इन पर हो रहा खर्च भी कम होगा। आर्थिक लाभ के अनेक अवसर मिलेंगे। नया कार्य प्रारंभ करने के लिए समय ठीक है।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होगा। खानपान संतुलित रखेंगे तो कोई परेशानी नहीं आएगी। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवार के साथ घूमने जा सकते हैं।

### मकर
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। नौकरी में उन्नति, व्यापार में लाभ होगा। हालांकि व्यापारियों को धन की आवश्यकता पड़ सकती है। फैमिली संग टाइम बिताएंगे, मन शांत रहेगा।

### कुंभ
आज किसी पुराने मित्र से मिलना हो सकता है। स्वास्थ्य में पहले से सुधार आएगा। माता-पिता को सम्मान और सुख दें। प्रेम संबंध मधुर बनेंगे। नए प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं।

### मीन
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। भूमि, संपत्ति, भौतिक सुख और आनंददायक कार्यों पर धन खर्च करेंगे। माता-पिता, परिवार के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। नए प्रेम संबंध प्राप्त होंगे।

## वर्ग पहेली 5298

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | ■ | 8 | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | 12 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 |
| 15 | 16 | | 17 | ■ | 18 | 19 | |
| 20 | | ■ | | ■ | 21 | | |
| 22 | | 23 | | ■ | 24 | | ■ |
| ■ | 25 | | ■ | 26 | ■ | ■ | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत के छठे प्रधानमंत्री जो स्वाधीनता के सेनानी थे इनका निधन 10 अप्रैल 1995 को हुआ था (7)
6. किसी भी पक्ष की तीसरी तिथि (2)
7. तेरा या तेरी (संस्कृत) (2)
8. कंध, जुलाहे की कूंची, स्कंध (2)
9. भर्त्सना, धिक्कार, तिरस्कार (3)
11. मेघ विद्युत, ऐरावती, तड़िता (3)
13. सिलवट, शिकन, सिकुड़न (2)
15. प्रसिद्धि, शोहरत, ख्याति (2)
18. भाग्य, तकदीर (3)
20. समाधान, निष्पत्ति, निराकरण (3)
21. चुभना, रह-रहकर पीड़ा उठना (3)
22. रूपवान, सुंदर रूप वाल (4)
24. यह शब्द क्रिकेट से संबंधित है (2)
25. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा (2)
26. शास्त्रीय संगीत में पंचम स्वर (1)

**ऊपर से नीचे**

1. हमारे प्रथम प्रधानमंत्री के पिता (7)
2. राजा के लिए प्रयुक्त शब्द (3)
3. यह करिश्मा कपूर की अभिनेत्री मां बबीता की अंतिम फिल्म थी, फतह (2)
4. यह शतरचंद्र चटर्जी की प्रसिद्ध कृति है (4)
5. मां दुर्गा को यह भी कहते है (3)
10. सद्‌गति प्राप्त करना, भवसागर से पार उतरना (3)
12. सबसे प्रेमपूर्वक मिलने-जुलने वाला (5)
14. अत्याचार सहना, नतोदर होना (3)
16. विलाप करना, कल्पना करना (4)
17. सख्याओं का जोड़फल, परिकलन (3)
19. आर्द्रता, नमीपन (3)
23. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन (2)

### वर्ग पहेली 5297 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ई | रा | न | ■ | श | ह | द | ■ |
| श्व | स | न | ■ | ऊ | र्जा | वा | न |
| र | ■ | सा | हि | र | ■ | खा | द |
| आ | तु | र | ता | ■ | घ | ना | ■ |
| ज्ञा | त | ■ | हि | सा | ब | ■ | ब |
| ■ | ला | ग | त | ■ | रा | ज | द |
| ज | ना | ब | ■ | ■ | ह | या | त |
| न | ■ | न | ट | ख | ट | ■ | र |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, मो.-9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी के स्वागत में एक गलती... धनबाद के डीसी पर गिरी गाज, चंपई सोरेन ने लिया कड़ा एक्शन

रांची, एजेंसी। धनबाद में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान ड्यूटी में कोताही बरतने के कारण सरकार ने कार्रवाई करते हुए डीसी वरुण रंजन को पद से हटा दिया है। माधवी मिश्रा धनबाद की नई उपायुक्त बनाई गई हैं। बताया जाता है कि वरुण रंजन की गलती के कारण धनबाद में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीऑफ नहीं कर पाए थे। सीऑफ के लिए जाने के क्रम में एक वाहन खराब हो गया था, जबकि दूसरा वाहन डीसी समय पर उपलब्ध नहीं करा सके। पीएम और सीएम के जाने के बाद शाम होते-होते वरुण के तबादले का आदेश आ गया। माधवी रांची में झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम में प्रबंध निदेशक के पद पर थीं। वह 2015 बैच की आइएएस अधिकारी हैं। वह रामगढ़ में डीसी तथा हजारीबाग में नगर निगम आयुक्त पद पर रह चुकी हैं। वह लखनऊ की रहनेवाली हैं। वरुण रंजन को झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम, रांची का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। पीएम के कार्यक्रम के ठीक बाद उपायुक्त वरूण रंजन का तबादला होने से तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। वरुण रंजन अपने कार्यकाल में कोई छाप नहीं छोड़ सके। उनकी कार्यशैली भी विवादों में रही। अफसरों की शिकायत थी कि वह घंटों मीटिंग करते थे। अफसरों को काम करने का समय नहीं मिल पाता था। धनबाद की ज्वलंत मुद्दों पर वह कुछ कर नहीं सके। शहर का अतिक्रमण हो या फिर तालाबों का, वह कुछ कर नहीं सके। दुर्गापूजा से लेकर छठ पर्व तक रानी बांध को लेकर जो दुर्दशा हुई, उसे लोग भूल नहीं सकेंगे।

### फ्लैट खरीदारों से धोखाधड़ी करनेवालों पर कार्रवाई, रांची, बोकारो के 9 बिल्डरों के बैंक खातों से निकासी पर रोक

रांची, एजेंसी। झारखंड रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (झारेरा) ने फ्लैट खरीदारों से धोखाधड़ी करने वाले बिल्डरों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। तीन माह में प्रोजेक्ट की प्रगति की जानकारी नहीं देने, खरीदारों को एग्रीमेंट के अनुसार निर्धारित तिथि पर फ्लैट हैंडओवर नहीं करने सहित अन्य शर्तों के उल्लंघन करनेवाले बिल्डरों पर जुर्माना के साथ लेन-देन पर रोक लगाए जा रहे हैं। झारेरा चेयरमैन बीरेंद्र भूषण ने नोटिस का जवाब नहीं देने वाले 9 बिल्डरों के बैंक खातों से निकासी पर रोक लगा दी है। इनमें रांची के डोरंडा स्थित सिल्वर हाइट्स प्रोजेक्ट, चुटिया मकचुन टोली स्थित शिव साईं वाटिका, तुपुदाना स्थित मन्ती अपार्टमेंट शामिल हैं। बोकारो के हरिओम अपार्टमेंट, चास के सरजू कंस्ट्रक्शन, जसीडीह के पंकज अपार्टमेंट, जमशेदपुर के लक्ष्य एसएस एन्क्लेव, हजारीबाग के राज साक्षी अपार्टमेंट और धनबाद स्थित रॉयल-3 अपार्टमेंट के बिल्डर शामिल हैं। इनके बिल्डरों के खातों से अगले आदेश तक किसी भी तरह से पैसे की निकासी नहीं होगी। वहीं, तिमाही रिपोर्ट नहीं देने पर डोरंडा स्थित सिल्वर हाइट्स, हजारीबाग के सांई साधना वाटिका व गिरिडीह के श्री कन्हैया हाउसिंग प्रोजेक्ट पर 1.75 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। झारेरा चेयरमैन ने 5 प्रोजेक्ट के बैंक खातों से निकासी पर लगाई गई रोक हटा ली है। बिमला एन्क्लेव एंड शांत्यान मार्केट, क्लाउड-9, राज रेसीडेंसी, बालेश्वरी टॉवर, रेसीडेंसी प्लेस के बिल्डरों ने लगाए गए जुर्माना का भुगतान कर दिया। इसके बाद उनसे संबंधित मामले का निपटारा करते हुए इनके बैंक खातों से पैसे की निकासी पर लगाई गई रोक हटा ली गई।

### तीन दिनों से लापता 60 वृद्ध महिला का शव कुंआ से बरामद

गुमला, एजेंसी। सदर थाना क्षेत्र के पंडरिया कुलाबिरा निवासी 60 वर्षीय बृहस्पति देवी का शव कुंआ से पुलिस ने शुक्रवार को बरामद की। बृहस्पति देवी 26 फरवरी से देर शाम से ही घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कही कुछ पता नहीं चल पाया। शुक्रवार को बृहस्पति देवी के घर से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित एक कुंआ में ग्रामीणों ने महिला का शव देखा। जानकारी मिलने पर परिजन पहुंचे और शव की पहचान बृहस्पति देवी के रूप में की। ग्रामीण व परिजनों की मदद से शव को कुंआ से बाहर निकाला गया। शव को बाहर निकले जाने पर बृहस्पति देवी के कान व नाथ में पहने सोने के आभूषण मौजूद नही थे। घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी गई।

# एचईसी की दुकानें-बाजार रहे बंद, थाना घेरा; दो लाख आबादी परेशान



रांची, एजेंसी। एचईसी इलाके के सभी बाजार, हाट और स्थायी दुकानें शुक्रवार को पूरी तरह बंद रहीं। हाट-बाजारों से निर्धारित दर से अधिक मासूल वसूले जाने के विरोध में दुकानों बंद रहीं। इस कारण करीब दो लाख से ज्यादा की आबादी परेशान रही। विरोध के कारण शुक्रवार को शालीमार बाजार भी नहीं लगा। इलाके में सब्जी और मांस-मछली की सभी दुकानें बंद रहीं। इस कारण इलाके के दो लाख लोगों को सब्जी और दिनचर्या के सामान खरीदने में परेशानी हुई। लोगों को एचईसी इलाके से बाहर जाकर सामान खरीदने पड़े।

शालीमार के करीब एक हजार फुटकर सब्जी व्यवसायियों ने सुबह नौ बजे रैली निकाली और विभिन्न बाजारों से होते हुए धुर्वा थाना पहुंचे। थाना परिसर के समक्ष रैली में शामिल लोगों ने करीब 10 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक धुर्वा थाना का घेराव किया। करीब सात घंटे तक चले इस घेराव में शामिल लोगों को हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्र ने आश्वासन दिया, तब जाकर घेराव समाप्त हुआ। इस घेराव कार्यक्रम में पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह, पप्पू समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

**शाम में पहुंचे डीएसपी ने दुकानदारों की सुनीं समस्याएं :** करीब साढ़े चार बजे के बाद धुर्वा थाना पहुंचे डीएसपी मिश्रा ने सब्जी व्यवसायियों की समस्याओं पर बात की। व्यवसायियों ने उन्हें बताया कि शालीमार और सेक्टर दो समेत अन्य बाजारों में ठेकेदार निर्धारित दर से अधिक मासूल की जबरन वसूली कर रहे हैं। प्रति दुकान की जगह प्रति बोरे के हिसाब से महसूल वसूल रहे हैं। इस पर आंदोलनकारियों को डीएसपी ने समाधान का आश्वासन दिया।

**निर्णय अभी एचईसी के दुकानदार नहीं देंगे मासूल :** एचईसी के सब्जी और मांस-मछली विक्रेता फिलहाल मासूल नहीं देंगे। यह निर्णय एचईसी श्रमिक संघ से जुड़े एचईसी फुटपाथ विक्रेता संघ ने शुक्रवार को लिया। संघ ने कहा कि जब तक निर्धारित दर पर ही मासूल वसूलने का समझौता नहीं हो जाता, तब तक एचईसी के सब्जी और बाजार- हाट के विक्रेता मासूल नहीं देंगे। एचईसी इलाके में शालीमार, सेक्टर दो, धुर्वा बस स्टैंड, झोपड़ी मार्केट और जेपी मार्केट में बाजार लगते हैं। संघ ने कहा है कि एचईसी प्रबंधन और प्रशासन को भी इस मामले में हस्तक्षेप कर निर्धारित दर पर ही मासूल की वसूली सुनिश्चित करे। शालीमार और सेक्टर दो बाजार में सप्ताह में दिन बाजार लगता है। शेष इलाके में हर दिन सब्जी दुकान लगती है।

**विधायक और सांसद का दुकानदारों को समर्थन :** व्यवसायियों ने बताया कि आंदोलन को विधायक राजेश कच्छप ने भी समर्थन दिया है। उन्होंने बताया कि सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल सहित अन्य जन प्रतिनिधियों ने मोबाइल पर संदेश भेजकर इस आंदोलन को समर्थन दिया है।

## कांग्रेस विधायकों ने अपनी ही गठबंधन वाली सरकार को घेरा

रांची, एजेंसी। आम तौर पर विधानसभा सत्रों के दौरान विपक्षी विधायक सरकार के कामकाज पर सवाल उठाते नजर आते हैं तो वहीं सत्ता पक्ष अपनी सरकार की पीठ ठोंकता दिखता है। लेकिन झारखंड में सियासी हवा का अजीब रुख सामने आ रहा है। मौजूदा वक्त में कांग्रेस विधायक ही अपनी गठबंधन सरकार के सामने सूबे में व्याप्त समस्याओं को उठा रहे हैं। झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल कांग्रेस विधायकों ने शुक्रवार को विधानसभा में स्वास्थ्य संबंधी कई मुद्दे उठाए। कांग्रेस विधायक उमा शंकर अकेला ने सहायक नर्सों और मिडवाइफ (एएनएम), जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम), लैब सहायक, एक्स-रे तकनीशियन, पोषण दीदी और फार्मासिस्ट समेत 2,000 से अधिक अनुबंध स्वास्थ्य कर्मचारियों के नियमितीकरण पर चिंता जताई। अकेला ने दावा किया कि एक दशक से अधिक समय तक राज्य में सेवा देने के बावजूद, इन कर्मचारियों को अभी तक नियमित नहीं किया गया है। कांग्रेस विधायक उमा शंकर अकेला की ओर से उठाई गई समस्या का झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जवाब दिया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि कर्मचारियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एक कार्यक्रम के तहत काम पर रखा गया था। इन स्वास्थ्य कर्मियों का पारिश्रमिक कम है। मैं इस मुद्दे को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष उठाता रहा हूं। कुल मिलाकर सरकार की ओर से इस मामले को केंद्र के माथे मढ़ दिया गया। एक अन्य कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने अपने विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक और उप-स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों, नर्सों और दवाओं की कमी पर प्रकाश डाला। हालांकि इस बार स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य में डॉक्टरों की कमी को स्वीकार किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह एक राष्ट्व्यापी मुद्दा है। उन्होंने कच्छप को आश्वासन दिया कि वह उनके निर्वाचन क्षेत्र में लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि न केवल झारखंड में, वरन पूरे देश में डॉक्टरों की कमी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विधायक के निर्वाचन क्षेत्र में 25 उप-स्वास्थ्य केंद्र, दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। मैं इलाके के लोगों की समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करूंगा। सनद रहे हाल ही में कैबिनेट विस्तार के दौरान कुछ कांग्रेस विधायकों के नाराज होने और उनमें से कुछ के दिल्ली पहुंचने की खबरें सामने आई थीं।

# धनबाद मेडिकल कॉलेज में आग, नवजात की मौत, अफरा-तफरी के बीच 8 बच्चे लापता



धनबाद, एजेंसी। धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में शुक्रवार की रात आग लग गई। आग डायलिसिस सेंटर में लगी, जिसने देखते ही देखते पूरे वार्ड को अपनी चपेट में ले लिया। पूरे वार्ड में धुआं भर गया। नियो नेटाल केयर यूनिट में भर्ती एक नवजात की मौत की भी सूचना है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

आग लगने से पास के पेडियाट्रिक, गाईनी, मेल मेडिसिन, आई एंड ईएनटी, ऑर्थोपेडिक्स और दूसरे विभागों में भी धुआं भरने लगा। इसके बाद भगदड़ मच गई। मरीज और कर्मचारी इधर-उधर भागने लगे।

परिजनों ने अपने मरीजों को ग्रिल तोड़कर बाहर निकाला। इस अफरातफरी के बीच एनआईसीयू और एसएनसीयू वार्ड में भर्ती 8 बच्चे लापता बताए जा रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन बच्चों की खोज कर रहा है।

एसएनएमएमसीएच के डायलिसिस यूनिट में आग लगने से दूसरे फ्लोर में हृष्ट-स्थ्ष्ट में धुआं भर गया था। इस वार्ड में हादसे से करीब एक घंटे पहले तोपचांची के एक नवजात को एडमिट कराया गया था। धुआं भरने की वजह से नवजात की मौत हो गई। हालांकि इसकी पुष्टि न तो अस्पताल प्रबंधन ने की और न ही उसके परिजनों ने।

जानकारी के मुताबिक एनआईसीयू और एसएनसीयू में 22 बच्चे भर्ती थे। आग लगने के बाद मची अफरा-तफरी के बीच परिजन सबको लेकर भागे। आग बुझाने के बाद बच्चों की खोजबीन शुरू हुई। 22 में 14 बच्चे मिले बाकी आठ का पता नहीं चल पाया। अस्पताल प्रबंधन बच्चों की खोज कर रहा है।

पेडियाट्रिक वार्ड में 7 नवजात और कई बच्चे भर्ती थे। उन्हें उठाकर उनके माता-पिता और परिजन बाहर भागे। आग लगने की घटना की जानकारी मिलने पर सरायढेला थाने की पुलिस भी पहुंच गई। जवानों ने अस्पताल में तैनात आउट सोर्स कर्मियों के साथ मिलकर मरीज और उसके परिजनों को बाहर निकाला। करीब 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।

एसडीएम उदय रजक वार्डों की स्थिति और मरीजों की सुरक्षा का जायजा लिया। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है।

## चांडिल डैम से सीधे डिमना लेक पानी लाकर शहर में हो पेयजलापूर्ति : सरयू

जमशेदपुर, एजेंसी। जमशेदपुर एवं आसपास के इलाकों में पीने के लिए शुद्ध पानी की आपूर्ति सीधे चांडिल डैम से होगी। इसको लेकर जल संसाधन विभाग के मंत्री बसंत सोरेन स्वयं जमशेदपुर आएंगे और टाटा स्टील सहित अन्य सक्षम प्राधिकार के साथ बैठक कर आगे की कार्रवाई करेंगे। यह आश्वासन मंत्री बसंत सोरेन ने विधायक सरयू राय के अल्पसूचित प्रश्न का उत्तर देने के क्रम में सदन में दिया।

प्रश्न पूछते हुए सरयू राय ने सदन को बताया कि राष्ट्रीय जल नीति 1987, 2002 और 2012 के अनुसार किसी भी जलाशय के पानी का उपयोग करने में पेयजल की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल चांडिल डैम से ही पानी स्वर्णरेखा नदी में आता है और जमशेदपुर, मानगो, मोहरदा आदि पेयजलापूर्ति योजनाओं से नदी का पानी खींचकर उसे शुद्ध कर पीने के लिए दिया जाता है। परंतु कुछ दिनों से स्वर्णरेखा, खरकई नदियों में औद्योगिक एवं नगरीय प्रदूषण बढ़ जाने से इन्हें साफ करने में दिक्कतें आ रही हैं और खर्च बढ़ रहा है। कोशिश के बावजूद मोहरदा पेयजलापूर्ति से पीने लायक साफ पानी लोगों को नहीं मिल रहा है। कभी-कभी नदी में प्रदूषण इतना बढ़ जाता है कि पानी साफ करने वाला संयंत्र बंद करना पड़ता है। इसलिए चांडिल डैम से सीधे डिमना लेक में पानी डाल दिया जाए और वहां से मानगो होकर पहले से बिछी पाइपलाइन से वह पानी टाटा स्टील के जल शुद्धिकरण संयंत्र तक आ जाएगा। यदि उस पाइपलाइन को मोहरदा तक बढ़ा दिया जाए तो जमशेदपुर के लोगों के साथ ही बिरसानगर, बारीडीह, बागुनहातु, बागुननगर के लोगों को पीने का शुद्ध पानी मिलेगा। राय ने कहा कि चांडिल डैम के पानी से जमशेदपुर, मानगो, जुगसलाई, बागबेड़ा, परसूडीह आदि इलाकों में भी स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो सकती है। विधायक के प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री ने कहा कि सतनाला डैम से जलापूर्ति करने में कोई दिक्कत नहीं है। परंतु डिमना लेक पर टाटा स्टील का स्वामित्व है, इसलिए इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए एक बार टाटा स्टील के साथ बातचीत करना जरूरी है।

# झारखंड में तीन दिन होगी बारिश, अलर्ट जारी; मार्च के पहले हफ्ते में कैसा रहेगा मौसम



रांची, एजेंसी। झारखंड में मौसम में बदलाव का सिलसिला मार्च में भी जारी रहने का अनुमान है। मार्च के पहले सप्ताह में बादल छाए रहेंगे। तीन दिनों तक राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, 29 फरवरी को देश के पश्चिमोत्तर भाग में आए पश्चिमी विक्षोभ का असर दो से पांच मार्च तक रह सकता है।

**तीन दिन होगी बारिश :** तीन से पांच मार्च तक राज्य में हल्के से मध्यम स्तर की बारिश होगी। तीन को तेज हवा के साथ बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पांच के बाद मौसम साफ होगा, लेकिन उसके बाद फिर मौसम बदलाव का अनुमान है। वहीं मौसम विज्ञान केन्द्र के अभिषेक आनंद ने कहा कि मार्च के पहले पखवाड़े के दौरान मौसम में बदलाव का क्रम जारी रहेगा।

**5 से 6 डिग्री तक पारा में होगा उतार-चढ़ाव :** राजधानी समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में मौसम में बदलाव के कारण न्यूनतम और अधिकतम तापमान में पांच डिग्री तक उतार-चढ़ाव होने का अनुमान है। रांची समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गुरुवार को मौसम साफ रहा। रांची का अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री और न्यूनतम 15.9 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान चाईबासा का 31.8 डिग्री रहा।

**चढ़ने वाला है पारा**

जमशेदपुर और मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री को पार कर चुका है। अधिकतम में अभी और वृद्धि हो सकती है। जबकि, जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री पर पहुंच गया है। दो मार्च के बाद मौसम में बदलाव होते ही अधिकतम में पांच से छह डिग्री तक गिरावट हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, 29 को देश के पश्चिमोत्तर देश में विक्षोभ के आने के बाद एक और विक्षोभ एक से दो मार्च के बीच आने वाला है। इसका प्रभाव मैदानी इलाकों के साथ साथ झारखंड में पड़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है। मौसम बदलाव के साथ अगले 15 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान 28 से 35 डिग्री तक रहने का अनुमान है। वहीं न्यूनतम तापमान 14 से 19 डिग्री तक रहने की संभावना है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- राज्यकर्मियों की स्वास्थ्य बीमा योजना एक माह में

रांची, एजेंसी। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना एक महीने में लागू हो जाएगी। इसकी प्रक्रिया चल रही है। यह सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। सरकार कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पांच से 10 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने जा रही है। इसके लिए बीमा एजेंसी के चयन की प्रक्रिया चल रही है।

बन्ना गुप्ता शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र में झामुमो विधायक समीर मोहंती के सवाल का जवाब दे रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा किइस योजना में पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया जाना है। मरीजों को एयर लिफ्ट करने का भी प्रावधान होगा। इस पर स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि सरकार जब यह योजना लागू करे तो विधानसभा के सदस्यों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। समीर मोहंती ने कहा था कि राज्यकर्मियों व सेवानिवृत्त कर्मियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और उस पर होने वाले खर्च की भरपाई से संबंधित आदेश 31 जुलाई 2023 को जारी किया गया था।

## पीएम मोदी के वार पर जेएमएम का पलटवार, पूछा- अपने नेताओं पर कब लेंगे एक्शन?

रांची, एजेंसी। भाजपा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर पलटवार करते हुए कहा कि धनबाद में लाखों की भीड़ प्रधानमंत्री को सुनने आई थी। प्रधानमंत्री के एक-एक वाक्य पर गगनभेदी नारे लग रहे थे। इसे देखकर गठबंधन सरकार सकते में आ गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अनर्गल बयानबाजी कर रही है। प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी को यह स्पष्ट रूप से पता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में उनके गठबंधन का सफाया होने वाला है। सत्ताधारी गठबंधन के नेता हताशा, निराशा और कुंठा के दौर से गुजर रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति हुई है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने चार वर्ष में सिर्फ लूट और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। इस दौरान 70,000 करोड रुपये के घपले, घोटाले का आरोप सरकार पर लगा है। झामुमो को जिस चीज ने सबसे कचोटा है, वह प्रधानमंत्री की झारखंड में भ्रष्टाचार में लूटे गए पैसे को वापस वसूलने की गारंटी है। उधर, सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि वे भ्रष्टाचार को लेकर सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि धनबाद के कार्यक्रम में भाजपा का राजनीतिक प्रवचन हुआ। भाजपा को उन्होंने भरपूर जियो पूंजीपतियों का नाम दिया।

# प्रधानमंत्री का क्या था संकेत? 32 मिनट के भाषण में 4 बार लिया बाबूलाल मरांडी का नाम, सियासी हलचल तेज




रांची, एजेंसी। राजनीति में प्रतीकों का बड़ा महत्व होता है। यह धनबाद के बरवाअड्डा में आयोजित प्रधानमंत्री की विजय संकल्प रैली में भी देखने को मिला। यहां मंच पर प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेता बैठे थे, लेकिन अपने 32 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार बार बाबूलाल मरांडी का नाम लिया।

संबोधन की शुरुआत भी अपना पुराना मित्र बताकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को धन्यवाद देने से की और धनबाद बुलाने के लिए उनका आभार जताया। बाबूलाल मरांडी के दिए अंगवस्त्र को वह आखिरी समय तक धारण किए रहे।

खुली जीप में उनके साथ बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा दोनों थे। मंच पर भी दोनों मोदी के अगल-बगल ही बैठे थे, लेकिन मोदी की जुबान पर बस बाबूलाल मरांडी का ही नाम आया। कार्यक्रम के दौरान ही अर्जुन मुंडा मंच से नीचे कुछ आवश्यक कार्य से चले भी गए। मंच पर बाबूलाल मरांडी के साथ बांडिंग दिखाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें लेकर साफ संदेश भी दिया। इधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्हें धरती का सबसे लोकप्रिय नेता बताया। उन्होंने भरोसा दिया कि अबकी बार झारखंड की सभी 14 सीटें भाजपा जीतेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर देश और झारखंड की जनता को भरोसा है। बाबूलाल मरांडी ने अपने भाषण में आईएनडीआईए गठबंधन के भ्रष्टाचार की जमकर चर्चा की। कहा कि हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते बालू, पहाड़ और जमीन की लूट की। हेमंत सोरेन के परिवार के पास जितनी जमीन है, उतनी जमीन झारखंड के राज परिवारों के पास भी नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र की एक पहाड़ियां युवती की 56 टुकड़ों में काटकर हत्या कर दी जाती है। उनके क्षेत्र में कई लोग मलेरिया से मर जाते हैं, लेकिन हेमंत सोरेन ने कभी इसकी चिंता नहीं की। उन्होंने कहा कि झामुमो गठबंधन सरकार के समय आदिवासी सबसे पीड़ित रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन जो अबुआ आवास बांट रहे हैं, उसमें भी भ्रष्टाचार हो रहा है। मैदान में करीब 70 हजार लोग आए थे। तीन लोकसभा क्लस्टर के तहत धनबाद, गिरिडीह और कोडरमा से भाजपा कार्यकर्ता अपने समर्थकों के साथ आए थे।



**स्कूली पढ़ाई पूरी होने के बाद छात्र बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में अपना करियर बना सकते हैं। न सिर्फ देश बल्कि विदेशों में भी आर्किटेक्चर्स की डिमांड काफी बढ़ी है। इस कोर्स को कर आप अपने करियर को नई उड़ान दे सकते हैं।**

# आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में बनाएं अपना करियर विदेशों में भी है डिमांड

अगर आप भी स्कूली पढ़ाई पूरी होने के बाद अन्य स्टूडेंट्स की तरह मेडिकल आदि अपना करियर नहीं बनाना चाहते हैं तो आपके पास कई ऑप्शन हैं। जिनमें आप बेहतर करियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक आर्किटेक्चर भी है। इंजीनियरिंग क्षेत्र के महत्वपूर्ण कोर्सेस में से आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स एक है। इसमें कोर्स में एडमिशन लेने के लिए कैंडिडेट को जेईई की परीक्षा में शामिल होना होता है। आर्किटेक्चर के तौर पर आपका काम बिल्डिंगों के निर्माण, डिजाइन आदि से संबंधित होता है। बता दें कि देश के अलावा विदेशों में भी आर्किटेक्चर्स की डिमांड काफी बढ़ी है। 12वीं पास करने के बाद आप भी इस फील्ड में अपना करियर बना सकते हैं। इसमें प्रवेश लेने के लिए आपको प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

## 4 साल का कोर्स

बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स 4 साल का होता है। इस कोर्स को 8 सेमेस्टर में डिवाइड किया गया है। इसकी पढ़ाई के दौरान छात्रों को प्लानिंग, डिजाइनिंग, निर्माण, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन आदि के बारे में बताया जाता है। साथ ही सिविल इंजीनियरिंग के बुनियादी पहलुओं के बारे में भी स्टूडेंट्स को सिखाया बताया जाता है। इस कोर्स को करने वाले छात्रों में रचनात्मक, क्रिएटिविटी और कल्पना का होना जरूरी है।



## योग्यता

- बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्र को 12वीं साइंस स्ट्रीम से पास करना जरूरी है।
- 12वीं कक्षा की अंतिम परीक्षा के दौरान आप इस कोर्स के लिए अप्लाई कर सकते हैं।
- इसमें एडमिशन के लिए छात्र के कम से कम 50% अंक होना जरूरी है।
- 12वीं पीसीएम में अंग्रेजी विषय की जानकारी होना आवश्यक है।
- आरक्षित श्रेणी के छात्रों को गाइडलाइन्स के हिसाब से 5% की छूट मिलती है।



## एडमिशन प्रोसेस

आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में बीटेक कोर्स करने वाले छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए कैंडिडेट को कंडक्टिंग बॉडी द्वारा जारी किए आवेदन फॉर्म को भरना होता है। इस फॉर्म को भरने वाले कैंडिडेट को ई-मेल आईडी के जरिए अपनी शैक्षिक जानकारी और जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें। इसके बाद आपको आवेदन फीस देनी होगी। आवेदन होने के बाद प्रवेश परीक्षा में उम्मीदवारों अच्छा प्रदर्शन करना होता है। परीक्षा में रैंक के आधार पर काउंसलिंग प्रोसेस होता है। नंबर अच्छे आने के बाद छात्रों को सीट अलॉट की जाती है।

### प्रवेश परीक्षा

- जेईई मेन
- जेईई एडवांस
- डब्ल्यूजेईई
- वीआईटीईईई
- एसआरएमजेईई
- केईएएम
- एलपीयूएनईएसटी
- एनएटीए
- एपी ईएएमसीईटी

## पद

- आर्किटेक्चर – 2 से 3 लाख रुपये
- बिल्डिंग सर्वेयर – 3.5 से 4 लाख रुपये
- आर्किटेक्चरल इंजीनियर – 4 से 5 लाख रुपये
- स्ट्रक्चुरल इंजीनियर – 5 से 6 लाख रुपये
- रूरल प्लानिंग – 5 से 6 लाख रुपये
- अबर प्लानिंग – 6 लाख रुपये
- इंटिरियर डिजाइन – 5 से 6 लाख रुपये
- बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स

- निर्माण उद्योग
- डिजाइन और वास्तुकला उद्योग
- इंटीरियर डिजाइनिंग
- नगर योजना आयोग
- एयरोस्पेस उद्योग
- भारतीय रेल
- नगर निगम
- भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन
- राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लिमिटेड
- आइडिया
- शोवा सेकेई
- पलाफॉक्स एसोसिएट्स
- मोर्फोजेनेसिस
- औकेट स्वांके
- मूलरूप समूह
- प्रोगेटो सीएमआर
- बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स – उच्च शिक्षा
- एमटेक/एमई इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग
- एमबीए
- पीएचडी
- प्रतियोगिता परीक्षाएं

## कॉलेज और फीस

**इंदिरा गांधी प्रौद्योगिकी संस्थान**
कोर्स की फीस – 34,500 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 11,45,000 रुपये (सालाना)

**थंगल कुंजू मुसलियार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (टीकेएमसीई)**
कोर्स की फीस – 12, 425 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 8,00,000 रुपये (सालाना)

**चंडीगढ़ विश्वविद्यालय चंडीगढ़**
कोर्स की फीस – 1,60,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 6,00,00 रुपये (सालाना)

**निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर**
कॉलेज की फीस – 60,000 रुपये

**लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर**
कोर्स की फीस – 1,38, 200 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 20,00,000 रुपये (सालाना)

**इंडियाना इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, गोरखपुर**
कोर्स की फीस – 54, 000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 5,40,000 रुपये (सालाना)

**अखिल भारतीय प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान – [एआईआईटीएम] चेन्नई**
कोर्स की फीस – 60,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 3,00,000 रुपये (सालाना)

**केसी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ऊना**
कोर्स की फीस – 70,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 6,00,000 रुपये (सालाना)

**हिंदुस्तान प्रौद्योगिकी और विज्ञान संस्थान (एचआईटीएस) चेन्नई**
कोर्स की फीस – 2,87,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 3,80,000 रुपये (सालाना)

**स्कूल ऑफ एरोनॉटिक्स नई दिल्ली**
कोर्स की फीस – 1,80,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 4,80,000 रुपये (सालाना)

**आईआईटी, मद्रास**
कोर्स की फीस – 9.1 लाख रुपये

**एसआरएम विश्वविद्यालय**
कोर्स की फीस – 14 लाख रुपये

**एमआईटी मणिपाल**
कोर्स की फीस – 16 लाख रुपये

**अन्ना विश्वविद्यालय**
कोर्स की फीस – 5 लाख रुपये



# जेईई मेन की परीक्षा में फेल छात्रों के लिए ये हैं बेस्ट ऑप्शन

**जेईई मेन परीक्षा में कई छात्र फेल हुए हैं। फेल छात्र करियर को लेकर चिंतित हैं। इस परीक्षा में जो अभ्यर्थी फेल हुए हैं उनके लिए हम यहां पर करियर ऑप्शन बता रहे हैं।**

जेईई मेन परीक्षा में कई छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। जबकि कई छात्र फेल भी हुए हैं। फेल छात्र करियर को लेकर चिंतित हैं। ऐसे में हम बताते हैं कि जेईई मेन फेल छात्रों के लिए करियर ऑप्शन क्या हैं?

## दोबारा से करें तैयारी

अगर आप जेईई मेन की परीक्षा नहीं पास कर पाएं हैं तो दोबारा से तैयारी करें। क्योंकि कोई भी अभ्यर्थी इस परीक्षा को दो बार दे सकता है। ऐसे में तैयारी बेहतर और नई स्ट्रैटेजी के साथ करें। अगर तैयारी अच्छी होगी तो आपको सफलता पाने से कोई रोक नहीं पाएगा।

## इंजीनियरिंग परीक्षा दें

अभ्यर्थी स्टेट स्तर की इंजीनियरिंग परीक्षा दे सकते हैं। देश के लगभग सभी राज्यों की तरफ से स्टेट स्तर की परीक्षा आयोजित की जाती है। जिसके तहत विभिन्न ट्रेड में बीटेक में प्रवेश दिया जाता है। ऐसे में छात्र यूपी, दिल्ली, एमपी, हरियाणा सहित अन्य राज्यों की राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग की परीक्षा दे सकते हैं।

## प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज में लें दाखिला

जो छात्र जेईई मेंस की परीक्षा नहीं पास कर पाएं हैं, वे प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज में भी दाखिला ले सकते हैं। देश में कई ऐसे प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज हैं, जो बीटेक कराते हैं। हालांकि, छात्रों को सलाह है कि वे प्राइवेट कॉलेजों में एडमिशन लेने से पहले वेरिफिकेशन जरूर कर लें।

## दूसरे क्षेत्र में भी बना सकते हैं करियर

अगर जेईई मेन की परीक्षा में फेल हुए हैं तो छात्र कोई अन्य कोर्स भी कर सकते हैं। जैसे पांच वर्षीय एलएलबी, पांच वर्षीय एमबीए सहित अन्य। कई ऐसे संस्थान हैं जो पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स कराते हैं।

## सरकारी नौकरी की करें तैयारी

अगर छात्र चाहें तो देश की सबसे प्रतिष्ठित नौकरी यूपीएससी की सिविल सर्विसेज की तैयारी कर सकते हैं। हालांकि, उन्हें ग्रेजुएशन में प्रवेश लेना होगा। क्योंकि बिना ग्रेजुएशन किए सिविल सर्विसेज की परीक्षा कोई नहीं दे सकता है। अगर छात्र अभी से सिविल सर्विसेज की तैयारी करेंगे तो तीन साल बाद जब ग्रेजुएशन कर लेंग तो सिविल सर्विसेज की परीक्षा देने पर आसानी से क्लियर कर लेंगे।

# कैसे करें इंग्लिश की तैयारी सिलेक्शन में होगी आसानी

डेली प्रैक्टिस से इंग्लिश की तैयारी बेहतर तरीके से की जा सकती है। जिन कैंडिडेट ने इंग्लिश का सब्जेक्ट चुना होगा, उम्मीद होगा कि अब तक उन्होंने इस टॉपिक को कवर कर लिया होगा। ए उन टॉपिक का ज्यादा रिवीजन करें जिनसे एग्जाम में प्रश्न पूछे जाएंगे। इंग्लिश के एग्जाम में कौन से टॉपिक्स से प्रश्न पूछे जाते हैं, यह बताने के लिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से तीन-तीन एक्सपर्ट्स को लेकर आए हैं। जिनके टिप्स की मदद से आप अपने इंग्लिश के सब्जेक्ट और अच्छे से इंप्रूव कर सकेंगे।

## क्या कहते हैं एक्सपर्ट

एक्सपर्ट प्रमोद ने बताया ने कि छात्रों के पास अब लिमिटेड समय है। इसलिए छात्रों को अब उन्हीं टॉपिक्स पर फोकस करना चाहिए, जिनमें वह खुद कंफर्टेबल हैं। जिनमें उनकी तैयारी पहले से है। लास्ट मौके पर नए टॉपिक्स को पढ़ कर खुद को कंफ्यूजन से बचाना चाहिए। इंग्लिश सब्जेक्ट एक्सपर्ट के अनुसार, कुछ टॉपिक ऐसे होते हैं, जिनसे हर एग्जाम में प्रश्न पूछे जाते हैं। यह टॉपिक भले ही कितने मुश्किल क्यों ने हों, छात्रों का उन्हें अच्छे से तैयार कर लेना चाहिए। इंग्लिश लैंग्वेज के पेपर में एक्टिव वॉइस-पैसिव वॉइस, नरेशन, टेंस, आर्टिकल, प्रीपोजिशन और कंजक्शन से जुड़े अधिकतर सवाल पूछे जाते हैं। इसलिए स्टूडेंट को इन टॉपिक के अच्छे से तैयार करना चाहिए।

## फॉलो करें ये टिप्स

- इंग्लिश में सिलेबस को लिटरेचर, फोनेटिक्स ग्रामर और कॉम्प्रिहेंशन में बांटकर तैयारी करें।
- ग्रामर के टापिक्स को क्लियर करने के लिए डिटेल में पढ़ने की जगह चैप्टर की थ्योरी को पढ़कर उसके मल्टीपल चॉइस के सवालों सॉल्व करें।
- साल्ट समय में ज्यादा से ज्यादा पैसेज सॉल्व कर प्रैक्टिस पर फोकस करें। प्रैक्टिस करने से पेपर में आपको फायदा मिलेगा।
- एग्जाम में वोकेबलरी के कुछ सवाल पूछे जाते हैं। वोकेबलरी की लिस्ट तैयार कर रिवीजन करें। वोकेबलरी अच्छी होने से आप एग्जाम में अच्छा स्कोर कर पाएंगे।
- स्टूडेंट्स को एग्जाम टाइम में सबसे पहले सोशल मीडिया से दूरी बना लेनी चाहिए। क्योंकि एग्जाम के दौरान एक गलत जानकारी आपके पूरे माइंडसेट को बिगाड़ सकता है।
- इंग्लिश में अनसीन पैसेज बहुत महत्वपूर्ण हैं।
- फोनेटिक्स की यूनिट में सिंबल्स को जरूर देखना चाहिए। पेपर में इस पोर्शन से सवाल आने की पूरी संभावना है।
- इंग्लिश लैंग्वेज में Tense से लेकर सभी भागों को कवर करना जरूरी है।
- पेपर में अनसीन पैसेज और कॉम्प्रिहेंशन का एक हिस्सा भी आता है।
- इंग्लिश में जो टॉपिक हैवी हैं, उन्हें छोड़ने की गलती नहीं करनी चाहिए। शर्ट नोट्स बनाकर इन टापिक्स की तैयारी करें।
- एग्जाम की तैयारी के दौरान हर पार्ट को अलग-अलग डिवाइड कर उसको सॉल्व करें।
- एग्जाम के दौरान एक ही पोर्शन में ज्यादा समय न लगाएं। क्योंकि इससे आपका पेपर छूट सकता है।
- मॉडल पेपर को सॉल्व करने के दौरान स्पीड पर भी ध्यान दें। क्योंकि एग्जाम की समय सीमा होता है।
- टेस्ट सीरीज के सवालों और लास्ट ईयर के पेपर को भी ज्यादा से ज्यादा सॉल्व करने की कोशिश करें।



### इन टिप्स को करें फॉलो

- इंग्लिश के प्रश्नों का लेवल मॉडरेट रहेगा इसलिए सिर्फ बेसिक पर ज्यादा फोकस करना चाहिए। ऐसे में प्रैक्टिस सेट से अपनी तैयारी को अधिक मजबूत करें। प्रैक्टिस सेट सॉल्व करने के बाद मॉडल पेपर का एनालिसिस करना न भूलें। क्योंकि जो गलतियां आप प्रैक्टिस सेट में करेंगे उन पर अधिक ध्यान देना चाहिए।
- पेपर में कुछ महत्वपूर्ण टॉपिक जैसे एक्टिव-पैसिव, डायरेक्ट-इनडायरेक्ट, टेंस, इवैल्यूएशन और प्रिंसिपल्स ऑफ टीचिंग इंग्लिश को अच्छे से तैयार करना चाहिए।
- प्रश्न-पत्र सॉल्व करते उसकी लैंग्वेज पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। कई बार लैंग्वेज समझ नहीं आने पर आपका आंसर गलत हो सकता है। इसलिए पेपर को अच्छे से पढ़कर तभी आंसर लिखें।
- पेपर में छात्र सभी प्वाइंट्स को ध्यान में रखकर अगर आंसर देते हैं तो उन्हें अच्छा स्कोर करने से कोई भी नहीं रोक सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या, परिवार ने सुपारी देकर हत्या करने का जताया शक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में हमलावरों ने भाजपा कार्यकर्ता गिरीश चक्र की हत्या कर दी। परिवार ने सुपारी देकर हत्या का संदेह व्यक्त किया है। गिरीश कुलबुर्गी से भाजपा सांसद डॉक्टर उमेश जाधव के निकट माने जाते थे। उनकी हत्या अफजलपुर तालुका के समीप सागानुरा गांव में हुई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गिरीश को गुरुवार रात उनके मित्रों ने एक फार्म में सम्मान समारोह में बुलाया था। सांसद जाधव ने उन्हें हाल ही में बीएसएनएल सलाहकार समिति के निदेशक के रूप में नामित किया था। हत्या करने से पहले हमलावरों ने गिरीश की आखों में मिर्च के पाउडर फेंके। स्थानीय अधिकारियों को हत्या में किसी गिरोह के शामिल होने का संदेह है। गंगापुरा पुलिस ने मामला पंजीकृत कर हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है।

### एनबीसीसी ने दिल्ली में डब्ल्यूटीसी में 830 करोड़ रुपये का कमर्शियल स्पेस बेचा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रमुख निर्माण कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने अपनी 24वीं ई-नीलामी में राष्ट्रीय राजधानी के नौरोजी नगर में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (डब्ल्यूटीसी) परियोजना में 2.05 लाख वर्ग फुट कमर्शियल स्पेस लगभग 827.78 करोड़ रुपये में बेचा है। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि ई-नीलामी में जगह खरीदने वाले प्रमुख निगमों में एनबीसीसी, ऑयल इंडिया लिमिटेड और हमदर्द लेबोरेटरीज शामिल हैं। बेचे गए कुल क्षेत्रफल में से 1.50 लाख वर्ग फुट सार्वजनिक कंपनियों को लगभग 605 करोड़ रुपये में बेचा गया है। एनबीसीसी ने कहा कि सफल बोलीदाताओं की कुल संख्या छह थी, जिनमें से दो पीएसयू बोलीदाता और चार निजी संस्थाएं थीं। कंपनी ने आज तक 24 ई-नीलामी की श्रृंखला के माध्यम से 10,600 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री मूल्य के साथ 26 लाख वर्ग फुट से अधिक की कुल वाणिज्यिक इन्वेंट्री बेची है।डब्ल्यूटीसी परियोजना, एक ऐतिहासिक परियोजना है, जिसने विभिन्न उद्योगों में प्रमुख खरीदारों को आकर्षित किया है। कंपनी ने अब तक लगभग 80 प्रतिशत वाणिज्यिक इन्वेंट्री सफलतापूर्वक बेची है, प्रभावशाली बिक्री आंकड़े हासिल किए हैं और रियल एस्टेट क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। एनबीसीसी के सीएमडी के.पी. महादेवस्वामी ने कहा कि यह सफलता एनबीसीसी और डब्ल्यूटीसी नौरोजी नगर, परियोजना के रणनीतिक स्थान और इसकी विश्व स्तरीय सुविधाओं की स्थायी अपील को दर्शाती है। परियोजना में 95 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति हो चुकी है। हम मार्च 2024 तक इस परियोजना की पूरी बिक्री का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

### छात्र की मौत पर स्वजनों से घर मिलने गए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद

**वायनाड ।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वायनाड के पूकोड स्थित सरकारी पशु चिकित्सा कालेज के एक छात्र की मौत को लेकर भारी हंगामे के बीच उस मेडिकल छात्र के घर जाकर स्वजनों को दिलासा दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में राजनीतिक हिंसा को बढ़ावा दिया जाता रहा है। वह सभी राजनीतिक दलों से आग्रह करते हैं कि अपनी रणनीतियों को लेकर पुनर्विचार करें और राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए हिंसा का त्याग करें। वहीं, केरल पुलिस ने इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के लिए एक और व्यक्ति को पलक्कड़ से हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार 18 फरवरी को 20 साल के जेएस सिद्धार्थ को हॉस्टल के कमरे के बाथरूम में फांसी पर लटका पाया गया था। इस सिलसिले में 29 फरवरी को छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अब इस मामले को अस्वाभाविक मौत के तौर पर इसकी जांच शुरू कर दी है। सिद्धार्थ के परिवार का आरोप है कि आरोपित सत्तारूढ़ माकपा की छात्र इकाई एसएफआई के हैं, इसलिए कॉलेज आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रहा है। उनका कहना है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या का मामला है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि केरल में सौ प्रतिशत साक्षरता होने और महान सांस्कृतिक विरासत होने के बावजूद कुछ ताकतें समाज को राजनीतिक हिंसा की ओर बढ़ा रही हैं।

# सांसदों-विधायकों की भी होती है निजता, 24 घंटे कैसे हो सकती है निगरानी, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बेहतर प्रशासन के लिए सांसदों, विधायकों की 24 घंटे डिजिटल निगरानी की मांग वाली जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि सांसदों, विधायकों की भी निजता होती है, 24 घंटे निगरानी कैसे हो सकती है। क्या उनके शरीर में चिप लगा दी जाए? ये कैसी मांग है। कोर्ट ने याचिका को आधारहीन मानते हुए याचिका खारिज कर दिया।



### याचिका में की गई थी निगरानी की मांग

दिल्ली के रहने वाले डाक्टर सुरेन्द्र नाथ कुंद्रा ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर मांग की थी कि सांसदों विधायकों की 24 घंटे डिजिटल निगरानी होनी चाहिए। यह याचिका शुक्रवार को प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष सुनवाई पर लगी थी।

पीठ ने मामले पर सुनवाई की शुरुआत में ही याचिका पर सवाल उठाते हुए कुंद्रा को चेताया था कि अगर वे इस याचिका पर बहस करेंगे और कोर्ट ने उनकी दलीलें स्वीकार नहीं कीं, तो अदालत का समय बर्बाद करने के लिए उन पर पांच लाख का जुर्माना लगाया जाएगा, जिसकी वसूली भू-राजस्व के रूप में की जा सकती है।

### पीठ ने क्या कहा?

पीठ ने कहा कि इसे अदालत का अहंकार न समझा जाए, यह जनता का कीमती समय बर्बाद होने की बात है। इसके बाद कुंद्रा ने याचिका पर स्वयं बहस करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के वेतनभोगी सेवक होते हैं वे जनता की बात कहने के लिए चुने जाते हैं, लेकिन निर्वाचित होने के बाद वे शासक की तरह व्यवहार करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि सांसदों विधायकों की लगातार निगरानी के लिए हर जगह जहां वे जाते हैं रहते हैं सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए ताकि 24 घंटे उनकी डिजिटल निगरानी हो। उनकी इस दलील पर पीठ ने कहा कि आपको अहसास है कि आप क्या दलील दे रहे हैं। आप सांसदों विधायकों की 24 घंटे निगरानी की मांग कर रहे हैं। ये कैसे हो सकता है? सांसदों विधायकों की भी निजता होती है। आपके मुताबिक क्या उनके शरीर में चिप लगा दी जाए 24 घंटे निगरानी के लिए। ऐसा तो दोषी अपराधियों के लिए होता है जो भाग सकता है।

कुंद्रा ने कहा कि सांसद विधायक जनता के वेतनभोगी होती हैं चुने जाने के बाद शासक की तरह व्यवहार करने लगते हैं। पीठ ने कहा कि आप सभी सांसदों विधायकों के लिए ऐसा नहीं कह सकते। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि दुनिया के किसी भी लोकतंत्र में कोई व्यक्ति कानून नहीं बनाता है उनके चुने हुए प्रतिनिधि ही कानून बनाते हैं। कोर्ट ने कहा जैसी आपकी मांग है ऐसे में तो लोग कहेंगे कि हमें न्यायाधीशों की जरूरत नहीं है हम सड़कों पर फैसला कर लेंगे और चोरी के आरोपी को मार डालेंगे, तो क्या हम चाहते हैं, ऐसा हो।

कोर्ट ने याचिका को आधारहीन पाते हुए खारिज कर दिया। कोर्ट ने आदेश में दर्ज किया कि याचिकाकर्ता को शुरू में ही चेतावनी दी गई थी कि मामले में बहस करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है हालांकि कोर्ट जुर्माना लगाने के बजाए भविष्य में ऐसी याचिका न दाखिल करने की चेतावनी देते हुए छोड़ रहा है।

## यूपी बिहार का फॉर्मूला लगभग तैयार, सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग पर भाजपा कर रही चर्चा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा नेतृत्व लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार तय करने के साथ सहयोगी दलों के साथ भी सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दे रहा है। असम में यह काम पूरा हो गया है, जबकि बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक व तमिलनाडु में अभी चर्चा चल रही है। पार्टी ने इन राज्यों के लिए सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला तैयार कर लिया है, जिस पर जल्द ही मुहर लग सकती है। पार्टी ने इसके लिए व्यापक तैयारियां भी की हुई हैं। असम में भाजपा ने 14 सीटों में अपने पास 11 सीटें रखी है, जबकि असम गण परिषद को दो और यूपीपीएल को एक सीट दी गई है। पार्टी बिहार व महाराष्ट्र में अपने सहयोगी दलों से चर्चा कर रही है। सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 80 सीटों में भाजपा संभावित सहयोगी रालोद को दो, अपना दल को दो, निषाद पार्टी को एक व सुभासपा को एक सीट दे सकती है। बाकी सीटों पर वह खुद लड़ेगी। महाराष्ट्र में भाजपा को शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) के साथ सीटों का तालमेल करना है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा व शिवसेना (अविभाजित) में तालमेल था। तब भाजपा 25 व शिवसेना 23 सीटों पर लड़ी थी। अब नए गठबंधन में भाजपा खुद 33 से 35 सीटों पर लड़ने की तैयारी में है। शिवसेना शिंदे को 11 से 13 सीटें दी जा सकती हैं। अजित पवार की एनसीपी को दो सीटें मिल सकती हैं। आंध्र प्रदेश (25 सीटें) में भाजपा की तेलुगुदेशम के साथ चर्चा चल रही है। अगर गठबंधन हुआ तो भाजपा पांच सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। कर्नाटक (28 सीटें) में भाजपा सहयोगी जद (एस) को दो से तीन सीट देने की इच्छुक है।

## अपनी ही सरकार की बुराई कर रहे गडकरी? कांग्रेस ने तोड़-मरोड़कर पेश किया इंटरव्यू, खरगे को नोटिस

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कथित तौर पर एक्स पर उनके बारे में भ्रामक और अपमानजनक समाचार सामग्री शेयर करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव जयराम रमेश को शुक्रवार को कानूनी नोटिस भेजा। गडकरी के वकील बालेंदु शेखर ने कहा कि उनके मुवक्किल माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म (एक्स) पर कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से सामग्री और पोस्ट के बारे में जानकर, सुनकर और देखकर हैरान रह गए।



वकील ने कहा, खरगे और रमेश ने जानबूझकर एक वेब पोर्टल को दिए गए गडकरी के इंटरव्यू की 19 सेकंड की वीडियो क्लिप पोस्ट की, जिसमें उनके शब्दों के प्रासंगिक इरादे और अर्थ को छुपाया गया। गडकरी ने कांग्रेस से इस कानूनी नोटिस के मिलने के 24 घंटे के भीतर पोस्ट को हटाने के लिए कहा है और तीन दिनों के भीतर लिखित माफी की भी मांग की है। वीडियो क्लिप को तथ्यात्मक रूप से गलत बताते हुए, नोटिस में कहा गया है कि यह कांग्रेस नेताओं द्वारा उनका अपमान करने और नीचा दिखाने की जानबूझकर की गई कोशिश थी। गडकरी ने कहा कि इस वीडियो क्लिक को भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के बीच वैचारिक दरार पैदा करने के लिए शेयर किया गया। कांग्रेस नेताओं को भेजे नोटिस में कहा गया है, उपरोक्त वीडियो को माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर अपलोड करके इंटरव्यू को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है, जिसमें शब्दों के प्रासंगिक इरादे और अर्थ को छुपाया गया।

कांग्रेस द्वारा एक्स पर साझा किए गए वीडियो में, गडकरी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि गांव, गरीब, मजदूर और किसान दुखी हैं... गांवों में अच्छी सड़कें नहीं हैं, पीने के लिए पानी नहीं है, अच्छे अस्पताल नहीं हैं, कोई अच्छे स्कूल नहीं हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग के कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने उन हिस्सों को काट दिया जहां उन्होंने बताया कि कितने प्रयास किए जा रहे हैं और वर्तमान केंद्र सरकार के कार्यकाल में ही अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। गडकरी ने कहा, (उन्होंने) जानबूझकर बातचीत के प्रासंगिक अर्थ को छिपाकर हिंदी कैप्शन और वीडियो पोस्ट किया, जो (मंत्री की) प्रतिष्ठा को खराब करने के लिए जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण किया गया कृत्य है।

## प्रजापति समाज की संकल्प यात्रा रोकने पर बवाल, पुलिस पर पत्थर फेंके और वाहनों में तोड़फोड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजनीतिक हिस्सेदारी समेत कई मुद्दों के लिए हरिद्वार से दिल्ली जा रही राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की संकल्प यात्रा में शामिल लोगों और पुलिस के बीच शुक्रवार को जमकर झड़प हुई। पुलिस ने साहिबाबाद के सौर ऊर्जा मार्ग पर यात्रा को दिल्ली जाने से रोक दिया तो इसमें शामिल कुछ लोगों ने पुलिस पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इसके बाद पुलिस ने लाठी बरसाकर लोगों को खदेड़ दिया। मौके से 13 लोगों को हिरासत में लेकर चार वाहन सीज कर दिए। पथराव में पुलिस की गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कई लोगों को पुलिस के लाठीचार्ज से चोट लगी है जबकि कुछ भगदड़ में गिर जाने से घायल हुए हैं।



सौर ऊर्जा मार्ग पर करीब 30 मिनट भारी हंगामा चला। यात्रा में शामिल लोग बृहस्पतिवार रात 11 बजे मोहननगर से दिल्ली की तरफ बढ़ रहे थे। लिंक रोड पुलिस ने उन्हें साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में रोक दिया। रात में वे निजी बैंक्वेट हॉल में बैठ गए। शुक्रवार सुबह दस बजे पुलिस अधिकारी वार्ता करने पहुंचे तो संकल्प यात्रा में शामिल लोग दिल्ली जाकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने पर अड़ गए। दिल्ली पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन संगठन के पदाधिकारियों ने उनकी बात नहीं मानी। शुक्रवार को बैंक्वेट हॉल युवती की शादी के लिए बुक था। अधिकारियों के समझाने पर प्रदर्शनकारी बैंक्वेट हॉल से निकलकर सड़क पर बैठ गए और हंगामा करने लगे। इस बीच प्रदर्शनकारियों ने सोशल मीडिया पर लोगों से पहुंचने की अपील की। इसके बाद भीड़ बढ़ती चली गई। लोग पुलिस के खिलाफ हंगामा करने लगे। इसी बीच कुछ लोगों ने पत्थर फेंक दिए। प्रजापति समाज के लोग संकल्प यात्रा में बिना अनुमति दिल्ली जाना चाहते थे। साहिबाबाद में दिल्ली पुलिस के अधिकारी ज्ञापन लेने पहुंचे थे लेकिन संकल्प यात्रा में शामिल लोग नहीं माने। हंगामे से कानून व्यवस्था बिगड़ने पर सभी को वहां से खदेड़ दिया। कई लोगों को हिरासत में लिया है। वाहन भी सीज किए गए हैं। -निमिष पाटिल, डीसीपी जिला एमएमजी अस्पताल के सीएमएस डॉ. मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि शाम को 16 लोगों ने अस्पताल पहुंचकर मेडिकल परीक्षण कराया है।

## मणिपुर विधानसभा ने केंद्र से एनआरसी लागू करने का किया आह्वान, सीएम बीरेन सिंह बोले- 15 फरवरी की घटना को लेकर केस दर्ज

**इंफाल।**
मणिपुर विधानसभा ने शुक्रवार को एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राज्य में एनआरसी लागू करने की अपील की। विधानसभा अध्यक्ष सत्यब्रत ने कहा कि सदन पांच अगस्त, 2022 को पारित अपने पिछले प्रस्ताव की फिर से पुष्टि करने का संकल्प लेता है और विशेष रूप से राज्य और सामान्य रूप से राष्ट्र के हित में मणिपुर में एनआरसी लागू करने के लिए भारत सरकार से आग्रह करता है।



वहीं, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सदन कहा कि चूडचंद्रपुर में 15 फरवरी की घटना के संबंध में आठ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। जिले में उस दिन भीड़ ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तोड़फोड़ की थी और आग लगा दी थी। कांग्रेस विधायक के मेघचंद्र द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिये उठाए गए मुद्दे का जवाब देते हुए सिंह ने कहा कि आठ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जिनमें से दो मामले सीबीआइ को सौंपे गए हैं।

उन्होंने बताया कि घटना में छह पुलिस कर्मी और 43 आम लोग घायल हो गए थे और हिंसा में संलिप्त 20 लोगों की पहचान की गई है। मणिपुर में शांति समझौते यानी कि सस्पेंशन आफ आपरेशन को लेकर विरोध बढ़ गया है। यहां के 10 आदिवासी विधायकों ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव की निंदा की है। उन्होंने प्रस्ताव को पक्षपातपूर्ण बताया है।

### एसओओ समझौते को रद करने का आग्रह

दरअसल, इन विधायकों ने केंद्र से सभी कुकी जो भूमिगत समूहों के साथ किए गए सस्पेंशन आफ आपरेशंस (एसओओ) समझौते को रद करने का आग्रह किया गया है। एसओओ समझौते पर केंद्र, मणिपुर सरकार और कुकी उग्रवादी संगठन केएनओ और यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) के दो समूहों ने हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते पर साल 2008 में हस्ताक्षर किए गए थे और इसके बाद समय-समय पर इसे बढ़ाया जाता रहा।

## निर्मला सीतारमण ने 1,000 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं लॉन्च कीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की सात बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत की, जिनमें सरकारी अधिकारियों के लिए आवासीय और कार्यालय परिसर शामिल हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं अधिकारियों के आत्मविश्वास को पुनर्जीवित करती हैं और उनका मनोबल बढ़ाती हैं। सरकार उनके कल्याण और खुशहाली के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वित्त मंत्री ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अधिकारियों के लिए हरियाणा के फरीदाबाद के सेक्टर-28 में आयकर विभाग के अधिकारियों के लिए टाइप- और 198 क्वार्टर वाले विभागीय आवासीय परिसर के निर्माण की आधारशिला रखी।

निर्मला सीतारमण ने आयकर विभाग के



अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त आवासीय इकाइयाँ उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा के गुरुग्राम के सेक्टर-53 में आवासीय परिसर की आधारशिला भी रखी, जिसमें टाइप- से के 214 क्वार्टर शामिल हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के मध्यम और वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए अधिकारियों के लिए वित्त मंत्री ने दिल्ली के द्वारका सेक्टर-9 में टाइप-, और के 256 क्वार्टरों वाले विभागीय आवासीय परिसर का उद्घाटन किया। वित्त मंत्री ने वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के लिए भारतीय स्टेट बैंक के नए स्थानीय प्रधान कार्यालय भवन का उद्घाटन किया; भारतीय जीवन बीमा निगम का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र भवन; और गुजरात के गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में केनरा बैंक की आईएफएससी बैंकिंग इकाई; चेन्नई में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नए प्रधान कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। लॉन्च में वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। सीबीडीटी के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने कहा कि नई इमारतें हरित भवन मानदंडों के अनुसार अत्याधुनिक और आधुनिक होंगी और नवीनतम गृह 3 मापदंडों (एकीकृत आवास मूल्यांकन के लिए ग्रीन रेटिंग) के अनुरूप होंगी।

## 85 से कम है उम्र तो जाना ही होगा मतदान केंद्र, सरकार ने बढ़ाई पोस्टल बैलेट वोटरों की न्यूनतम आयु

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अब मतदान केंद्रों पर पहले से ज्यादा बुजुर्गों की कतार देखने को मिल सकती है। केंद्र सरकार ने पोस्टल बैलेट के जरिए वोट करने के लिए उम्र सीमा 80 से बढ़ाकर 85 साल कर दिया है। यानी अब 85 से नीचे उम्र के बुजुर्गों को वोट डालने के लिए अनिवार्य तौर पर मतदान केंद्रों पर आना होगा। इससे पहले 80 साल से ऊपर के बुजुर्गों को पोस्टल बैलेट की सुविधा मिली हुई थी। विचार-विमर्श करने के बाद शुक्रवार को चुनाव संचालन नियम (1961) में संशोधन किया है। सरकार ने ये बदलाव पिछले 11 विधानसभा चुनावों में बुजुर्गों के वोटिंग पैटर्न को देखते हुए किया है। इन चुनावों में 80 साल से ऊपर के 97 से 98 फीसदी बुजुर्गों ने पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करने के बजाय मतदान केंद्रों पर जाकर वोट डालना पसंद किया था। इसे देखते हुए ही सरकार ने 2020 में किए गए इस प्रावधान में संशोधन किया है। बता दें कि चुनाव संचालन नियमों के नियम 27ए के अनुसार, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, विकलांग व्यक्तियों, चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों और सेना के कर्मचारियों के लिए पोस्टल बैलेट यानी डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की गई है। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में कोविड-संक्रमित व्यक्तियों को भी महामारी अवधि के दौरान ये सुविधा दी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

3 साल बाद इस खिलाड़ी की हुई टीम में वापसी

### टी20 वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका ने चला बड़ा दांव



**कोलंबों, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 से ठीक तीन महीने पहले श्रीलंकाई टीम ने अपने स्क्वॉड में एक बड़ा बदलाव किया है। स्क्वॉड में उस खिलाड़ी को जगह दी गई है जो पिछले तीन साल से टीम से बाहर चल रहा है। यह खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि विकेट कीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला है। डिकवेला ने श्रीलंकाई टीम के लिए आखिरी टी20 2021 में खेला था। उन्हें कुसल परेरा की जगह स्क्वॉड में जगह दी गई है जो बीमारी के चलते बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। बताया जा रहा है कि परेरा श्वसन संक्रमण से पीड़ित हैं। डिकवेला बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को होने वाले पहले टी20 मैच से पहले शनिवार को बाकी टीम के साथ जुड़ेंगे। टी20 विश्व कप से पहले श्रीलंका का यह एक दिलचस्प फैसला है और उनका ये फैसला यह बताता है कि डिकवेला टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने के दावेदारों में से एक हैं। 30 साल के इस खिलाड़ी ने श्रीलंका के लिए पिछले साल टेस्ट मैच जरूर खेला था, मगर लिमिटेड ओवर क्रिकेट में 2022 के बाद से नहीं दिखे हैं। डिकवेला ने श्रीलंका के लिए 28 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उनका औसत 18.46 रहा है, इस दौरान उनके नाम सिर्फ एक अर्धशतक है।

पीएसएल के बीच पहुंच गए भारत

### कायरन पोलार्ड ने पाकिस्तान को दिखाया ठेंगा



**नईदिल्ली,एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के धाकड़ ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री वेडिंग कार्यक्रम के लिए भारत पहुंच गए हैं। पोलार्ड एक दिन पहले तक पाकिस्तान के कराची में थे। वह पाकिस्तान सुपर लीग 2024 में कराची किंग्स की तरफ से खेल रहे हैं। 29 फरवरी को कराची किंग्स का क्वेटा ग्लेडियेटर्स के साथ मैच था। इस मैच के बाद वह 1 मार्च को देर शाम गुजरात के जामनगर पहुंचे हैं। हालांकि माना यह जा रहा था कि पोलार्ड पाकिस्तान सुपर लीग में व्यस्तता के कारण शायद वह प्री वेडिंग कार्यक्रम में नहीं आ पाएंगे, लेकिन उनकी टीम कराची किंग्स का अगला मैच 3 मार्च को है। ऐसे में उन्होंने भारत का आने का फैसला किया है। बता दें कि कायरन पोलार्ड इंडियन प्रीमियर लीग में लंबे समय तक मुंबई इंडियंस के खेल चुके हैं। पोलार्ड ने कई बार अकेले दम पर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि आईपीएल में पिछले कुछ सीजन से उन्हें मौका नहीं मिल रहा था जिसके कारण उन्होंने इस लीग से ही उन्होंने संन्यास लेने का फैसला कर लिया।

फैंस ने कहा- बढ़िया फैसला लिया है

### युवराज सिंह ने चुनाव लड़ने की खबरों को बताया अफवाह

**नईदिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के आते-आते कई बड़े नाम राजनीति का रुख कर लेते हैं। इन दिनों कई क्रिकेटर्स और नेताओं के लोकसभा चुनावों के लड़ने की अफवाहें हैं। इस लिस्ट में भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह का नाम भी शामिल हैं। हालांकि इस वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी ने इसे गलत बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि युवराज सिंह लोकसभा चुनाव में पंजाब के गुरदासपुर से लड़ने वाले हैं। इस सीट से पहले सनी देओल चुनाव लड़े थे और जीते थे। यह भी कहा जा रहा था कि बीजेपी चाहता है कि इस बार युवराज सिंह वहां से चुनाव लड़ें।

विमेंस प्रीमियर लीग

# फैन ने आरसीबी की श्रेयंका को दिया शादी का प्रपोजल

**बैंगलुरू, एजेंसी।** विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने धमाकेदार शुरुआत की है। स्मृति मंधाना के नेतृत्व वाली टीम ने अपने शुरुआती दोनों मैच जीते हैं। मंगलवार को आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करके गुजरात जाइंट्स को सात विकेट पर 107 रन पर रोक दिया।

आरसीबी की टीम ने 45 गेंद शेष रहते ये लक्ष्य हासिल कर लिया है और पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है। बैंगलोर की पारी के दौरान एक फैन ने प्लेकार्ड पर श्रेयंका पाटिल को शादी के लिए प्रपोजल दिया था, कैमरे पर प्लेकार्ड दिखते ही आरसीबी के खेमे में खिलाड़ी मुस्कुराते हुए नजर आए। भारतीय ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल जारी सीजन में ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकीं हैं। लेकिन वह दोनों मैचों में टीम का हिस्सा रहीं हैं।



बैंगलोर की पारी के 7वें ओवर में टीवी पर कुछ फैंस दिखाई दिए, जिसमें से एक ने प्लेकार्ड ले रखा था, जिस पर लिखा क्या तुम मुझसे शादी करोगी श्रेयंका पाटिल। प्लेकार्ड जैसे ही टीवी पर दिखा डगआउट में बैठे आरसीबी के खिलाड़ी मुस्कुराते हुए नजर आए।

मैच की बात करें तो स्मृति मंधाना ने 27 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए। वहीं एस मेघना ने 28 गेंद में 36 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करके टीम को 12.3 ओवरों में ही 108 रन के लक्ष्य तक पहुंचाया।

इससे पहले आरसीबी के गेंदबाजों ने जायंट्स को सात विकेट पर 107 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने 14 रन देकर दो और बायें हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

## अडानी की टीम लगातार तीसरा मैच हारी यूपी वॉरियर्स ने 6 विकेट से हराया

सोफी एकलेस्टन (20 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद ग्रेस हैरिस की 33 गेंद में 60 रन की नाबाद पारी के बूते यूपी वॉरियर्स ने महिला प्रीमियर लीग 2024 मैच में शुक्रवार,1 मार्च को गुजरात जायंट्स को छह विकेट से शिकस्त दी। यूपी वॉरियर्स ने गुजरात की टीम को पांच विकेट पर 142 रन पर रोकने के बाद 15.4 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। यूपी वॉरियर्स की यह चार मैचों में दूसरी जीत है। गौतम अडानी की टीम गुजरात की यह तीन मैचों तीसरी हार है। प्लेयर ऑफ द मैच हैरिस ने अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाने के अलावा पांचवें विकेट के लिए दीप्ति शर्मा (14 गेंद में नाबाद 17) के साथ 30 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी की। उन्होंने डब्ल्यूपीएल में पदार्पण कर रही श्रीलंका की अनुभवी चमारी अटापट्टू (11 गेंद में 17 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 36 रन की साझेदारी की। कप्तान एलिसा हीली ने 21 गेंद में सात चौके की मदद से 33 रन बनाकर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलायी। गुजरात जायंट्स के लिए तनुजा कंवर ने 23 रन देकर दो विकेट लिये। इससे पहले फोबे लिचफील्ड (35) और एश्लीघ गार्डनर (30) की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 31 गेंद में 52 रन कर तेजतर्रार साझेदारी कर टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। सत्र का पहला मैच खेल रही लॉरा वुलफार्ट (28) और कप्तान बेथ मूनी (16) ने 40 रन की साझेदारी कर गुजरात को अच्छी शुरुआत दिलाई,लेकिन यूपी ने बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया।

### एकलेस्टन ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाये

यूपी वॉरियर्स के लिए एकलेस्टन ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाये। राजेश्वरी गायकवाड को एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए हीली ने तीसरे ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ चार चौके जड़ अपने इरादे जाहिर कर दिये। पांचवें ओवर में तनुजा ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाली किरण नवगिरे की आठ गेंद में 12 रन की पारी को खत्म किया। अटापट्टू ने इसी ओवर में चौके के साथ खाता खोला।

# आयरलैंड ने रचा इतिहास

● टेस्ट में पहली जीत के साथ भारत-न्यूजीलैंड जैसी दिग्गज टीमों को छोड़ा पीछे



**अबुधाबी, एजेंसी।** आयरलैंड क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट मैच में 6 विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। आयरलैंड की टेस्ट क्रिकेट में यह पहली जीत है। आयरलैंड को साल 2017 में आईसीसी ने टेस्ट नेशन दर्जा दिया था। इसके बाद से टीम ने कुल 7 टेस्ट मैच खेले जिसमें उसे सभी में हार मिली, लेकिन 8 वें मैच में टीम ने अफगानिस्तान को हराकर पहली जीत का स्वाद चखा है। इस जीत के साथ ही आयरलैंड ने भारत और न्यूजीलैंड जैसी धाकड़ टीमों को पीछे छोड़ दिया है, जो मौजूदा समय में विश्व क्रिकेट पर राज कर रही है। आयलैंड छठी ऐसी टीम बनी है जो 10 मैच से पहले टेस्ट में जीत हासिल करने में सफल रही है।

### भारत को 25वें टेस्ट में मिली थी जीत

भारतीय क्रिकेट टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच 1932 में खेला था, लेकिन टीम इंडिया को लाल गेंद क्रिकेट में पहली जीत का स्वाद 25 वें मैच में मिली थी। इस लिहाज से आयरलैंड की टीम भारत से काफी आगे है। इसके अलावा न्यूजीलैंड की टीम सबसे अधिक मैचों में के बाद पहली टेस्ट जीत हासिल की थी। न्यूजीलैंड ने अपने 45वें मैच में पहली जीत हासिल की थी।

### कैसा रहा मैच का हाल?

आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। अफगानिस्तान की टीम की अपनी पहली पारी में 155 रन ही बना सकी। इसके जवाब में आयरलैंड ने 263 रन बनाकर 108 रन की मजबूत बढ़त बना ली। ऐसे में अफगानिस्तान को मैच की तीसरी पारी में एक बड़ी चुनौती मिल गई।

अफगानिस्तान अपनी दूसरी पारी में जब बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी तो वह आयरलैंड के खिलाफ सिर्फ 218 रन बनाकर ढेर गई। ऐसे में आयरलैंड को मैच में जीत के लिए सिर्फ 111 रनों का लक्ष्य मिला जिसे टीम ने सिर्फ 4 विकेट गंवाकर हासिल लिया।



बचपन के दोस्त ने किया खुलासा

# आईपीएल से इस साल भी संन्यास नहीं लेंगे महेंद्र सिंह धोनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी के बचपन के दोस्त परमजीत सिंह ने चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान के भविष्य पर सभी अटकलों को खत्म कर दिया है। ऐसी खबरें थीं कि माही अपनी उम्र और घुटने की समस्या के कारण आईपीएल 2024 के बाद अलविदा कह सकते हैं। पिछले सीजन में महेंद्र सिंह धोनी घुटने की समस्या से पीड़ित रहे थे। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभाई थी। बहरहाल, धोनी के दोस्त ने कहा कि वह टूर्नामेंट खेलने के लिए पूरी तरह फिट हैं। अभी उसके संन्यास लेने की संभावना नहीं है। वह अगले दो सीज़न खेलने के लिए पर्याप्त रूप से फिट हैं। वह आईपीएल 2025 भी खेलते नजर आएंगे। बता दें कि धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में से एक है। वह अपनी टीम को 5 खिताब जितवा चुकी है। धोनी ने 2022 सीजन में कप्तानी भी छोड़ी थी लेकिन बीच सीजन में उन्होंने दोबारा कमान संभाल ली थी। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 2023 सीजन शानदार रहा था। इस दौरान धोनी के नेतृत्व में चेन्नई ने शानदार प्रयास किया। फाइनल मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेला गया था जिसमें चेन्नई ने रविंद्र जडेजा की शानदार पारी की बदौलत जीत हासिल की थी। इसी के साथ धोनी रोहित शर्मा की तरह आईपीएल में पांच खिताब जीतने वाले कप्तान बन गए। फिलहाल धोनी हाल ही में सीएसके के प्री-सीजन कैंप में शामिल हुए थे। उनके जल्द टीम के साथ प्रैक्टिस करने की संभावना है। उन्होंने अब तक 377 टी20 मैचों में 37.86 की औसत से 7271 रन बनाए हैं।

## हार्दिक पांड्या के समर्थन में उतरे पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपडा



**नईदिल्ली,एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पंड्या को केंद्रीय अनुबंध देने के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के फैसले का समर्थन किया।

बीसीसीआई ने 28 फरवरी, बुधवार को 2023-24 के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची की घोषणा की। हार्दिक को ग्रेड ए श्रेणी में शामिल किया गया था और श्रेयस अय्यर और इशान किशन जैसे खिलाड़ियों को अनुबंध से बाहर कर दिया गया था।

सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने बीसीसीआई के कदम पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया कि पंड्या ने विश्व कप 2023 में चोट लगने के बाद से न तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है और न ही घरेलू क्रिकेट, तो उन्हें केंद्रीय अनुबंध में ए ग्रेड में क्यों शामिल किया गया।

यह बात सही भी है कि पांड्या ने पिछले कुछ साल में नियमित रूप से घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लिया है। हालांकि पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने बीसीसीआई के फैसले का बचाव किया। अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हार्दिक को प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलने के लिए दंडित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह भारत की टेस्ट टीम में जगह के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं। आकाश चोपड़ा ने कहा कि हार्दिक पंड्या का मामला बहुत सरल है और अगर उसने कोई गलती नहीं की है तो आप उसे सजा क्यों देंगे? वह रेड-बॉल क्रिकेट नहीं खेल रहा हैऔर किसी भी टेस्ट सीरीज के लिए बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए यदि आप टेस्ट के लिए ऑडिशन नहीं दे रहे हैं, तो कोई भी आपको प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने के लिए नहीं कहेगा।



## गेंद के बाद बल्ले से भी चमका कीवी ऑलराउंडर फिलिप्स

**वेलिंग्टन, एजेंसी।**

वेलिंग्टन टेस्ट में न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स के घातक स्पेल ने दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की कमर तोड़ने का काम किया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी पारी में 164 पर ऑलआउट हो गई है। पहले बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले ग्लेन फिलिप्स ने गेंद से भी धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने टेस्ट करियर का पहला 5 विकेट हॉल हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाथन लियोन ने सबसे अधिक 41 रन की पारी खेली।

ग्लेन फिलिप्स ने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में 16 ओवर गेंदबाजी की जिसमें उन्होंने 4 मेडन ओवर डाले। फिलिप्स ने अपने इस स्पेल में 2.80 के इकॉनमी रेट से 45 रन देकर 5 विकेट झटके। फिलिप्स ने कैमरन ग्रीन (34), ट्रेविस हेड (29), मिचेल मार्श (0), एलेक्स कैरी (3) और उस्मान ख्वाजा (28) को अपना शिकार बनाया। फिलिप्स के अलावा मैट हेनरी को 3 और कप्तान टिम साउदी को 2 सफलता मिली।

## पापा का सीना चौड़ा तो मां के चेहरे पर खुशी... बेटे ध्रुव जुरेल ने माता-पिता को दिया खास गिफ्ट

**नईदिल्ली,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल इस वक्त चर्चा में बने हुए हैं। उनकी इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट के बाद से जमकर सरहाना हो रही है। वहीं अब जुरेल ने



अपने परिवार के साथ एक खास तस्वीर शेयर की है। मौजूदा समय में भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैच की रोमांचक टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। रोहित सेना ने शुरुआती 4 टेस्ट में ही 3-1 से अजेय बढ़त लेकर सीरीज अपने नाम कर ली है। भारत ने रांची टेस्ट जीतकर इस सीरीज पर कब्जा किया। वहीं रांची टेस्ट में टीम इंडिया की जीत में सिर्फ दूसरा टेस्ट ही खेल रहे ध्रुव जुरेल ने अहम भूमिका निभाई। उनकी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग ने सबका दिल जीत लिया। जुरेल ने 2 टेस्ट में ही सबको अपना दीवाना बना लिया। अब उनकी हर जगह प्रशंसा हो रही है। हालांकि अब जुरेल ने अपने माता-पिता के साथ एक फोटो शेयर की है, जिसे देख आप इमोशनल भी हो सकते हैं।

23 साल के ध्रुव जुरेल ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने माता-पिता के साथ दो फोटो शेयर की है। उन तस्वीरों में जुरेल अपने माता-पिता के बीच में बैठे हैं। उनके पिता के हाथ में एक अवॉर्ड था। दरअसल, वो अवॉर्ड ध्रुव जुरेल का था जो उन्हें रांची टेस्ट के बाद मिला था। वो अवॉर्ड जुरेल ने लाकर अपने पिता के हाथ में दिया।

बराबर में बैठी उनकी मां भी काफी ज्यादा खुश लग रही थी। बता दें कि जुरेल ने रांची टेस्ट की पहली पारी में 149 गेंद का सामना कर 90 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली थी, जिसमें 6 चौके और 4 छक्के शामिल थे। इसके अलावा दूसरी इनिंग में ध्रुव जुरेल ने नाबाद 39 रन बनाए और भारत को मैच जिताकर ही वापस ड्रेसिंग रूम में लौटे। जुरेल को उनके इस शानदार प्रदर्शन के चलते प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। जुरेल दूसरे टेस्ट में ही पूरी तरह से छा गए।

# 4 बल्लेबाज जो नाइटवॉचमैन के रूप में आकर टेस्ट में ठोक चुके शतक

**नईदिल्ली,एजेंसी।** स्पेशलिस्ट बल्लेबाज की जगह बैटिंग ऑर्डर में प्रमोट किए गए निचले क्रम के बल्लेबाज नाइटवॉचमैन कहते हैं, जिसका काम टीम की रखवाली यानी अहम विकेट बचाना होता है। यह ज्यादातर दिन का खेल खत्म होने के समय किया जाता है। नाइटवॉचमैन के रूप में टीम ऐसे खिलाड़ी को उतारती है जिसके विकेट की ज्यादा वैल्यू नहीं होती है। इसके बाद भी कई नाइटवॉचमैन बड़ी पारी खेल जाते हैं। हम आपको 5 ऐसे नाइटवॉचमैन के बारे में बताने जा रहे हैं जो टेस्ट में शतक ठोक चुके हैं।

### टोनी मान

ऑस्ट्रेलिया के टोनी मान भी नाइटवॉचमैन के रूप में टेस्ट में शतक ठोक चुके हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ 1977 के पर्थ टेस्ट में यह कारनामा किया था। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे मान ने 105 रनों की पारी खेली थी।

### सैयद किरमानी

सैयद किरमानी भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज थे। उन्होंने 1979 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाइटवॉचमैन के रूप में 5वें नंबर पर उतरे थे। किरमानी ने 206 गेंदों पर 101 रनों की पारी खेली थी। मुंबई में हुए उस मैच को भारत ने पारी और 100 रनों से जीता था।

### मार्क बाउचर

साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर नाइटवॉटमैन के रूप में दो बार शतक लगा चुके हैं। एक ही साल में उन्होंने यह कारनामा किया था। पहली बार जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने 125 रनों की पारी खेली थी। फिर इंग्लैंड के खिलाफ डरबन में 108 रन बनाए थे।

एक भारतीय नाम भी शामिल

### जेसन गिलेस्पी

ऑस्ट्रेलिया के जेसन गिलेस्पी तीसरे नंबर पर नाइटवॉचमैन के रूप में बैटिंग करने उतरे थे। 2006 में चिटोग्राम टेस्ट में उन्होंने 201 रनों की नाबाद पारी खेली थी। वह आज भी दोहरा शतक लगाने वाले एकमात्र नाइटवॉटमैन बल्लेबाज हैं। यह उनके करियर का भी आखिरी मुकाबला था।



## संक्षिप्त समाचार

### गोली लगने की मिली सूचना अफवाह, जांच में जुटी पुलिस

**आरा।** 29 फरवरी की रात सिन्हा थाना क्षेत्र के गजिया पुर बांध पर तिलक कार्यक्रम से लौटने के क्रम में बड़हरा थाना क्षेत्र के फूहा गांव का रहने वाला विकास सिंह को गोली लगने की सूचना पुलिस को मिली। जांच और घायल के बयान के बाद फर्जी साबित हुआ। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया की 29 फरवरी की देर रात 12 बजे सदर अस्पताल से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को हाथ में गोली लगी है। सूचना के बाद सदर अस्पताल से पता करने पर ज्ञात हुआ कि बड़हरा थाना क्षेत्र के फूहा गांव का रहने वाला विकास सिंह ने बताया गया कि वह लक्ष्मीपुर में एक तिलक कार्यक्रम में गया था।वहां से लौट रहा था तो बांध के रास्ते में सिन्हा थाना के ग्राम गजिया पुर में बांध पर चार-पांच लड़के खड़े थे और इन्हें रोके और जब यह नहीं रुके तो उन लोगों के तरफ से गोली चला दी गई। जिससे उनके हाथ में गोली लगते हुए निकल गई। इस सूचना पर थानाध्यक्ष सिन्हा और बड़हरा सदर अस्पताल पहुंचे तो ज्ञात हुआ कि वह व्यक्ति थाना को बिना कुछ सूचना दिए अपने घर चला गया है। प्रथम दृष्टया घटना संदिग्ध प्रतीत होती है । क्योंकि बाद में पुलिस जब संपर्क की तो बोल रहा है कि ऐसे घाव लग गया है। पुलिस मामले की सच्चाई जानने के लिए संबंधित व्यक्ति के घर सत्यापन कर रही और सत्यापन के उपरांत विधि संगत कार्रवाई की जाएगी।

### कोईलवर में 103 पीडीएस दुकानों पर बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**कोईलवर।** स्थानीय कोईलवर प्रखण्ड में सभी राशन वितरण केंद्रों पर राशनकार्ड धारकों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज के लिये आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा दी जाएगी। इस योजना का लाभ उठाने के लिए लोग आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। डीएम राजकुमार के निर्देश पर राशनकार्ड धारको को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई गई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए राशन दुकान पर राशनकार्ड या प्रधानमंत्री का लाभार्थी परिवार के नाम का पत्र होना चाहिए। व्यक्तिगत पहचान के लिए आधारकार्ड या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य फ़ोटो पहचान होना आवश्यक है।

### 27 लीटर शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**गड़हनी।** स्थानीय थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात लहरपा गांव में छापेमारी कर 27 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात लहरपा गांव में देखा कि उक्त आरोपी पुलिस की वाहन देख भागने लगा। पुलिस जवानों ने खदेड़ कर उसको पकड़ा।

### 45 लीटर महुआ शराब बरामद, प्राथमिकी दर्ज

**बक्सर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के केसठ गांव के दो महादलित से स्थानीय थाना की पुलिस ने छापेमारी कर 45 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। उक्त छापेमारी स्थानीय थानाध्यक्ष नंदू कुमार के नेतृत्व में की गई। जहां पुलिस बल को देखते दोनों जगहों के शराब तस्कर घर छोड़ कर फरार हो गए। इस संबंध में दो तस्करों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि केसठ गांव के दक्षिण टोला महादलित बस्ती तथा केसठ अकरौरा महादलित बस्ती में शराब को लेकर छापेमारी की गई। इस दौरान दक्षिण टोला मे प्रकाश मुसहर के घर से दो गैलन में 30 लीटर तथा अकरौरा टोला में शौकीन मुसहर के घर से एक गैलन में 15 लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद की गई। इस संबंध में दोनों तस्करों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### जन विश्वास महारैली में शामिल होंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

**बक्सर।** बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं प्रखंड अध्यक्ष संग तैयारी समिति के पदाधिकारियों की बैठक कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष डॉ मनोज पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि आगामी 3 मार्च 2024 को महागठबंधन की ओर से गांधी मैदान, पटना में आयोजित जन विश्वास महारैली में ज्यादा से





ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता पहुंचेंगे। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, देश के युवाओं की धड़कन राहुल गांधी, पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के नेताओं की बातों को सुनकर आने वाली लोकसभा चुनाव में बिहार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत के लिए संकल्प लेना है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रविवार को काशी-पटना शताब्दी एक्सप्रेस बक्सर से टिकट कटाकर पटना पहुंच महारैली में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए तैयारी समिति के सात सदस्यीय कमेटी प्रखंड से लेकर गांव का दौरा कर रही है। जिनको 2 मार्च को रात्रि में पटना पहुंचने वाले कार्यकर्ताओं के लिए वहां पर रहने और खाने की व्यवस्था की गई है। डॉ पांडेय को सभी कार्यकर्ताओं ने भरोसा देते हुए कहा कि महागठबंधन की रैली में बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से भव्य और उत्साहपूर्ण संख्या के साथ शामिल होंगे। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ प्रमोद ओझा एवं विनय सिंह ने कहा कि बक्सर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता संजय दुबे, त्रिजोगी नारायण मिश्र, जय राम, अजय ओझा, वीरेंद्र राम, महिमा उपाध्याय, भोला ओझा, महेंद्र चौबे, सुनील पांडेय, बबन तुरहा, दीपक कुमार, छोटू, विवेक समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डॉ विनय कुमार मिश्रा बने पीजी भौतिकी विभाग के हेड



**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पीजी भौतिकी विभाग के हेड डॉक्टर विनय कुमार मिश्रा को बनाया गया है। विश्वविद्यालय ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। विभाग के हेड डॉक्टर अशोक कुमार के रिटायर्ड होने पर विश्वविद्यालय ने डॉक्टर विनय कुमार मिश्रा को वरियता के आधार पर हेड बनाया है। योगदान की तिथि से श्री मिश्रा सभी प्रकार के बैंक खातों का संचालन करेंगे।

### तीन जोड़ी नई ट्रेन चलेंगी




**आरा।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को देखते हुए सोनपुर और वैशाली, दानापुर और जोगबनी तथा सहरसा और जोगबनी के मध्य एक-एक जोड़ी नई ट्रेन का चलाया जायेगा। इन ट्रेनों के ठहराव से काफी सुविधा मिलेगी। जिसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी है। गाड़ी सं. 13212/13211 दानापुर-जोगबनी-दानापुर एक्सप्रेस - इस नई ट्रेन का शुभारंभ दिनांक 02.03.2024 को 03220 दानापुर-जोगबनी उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया जायेगा। गाड़ी सं. 03220 दानापुर-जोगबनी उद्घाटन स्पेशल दिनांक 02.03.2024 को दानापुर से 17.00 बजे खुलकर अगले दिन 04.00 बजे जोगबनी पहुंचेगी । इस ट्रेन का नियमित परिचालन दानापुर से दिनांक 05.03.2024 से तथा जोगबनी से दिनांक 06.03.2024 से प्रतिदिन किया जायेगा। दिनांक 05.03.2024 से गाड़ी सं. 13212 दानापुर-जोगबनी एक्सप्रेस दानापुर से 06.10 बजे खुलकर 15.45 बजे जोगबनी पहुंचेगी। इसी तरह दिनांक 06.03.2024 से गाड़ी सं 13211 जोगबनी-दानापुर एक्सप्रेस जोगबनी से 05.00 बजे खुलकर 15.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, सकरी, झंझारपुर, घोगरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, राघोपुर, ललितग्राम, नरपतगंज एवं फारबिसगंज स्टेशनों पर रूकेगी । गाड़ी सं. 13214/13213 सहरसा-जोगबनी-सहरसा एक्सप्रेस - इस नई ट्रेन का शुभारंभ दिनांक 02.03.2024 को 05560 सहरसा-जोगबनी उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया जायेगा । गाड़ी सं. 05560 सहरसा-जोगबनी उद्घाटन स्पेशल दिनांक 02.03.2024 को सहरसा से 17.00 बजे खुलकर 22.00 बजे जोगबनी पहुंचेगी । इस ट्रेन का सहरसा एवं जोगबनी से नियमित परिचालन दिनांक 05.03.2024 से प्रतिदिन किया जायेगा।

# नप चौसा की कचरा प्रबंधन फेल, गंगा नदी के नारा में फेंका जा रहा कूड़ा

निज संवाददाता। बक्सर



नगर पंचायत चौसा में कचरा प्रबंधन पूरी तरह फिसड्डी बना है। 14 वार्डो से निकलने वाले प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा को नगर पंचायत क्षेत्र में ही डंप किया जा रहा है। कचरे का समुचित प्रबंधन को लेकर नगर पंचायत प्रशासन लापरवाह बना है।हालात यह है कि नगर से निकलने वाले कचरों को यत्र-तत्र जमा किया जा रहा है। इससे होने वाले गंदगी व बदबू से इलाके में संक्रमण की आशंका बनी रहती है। नगर के कुल14 वार्डों से हर दिन लगभग 10 क्विंटल से ऊपर कचरा निकलता है,जो विभिन्न जगहों पर यत्र-तत्र जमा किया जा रहा है। सफाई मद में प्रतिमाह लाखों रुपए भी खर्च किये जा रहे है। बावजूद इसके कचरा डम्पिंग के लिए नगर पंचायत प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। लिहाजा,नगर प्रशासन की उदासीनता के कारण सफाई कर्मी भी यत्र-तत्र कचरा जमा करने के लिए मजबूर है।

**गंगा नदी में मिलने वाले नारा के पास कचरा किए जा रहा डंपः** जबकि नियमानुसार संग्रहित किये जाने वाले कचरों को अगल-बगल आबादी वाले जगहों पर खुले में फेंके जाने पर रोक है। सफाई वाहन से भी खुले में कचरा ले जाने के साथ-साथ किसी नदी या किसी सड़क किनारे कचरा डंप करना भी नियम के विरुद्ध है।लेकिन चौसा नगर पंचायत के सफाई कर्मियों द्वारा सारे नियमों को ताक पर रख कार्य किया जा रहा है।नगर पंचायत के वार्डो से निकलने वाले कचरा को उस नारा में डंप किया जा रहा है।जिसके रास्ते नहर का पानी गंगा नदी में गिरता है।जिसके कारण गंगा नदी भी दूषित हो सकती है।

**डंपिंग के लिए नहीं मिला जमीनः** नगर पंचायत के चेयर मैन प्रतिनिधि मनोज यादव द्वारा बताया गया की कचरा डंपिंग का अभी तक जमीन नही मिला है। हमलोगो ने सीओ से जमीन की मांग की है सीओ जैसे ही जमीन दिया जाएगा। वैसे ही जमीन का डीएम द्वारा शिलान्यास कराया जायेगा। वैसे भी सफाई कर्मियों को इधर उधर कचरा फेंकने या गंगा नदी में प्रवाहित करने का आदेश नही दिए है। वहीं जो खाली बिहार सरकार की जमीन है।उसमें नगर पंचायत के कचरा को डंपिंग किया जाता है। नारा के किनारे कचरा डंपिंग का मामला हमारे संज्ञान में नहीं है।वही कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम द्वारा बताया गया की कचरा डंपिंग की जगह खोजा जा रहा है।

**चेयर मैन बोले- डंपिंग के लिए नहीं मिला जमीन**

# दो बाइक की आमने सामने टक्कर, महिला की मौत

निज संवाददाता। बक्सर



**दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, NH 922 पर हुआ हादसा**

बक्सर के दल सागर के पास दो बाइक की सीधी टक्कर में एक महिला की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय लोगों ने आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-922 औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर के पास की है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

**महिला ने मौके पर तोड़ा दमः** औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह की पत्नी 40 वर्षीय उषा देवी (40) अपने मायके प्रतापसागर से बाइक पर सवार हो दलसागर वापस लौट रही थी। एनएच-922 पर दलसागर मोड़ के पास उनकी बाइक की दूसरी बाइक से टक्कर हो गई और दोनों बाइक पर सवार लोग सड़क पर गिर छटपटाने लगे। स्थानीय लोग जब तक सभी को सड़क से उठाते तब तक महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**कार्रवाई में जुटी पुलिसः** थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि दोनों बाइक को कब्जे में ले लिया गया है। एनएचएआई के द्वारा घायल को इलाज के लिए ले जाया गया है। वहीं महिला के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# सड़क हादसे में मां-बेटे जख्मी

निज संवाददाता। आरा

आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के गजराजगंज थाना क्षेत्र के रामपुर मिल्की गांव के समीप शुक्रवार को सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटे जख्मी हो गए। हादसे में मां को ज्यादा चोट लगी है। जबकि बेटा मामूली रूप से जख्मी है। डायल-112 की पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जख्मियों में कारनामेपुर थाना क्षेत्र के कारनामेपुर गांव निवासी गंगा सागर साह की 45 वर्षीय पत्नी कुसुम देवी और 15 वर्षीय पुत्र धीरज साह शामिल है। धीरज साह ने बताया कि शुक्रवार को अपनी मां के साथ बाइक से मौसी की बेटी को देखने के लिए आरा स्थित निजी अस्पताल आ रहा था। इसी दौरान रामपुर मिल्की के समीप बाइक के चक्के के नीचे अचानक ईंट आ गया। जिसके बाद बाइक गिर गई।

**सिर पर लगी चोटः** बाइक पर पीछे बैठी मां गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। जबकि वह मामूली रूप से जख्मी हो गया। डायल 112 नंबर के पुलिस वाहन ने दोनों को इलाज के लिए आरा अस्पताल लाया। चिकित्सक ने बताया कि महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। आरा सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। पटना रेफर कर दिया गया है।




**रिश्तेदार को देखने अस्पताल जा रहे थे, बीच सड़क ईंट की वजह से बाइक हुई अनियंत्रित**

# सड़क हादसे में रिटायर्ड दारोगा की मौत, भाई जख्मी

## शादी समारोह से लौट रहे थे, रास्ते में ट्रक ने रौंदा, ग्रामीणों ने डेढ़ घंटे तक सड़क किया जाम

निज संवाददाता। आरा



बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के केशवा और अवरैया टोला गांव के बीच स्थित ढाबा के समीप शनिवार की सुबह बेलगाम ट्रक ने शादी समारोह से वापस लौट रहे बाइक सवार रिटायर्ड दारोगा और बड़े भाई को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे रिटायर्ड दारोगा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठे उनके बड़े भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

**स्थानीय लोग भड़केः** जख्मी बड़े भाई का इलाज पीरो रेफरल अस्पताल में कराया गया। मृतक धनगाई थाना क्षेत्र के महुरही गांव निवासी चंद्रदीप सिंह के 61 वर्षीय पुत्र व रिटायर्ड दारोगा कामेश्वर सिंह हैं। वह बिहार पुलिस में दारोगा के पद पर कार्यरत थें और वर्ष 2023 के मार्च में बिहिया थाना से रिटायर्ड हुए थे। जबकि जख्मी 67 वर्षीय उनके बड़े भाई जनेश्वर सिंह हैं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीण मुआवजे और आरोपी ट्रक चालक की गिरफ्तारी को लेकर केशवा-अवरैया टोला गांव के बीच शव को रख सड़क जाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक सड़क जाम रहा। सड़क जाम की सूचना पर पीरो थानाध्यक्ष सुबोध कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटाया।

**जख्मी का चल रहा इलाजः** पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक के भतीजे चंदन कुमार ने बताया कि वह उनके पिता जनेश्वर सिंह के साथ बाइक से उडनडीह गांव गुरुवार को उनके ससुराल शादी में गए। शुक्रवार की कि सुबह दोनों भाई बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। इस दौरान ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में उसके चाचा व रिटायर्ड दारोगा कामेश्वर सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठे पिता जनेश्वर सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज पीरो रेफरल अस्पताल में कराया जा रहा है। बताया जाता है कि मृतक रिटायर्ड दारोगा अपने चार भाइयों और चार बहनों में दूसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी रामसती देवी, दो पुत्र विशाल कुमार, अभिषेक कुमार और दो पुत्री अंजू कुमारी और रितु कुमारी है।

# कपड़ा कारोबारी पर फायरिंग, दिनदहाड़े दुकान में घुसे दो लोग

## व्यवसायी ने धक्का देकर बदमाश को गिराया, दूसरा फरार

निज संवाददाता। बक्सर




बक्सर के नया भोजपुर के स्थानीय चौक पर स्थित एक कपड़ा दुकानदार पर जानलेवा हमला किया गया है। इस दौरान दो राउंड फायरिंग की बात कही जा रही है। हालांकि, दुकानदार ने भी साहस का परिचय देते हुए गोली चलाने वाले युवक को धक्का दे दिया।जिसका पिस्टल दूर जा गिरी। इस पर आसपास के लोगों ने गोली चलाने वाले को पकड़ पिटाई करते हुए पुलिस को सौंप दिया।घटना का सीसीटीवी फुटेज भी समाने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक गिरफ्तार कर जांच पड़ताल और आगे की करवाई में जुट गई है।

**जमीन से जुड़ा है मामलाः** नया भोजपुर निवासी कमलेश सिंह स्थानीय चौक पर न्यू फैशन पार्क नाम से कपड़ा दुकान का संचालन करते हैं। करीब डेढ़ महीना पहले वे पुराना भोजपुर के अमन कुशवाहा के पिता से नया भोजपुर ओपी थाना के पास स्थित डेढ़ कट्ठा के एक भूखंड की बिक्री के लिए कुछ रुपए एडवांस लेकर एग्रीमेंट करवाया था। लेकिन अब वह जमीन खरीदना नहीं चाहता था और अपने पैसे वापस मांग रहा था। जबकि कमलेश पैसा देने के लिए समय की मांग कर रहे थे। इसी दौरान अमन शुक्रवार को दिनहाडे एक अन्य युवक के साथ कमलेश की दुकान पर पहुंच गया। दोनों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान कमलेश का आरोप है कि अमन ने तीन राउंड फायरिंग की है। हालांकि, पुलिस अभी फायरिंग की पुष्टि नहीं कर रही है। फायरिंग करने के दौरान ही कमलेश ने उसे धक्का दे गिरा दिया। उसके असंतुलित होते ही आसपास में मौजूद दुकानदारों ने उसे पकड़ लिया। जबकि दूसरा युवक पिस्टल लेकर भागने में सफल रहा। इस सम्बन्ध में डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया की जमीनी विवाद को लेकर झड़प और गोली चलाने की बात सामने आई है। जिसमें एक युवक को गिरफ्तार किया गया जिससे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद मामला स्पष्ट हो पायेगा। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई है। जिसमें कमलेश के दुकान के बगल में स्थित दुकान के बाहर पिस्टल गिरा दिखाई भी पड़ रहा है।

# 25 हजार के इनामी अपराधी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने 25,000 के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। वांछित की गिरफ्तारी चांदी थाना क्षेत्र के चांदी चौक से हुई है। पकड़ा गया अपराधी मूल रूप से चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी सनोज कुमार उर्फ सुईया है। एएसपी परिचय कुमार ने कहा कि पकड़े गए अपराधी का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। जिसको लेकर 25 हजार का इनाम घोषित हुआ था। साथ ही टॉप टेन सूची में भी शामिल था। एएसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शातिर अपराधी चंडी चौक के पास किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में घूम रहा था। इसके बाद टीम का गठन किया गया।

**पहले से आपराधिक इतिहास रहा हैः** टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सुईया के खिलाफ पूर्व में चांदी, मुफस्सिल और उदवंतनगर में लूट, आर्म्स और चोरी के पांच मामले दर्ज है। एएसपी ने बताया कि 28 अक्टूबर की शाम इंडसइंड बैंक के स्टाफ आरा ऑफिस से अपने गांव कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडिहां वापस लौट रहे थे। तभी चांदी-जमीरा गांव के समीप हथियारबंद अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की थी। तभी से पुलिस वांछित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी।



**बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में था, लूट-आर्म्स और चोरी के मामले दर्ज**

# प्रमुख, उप प्रमुख व 6 पंचायतों में उपमुखिया नहीं, 13 से चुनाव

निज संवाददाता। बक्सर

जिले के राजपुर प्रखंड समेत 6 पंचायत में 13 मार्च को क्रमशः प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख तथा उप मुखिया का चुनाव होगा। जिसको लेकर डीएम अंशुल अग्रवाल ने प्रेक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर दी है। बता दें कि पंचायत समिति राजपुर के प्रमुख एवं उपप्रमुख तथा विभिन्न प्रखंडों में उप मुखिया के रिक्त पद पर निर्वाचन के लिए 13 मार्च को तिथि निर्धारित कर दिया गया है। इसके साथ ही निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनावी प्रक्रिया संचालित करने के लिए जिला स्तर से पदाधिकारियों को प्रेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान इन प्रेक्षकों की उपस्थिति में संबंधित प्रखंड व पंचायत में चुनाव कराया जाएगा। राजपुर प्रखंड में प्रमुख व उप प्रमुख, बक्सर प्रखंड के अर्जुनपुर पंचायत में उप मुखिया, बक्सर प्रखंड के वरुणा पंचायत में उप मुखिया, डुमरांव प्रखंड के अरियांव पंचायत में उप मुखिया, चौगाई प्रखंड के मसहरियां में उप मुखिया, इटाढ़ी प्रखंड के हरपुर जयपुर पंचायत में उप मुखिया तथा ब्रह्मपुर प्रखंड की निमेज पंचायत में उप मुखिया का चुनाव कराया जाएगा। संबंधित प्रखंड व पंचायतों में 13 मार्च को चुनाव कराया जाएगा। जिसको लेकर विभिन्न प्रखंड और पंचायत के लिए डीएम द्वारा पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति पर्यवेक्षक के रूप में कर दी गई है।

# कोर्ट के बाहर गोलीबारी मामले में 3 नामजद, तारीख पर आए बुजुर्ग को मारी थी गोली

निज संवाददाता। आरा

नवादा थाना क्षेत्र के सिविल कोर्ट गेट के समीप गोलीबारी हुई थी। तारीख पर आए बुजुर्ग गोपाल चौधरी को गोली मारी गई थी। इस मामले में 3 नामजद और 3 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हुई है। घायल के पुत्र गौतम के बयान पर धनगाई थाना क्षेत्र के दलीपपुर गांव निवासी सुशील शाह, उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी रणजीत चौधरी और पूर्व में मारे गए हेमंत चौधरी का बेटा मनीष चौधरी को नामजद किया गया है। इसके अलावा तीन अज्ञात को भी आरोपित बनाया गया है।

**29 फरवरी को कोर्ट गेट पर मारी थी गोलीः** एसपी प्रमोद कुमार ने सदर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। घायल के पुत्र गौतम ने कहा है कि 29 फरवरी को अपने पिता के साथ तारीख पर आए हुए थे। उनके साथ गांव के सुरेश सिंह भी थे। कोर्ट से डेट मिलने के बाद दोपहर 1:10 पर अपने घर जाने के लिए जैसे ही कोर्ट गेट से बाहर निकले। तभी बाइक स्टैंड के पास अचानक सुशील साह, रंजीत चौधरी, मनीष चौधरी और तीन अज्ञात ने फायरिंग शुरू कर दी।

**कान पीछे लगी है गोलीः** सुशील साह ने जान मारने के नीयत से पिता को गोली मारी। बुलेट कान के पिछले हिस्से में लगी है। किसी तरह जान बचाकर कोर्ट की ओर भागे। जिससे जान बच गई। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि प्राथमिकी के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द सभी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।


घायल के बेटे के बयान पर प्राथमिकी दर्ज